श्रावण शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 6 अगस्त 2024
वर्ष 4, अंक 170, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

चोटिल पहलवान निशा क्वार्टर फाइनल में हारीं 13

एक्टर्स हमेशा से ही प्रभावशाली होते हैं : सोनम 14

एमआई-17 व चिनूक हेलीकॉप्टर से 133 लोग किए एयरलिफ्ट

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : केदारघाटी में आपदा में प्रभावितों की मदद को राहत एवं बचाव कार्य जारी है। मौसम साफ होने की वजह से पांचवे दिन सोमवार को एमआई-17 व चिनूक हेलीकॉप्टर ने भी उड़ान भरी। रेस्क्यू में जुटी टीमों ने विभिन्न पड़ावों से यात्रियों को लाया गया। हेली सेवा से 133 यात्रियों को केदारनाथ से सुरक्षित रेस्क्यू कर लाया गया। सेना की चिकित्सकीय टीम द्वारा यात्रियों का मेडिकल चेकअप भी किया जा रहा था।

सोमवार को केदार घाटी का मौसम साफ होने से रेस्क्यू में जुटी टीमों को आसानी रही। सुबह से ही एमआई 17 और चिनूक से एयर लिफ्ट रेस्क्यू शुरू हो गया था। एमआई हेलीकॉप्टर ने यात्रियों को चारधाम हेलीपैड पर उतारा जबकि चिनूक ने गौचर हवाई पट्टी पर यात्रियों को उतारा। सुबह 09 बजे तक 133 लोगों को केदारनाथ से एमआई एव चिनूक एवं छोटे हेलीकॉप्टर की मदद से सुरक्षित एयर लिफ्ट कर रेस्क्यू किया जा चुका था। उधर, स्निफर डॉग की मदद से सर्च अभियान जारी है। लिनचोली से रामबाड़ा क्षेत्र तक सर्च अभियान पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा एनडीआरएफ की टीमें जंगल एव मंदाकिनी नदी के आसपास भी लगातार सर्च अभियान चला रही हैं। वहीं करीब 100 लोगों को केदारनाथ धाम से लिंनचोली हेलीपैड के लिए रवाना किया गया। सोनप्रयाग में मंदाकिनी नदी में अस्थायी पुल बनाया गया है।

रेस्क्यू कर लाए गए यात्रियों को हेलीकॉप्टर में बैठाते सेना के जवान और चिनूक हेलीकॉप्टर में सवार यात्री।

- केदारनाथ आपदा में तलाशी में ली जा रही स्निफर डॉग की मदद

बीती 31 जुलाई को हुई अतिवृष्टि से केदारनाथ पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया था। जिससे मार्ग पर पड़ने वाले विभिन्न पड़ावों पर हजारों तीर्थयात्री व स्थानीय लोग फंस गए थे। इन पड़ावों पर फंसे लोगों को सकुशल लाने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ पुलिस का संयुक्त अभियान जारी है। रविवार से रेस्क्यू की कमान सेना के हाथों में है। सेना के जवान लोगों रेस्क्यू कर लाए जा रहे लोगों का मेडिकल चेकअप भी कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त सेना के जवान बंद मार्गों को खोलने में भी जुटे हैं।

यात्रा 15 दिनों में शुरू कराने को कवायद

ब्यूरो, रुद्रप्रयाग

अमृत विचार : केदारनाथ पैदल यात्रा दोबारा जल्दी शुरू कराने को कवायद तेज हो गई है। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारियों ने केदारघाटी के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का पैदल निरीक्षण के साथ ही हवाई सर्वेक्षण किया। निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने पैदल यात्रा 15 दिन में सुचारू करने के लिए संबंधित विभागों से सुझाव मांगे हैं। साथ ही उन्होंने अनिवार्य पुनर्निर्माण कार्यों का एस्टीमेट तैयार कर 2 से 3 दिनों के भीतर कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए।

लोक निर्माण विभाग सचिव पंकज पांडेय, सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद सुमन, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग दयानंद ने सोमवार को केदारघाटी के प्रभावित क्षेत्रों का पैदल निरीक्षण एव हवाई सर्वेक्षण किया। क्षतिग्रस्त मार्गों का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सोनप्रयाग से गौरीकुंड के बीच वाशआउट सड़क मार्ग को पुर्नस्थापित करने के लिए प्राथमिकता से प्लानिंग तैयार कर अविलंब कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

केदारघाटी में सोमवार को अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। ● अमृत विचार

- वरिष्ठ अधिकारियों ने किया केदारघाटी का स्थलीय व हवाई निरीक्षण
- पुनर्निर्माण कार्यों का एस्टीमेट बनाकर 2-3 दिनों में कार्य शुरू करने के निर्देश

एक नजर

तस्करी माडयूल का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान स्थित तस्कर राणा दयाल गिरोह के एक सदस्य को गिरफ़्तार कर सीमा पार तस्करी करने वाले माड्यूल का पर्दाफाश किया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान राजवंत सिंह उर्फ राजू निवासी गाँव अटलगढ़ अमृतसर के तौर पर हुई है। पुलिस टीमों ने उसके कब्जे से दो मैगजीन सहित दो आधुनिक 9 एमएम ग्लॉक पिस्टल बरामद की हैं।

पुलिस निरीक्षक का शव पेड़ पर लटका मिला

बेंगलुरु। बेंगलुरु पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) में तैनात एक निरीक्षक सोमवार को शहर के बाहरी इलाके बिदादी में एक सुनसान स्थान पर मृत पाया गया। पुलिस ने कहा कि 50 वर्षीय निरीक्षक थिम्मेगौड़ा का शव शहर के बाहरी इलाके में एक पेड़ की शाखा के सहारे लगाए गए फंदे से लटका पाया गया। पुलिस ने बताया कि उसे हाल ही में सीसीबी की आर्थिक अपराध शाखा में तैनात किया गया था।

दो सगे भाइयों की करंट लगने से मौत

नरसिंहपुर। मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले के पुलिस थाना मुंगवानी के गाडरवाडाखेडा गांव निवासी दो सगे भाई सोमवार की दोपहर खेत में यूरिया डालने के लिए गए थे, तभी उनको खेत में ट्यूबबेल के तार का करंट लग गया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार अतुल कहार एवं आकाश कहार जो 10वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ते थे, वह अपने खेत में यूरिया डालने के लिए गए थे। तभी खेत पर ट्यूबबेल के तार से वह करंट की चपेट में आ गए। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है।

मध्य प्रदेश में बस पलटने से 30 लोग घायल

सीहोर। मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में सोमवार को एक बस पलटने से 30 लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना रेहटी थाना क्षेत्र के देलावाड़ी गांव में उस वक्त हुई, जब बस भोपाल से लाडकुई जा रही थी। रेहटी थाने के उपनिरीक्षक नंदराम अहिरवार ने बताया कि चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे बस पलट गई। बस में 35 यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि कम से कम 30 लोग घायल हुए हैं।

बांग्लादेश में तख्ता पलट

शेख हसीना ने छोड़ा देश

- आरक्षण विरोधी प्रदर्शन के चलते दिया प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा
- प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री के आवास पर बोला धावा, तोड़फोड़
- सेना प्रमुख जनरल जमां ने की अंतरिम सरकार बनाने की घोषणा

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में कोटा (आरक्षण) को लेकर सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बीच सोमवार को सेना के तख्तापलट के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। देश में जारी हिंसक प्रदर्शन सोमवार की सुबह हसीना के आधिकारिक आवास गणभवन तक पहुंच गया, जिससे उनकी जान को खतरा पैदा हो गया। प्रदर्शनकारियों के गणभवन पहुंचने से पहले ही वे देश छोड़कर रवाना हो गई। सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमां ने सभी दलों की भागीदारी से अंतरिम सरकार के गठन की घोषणा की है। जानकारी मिली है कि हसीना (76) ने सेना प्रमुख को अपना इस्तीफा सौंपा है। ढाका ट्रिब्यून में जनरल जमां के हवाले से कहा गया है कि हमने सभी राजनीतिक दलों के साथ सार्थक चर्चा के बाद देश में अंतरिम सरकार बनाने का फैसला किया है। हम स्थिति को सुलझाने के लिए अब राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन से बात करेंगे।

सेना प्रमुख ने विरोध के नाम पर सभी तरह की हिंसा को रोकने का आह्वान किया और कहा कि नई सरकार भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के दौरान हुई सभी मौतों के लिए न्याय सुनिश्चित करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हसीना को सेना प्रमुख की ओर से 45 मिनट का अल्टीमेटम दिए जाने के बाद जबरन निर्वासित कर दिया गया। उनके देश से रवाना होने की खबर मिलते ही हजारों प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को उनके सरकारी आवास पर धावा बोल दिया। रिपोर्ट के अनुसार, हसीना अपराह्न अपने आवास से सैन्य हेलिकॉप्टर से किसी अज्ञात स्थान के लिए रवाना हो गई। उनके साथ छोटी बहन शेख रेहाना भी हैं।

हिंडन एयरबेस पर उतरा हसीना का विमान

नई दिल्ली। बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद सोमवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने वाली शेख हसीना का विमान लंदन जाने के दौरान गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरबेस पर उतरा। राजनयिक सूत्रों ने बताया कि हसीना बांग्लादेश वायुसेना के एक सी-130 जे सैन्य परिवहन विमान से भारत पहुंचीं। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि हसीना इसी सैन्य परिवहन विमान से ही भारत से आगे जाएंगी या किसी अन्य विमान से लंदन जाएंगी। हसीना के अपनी बेटी साइमा वाजिद से मिलने की संभावना है, जो दिल्ली में विश्व स्वास्थ्य संगठन की दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए क्षेत्रीय निदेशक हैं।

बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ाई गई

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफे और पड़ोसी देश में अंतरिम सरकार के आसन्न गठन के मद्देनजर यहां बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ा दी है। एक अधिकारी ने बताया कि अगर हसीना राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में उतरती हैं, तो उसको ध्यान में रखते हुए इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। उच्चायोग के बाहर और अधिक बैरिकेड्स लगा दिए गए हैं और पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है।

बांग्लादेश से लगी सीमा पर हाई अलर्ट

नई दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल ने सोमवार को बांग्लादेश में हुए घटनाक्रम के मद्देनजर 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी सभी यूनिट के लिए सोमवार को 'हाई अलर्ट' जारी किया। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के कार्यवाहक महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी और अन्य वरिष्ठ कमांडर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए कोलकाता पहुंच गए हैं। महानिदेशक ने 'उत्तर 24 परगना' जिला और सुंदरबन इलाके में तैयारियों की समीक्षा की।

जयशंकर ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

नई दिल्ली। बांग्लादेश में हुए घटनाक्रम के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। बांग्लादेश की नेता शेख हसीना भारत के रास्ते लंदन जा रही हैं। माना जाता है कि जयशंकर ने प्रधानमंत्री मोदी को पड़ोसी देश में बदलते घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। हालांकि, बैठक के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने पद से इस्तीफा दे दिया है और अब अंतरिम सरकार कार्यभार संभालेगी।

सजा में छूट : देरी पर उप्र सरकार को लगाई फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने दिए कारागार सचिव को पेश होने के निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने निर्धारित समय सीमा के भीतर सजा में छूट संबंधी अर्जियों पर विचार करने के आदेश का पालन नहीं करने पर सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई और कारागार विभाग के प्रमुख सचिव को 19 अगस्त को कोर्ट के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश होने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राज्य की नीति के अनुसार सजा में छूट देने का अनुरोध करने वाली एक दोषी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हम व्यवस्था को ठीक करना चाहते हैं।

न्यायालय ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पेश वकील द्वारा फिर से समय मांगने पर कड़ी आपत्ति जताई। पीठ ने कहा कि चार महीने बीत चुके हैं। आप फिर से दो और महीने का वक्त मांग रहे हैं। कहा कि आरोपियों की सजा में छूट की अर्जियों पर विचार करने के लिए इस अदालत द्वारा पारित आदेश का उप्र सरकार द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है।

मदरसा शिक्षा अधिनियम पर होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगा, जिसमें उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को रद कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने पांच अप्रैल को हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए कहा था कि फैसले के खिलाफ सात याचिकाओं में उठाए गए मुद्दे गहन विचार-विमर्श योग्य हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह इन याचिकाओं को अंतिम निपटारे के लिए 13 अगस्त को सूचीबद्ध करेगी।

राज्य में बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस : धामी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। उत्तराखंड सरकार भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर जोर दे रही है। उन्होंने एआई मिशन को सफल बनाने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री धामी सोमवार को मुख्य सेवक सदन मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित 'एआई फॉर उत्तराखंड' सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एआई के सहयोग से इकोलॉजी, इकोनॉमी, टेक्नोलॉजी, अकाउंटेबिलिटी और सतत विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास होगा। सभी विशेषज्ञ और तमाम दायित्व का निर्वहन कर रहे लोगों को भी एआई की जानकारी हासिल करनी होगी।

- सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 'एआई फॉर उत्तराखंड' सेमिनार में की घोषणा

<< एआई फॉर उत्तराखंड सेमिनार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में साइंस टेक्नोलॉजी और इनोवेशन नीति के साथ एआई टेक्नोलॉजी को विकसित करने का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। वैज्ञानिक अनुसंधान और जीवन में क्रांतिकारी बदलाव एआई के जरिये आए हैं। सीएम ने कहा कि हमारा राज्य प्राकृतिक संसाधन, सांस्कृतिक धरोहर, उत्कृष्ट मानव संसाधन से संपन्न है। ऐसे में एआई का बेहतर इस्तेमाल करने पर इन संसाधनों का प्रयोग बेहतर तरीके से किया जा सकता है। राज्य में आपदा, क्लाइमेट चेंज को और अधिक समझने में एआई की मदद से प्रभावी ढंग से कार्य किया जा सकता है। प्रदेश के विभिन्न संस्थानों, इंस्टीट्यूट के सहयोग से एआई के लिए प्रभावी तंत्र बनाने पर कार्य करेंगे। महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत ने कहा कि एआई को राज्य के विकास से जोड़ते हुए कृषि, पर्यटन, गुड गवर्नेंस, लाइवलीहुड, स्वास्थ एवं अन्य क्षेत्र में कार्य करना है।

सीबीआई के मुकदमे में केजरीवाल को नहीं मिली राहत

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले में आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई की ओर से दर्ज मुकदमा रद किए जाने और जमानत के लिए दायर उनकी याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने कहा कि सीबीआई के पास केजरीवाल को गिरफ्तार करने का पर्याप्त कानूनी आधार था। उन्होंने कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी न्यायोचित कारण के की गई। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को निचली अदालत जाने की छूट दी।

उपराज्यपाल नियुक्त कर सकते हैं नगर निगम में एल्डरमैन

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने दिया फैसला- सरकार की सलाह मानने के लिए बाध्य नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि कानून दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) को एमसीडी (नगर निगम) में एल्डरमैन नामित करने का अधिकार देता है और वह इस मामले में मंत्री परिषद की सलाह मानने के लिए बाध्य नहीं हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने दिल्ली सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें मंत्री परिषद की सलाह माने बगैर दिल्ली नगर निगम में 10 एल्डरमैन नामित करने के उपराज्यपाल के अधिकार को चुनौती दी गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर करीब 15 महीने तक फैसला सुरक्षित रखा था। पीठ ने कहा कि 1993 में संशोधित दिल्ली नगर निगम कानून में प्रदत्त शक्ति उस वैधानिक योजना को प्रदर्शित करती है, जिसमें कानून के तहत प्राधिकारियों के बीच शक्तियां और कर्तव्य बांटे जाते हैं।

लोकतंत्र के लिए झटका : आप

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने सोमवार को कहा कि पार्टी दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में एल्डरमैन नामित करने के उपराज्यपाल के अधिकार को बरकरार रखने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सम्मानपूर्वक असहमति व्यक्त करती है। इस फैसले को भारत के लोकतंत्र के लिए बड़ा झटका भी बताया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला उपराज्यपाल को निर्वाचित सरकार की अनदेखी करने का अधिकार देता है।

शेयर बाजार धड़ाम, 15 लाख करोड़ रुपये डूबे

मुंबई, एजेंसी

- सेंसेक्स 2.74 प्रतिशत और निफ्टी 2.68 प्रतिशत गिरा
- वैश्विक बाजारों में गिरावट से घरेलू बाजार भी लुढ़का

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को जोरदार गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 2,200 अंक से अधिक का गोता लगा गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 662 अंक की बड़ी गिरावट आई।

दुनिया के अन्य देशों के शेयर बाजारों में गिरावट के रुख के बीच बैंक, आईटी, धातु तथा तेल एवं गैस शेयरों में चौतरफा बिकवाली से बाजार नीचे आया। इस गिरावट से निवेशकों को एक दिन में 15 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सेंसेक्स 2,222.55 अंक यानी 2.74 प्रतिशत लुढ़क कर एक महीने से अधिक के निचले स्तर 78,759.40 अंक पर बंद हुआ। बाजार में चार जून, 2024 के बाद एक दिन में यह सबसे बड़ी गिरावट है। उस दिन यह 2,686.09 अंक टूटकर 78,295.86 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 662.10 अंक यानी 2.68 प्रतिशत का गोता लगाकर 24,055.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 824 अंक लुढ़क कर 23,893.70 अंक तक आ गया था।

आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में सुरक्षा बलों ने हथियार और गोला-बारूद के साथ तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि अनंतनाग पुलिस, सेना की एक राष्ट्रीय राइफल और 90 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक संयुक्त टीम ने तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बलों ने उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों आतंकवादी सहयोगियों की पहचान हसनपोरा तवेला निवासी दाऊद अहमद डार, इम्तियाज अहमद रेशी और शाहिद अहमद डार के रूप में हुई है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा-डेथ चैंबर बन गए हैं कोचिंग सेंटर

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर मांगा जवाब
- बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन छात्रों की हो गई थी मौत

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह दिल्ली के राजेंद्र नगर इलाके में स्थित एक कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भरने के कारण सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत के मामले का सोमवार को स्वतः संज्ञान लिया और केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी करके जवाब-तलब किया।

शीर्ष अदालत ने साथ ही कहा कि कोचिंग सेंटर 'डेथ चैंबर (मौत का कुआं)' बन गए हैं और छात्रों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में हाल में घटी यह घटना सभी के लिए आंखें खोलने वाली है।

27 जुलाई को यहां ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में राव आईएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट पुस्तकालय में भारी बारिश के बाद पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की डूबने से मौत हो गई थी। पीठ ने कहा कि हम जो पढ़ रहे हैं वह भयानक है। अगर जरूरत पड़ी तो हम इन कोचिंग सेंटरों को बंद भी कर देंगे। फिलहाल कोचिंग ऑनलाइन ही चलनी चाहिए, जब तक कि इमारत नियमों और अन्य सुरक्षा मानदंडों का सावधानीपूर्वक पालन न हो जाए।

कोर्ट ने दिल्ली कोचिंग सेंटर हादसे का लिया स्वतः संज्ञान

कोचिंग सेंटरों की अपील खारिज, लगाया जुर्माना

शीर्ष अदालत ने कोचिंग सेंटरों के एक संघ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले का संज्ञान लिया, जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट के दिसंबर 2023 के आदेश को चुनौती दी गई थी। उक्त आदेश में दिल्ली की अग्निशमन सेवाओं और नगर निकाय को सभी कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे अग्नि सुरक्षा मानदंडों का अनुपालन कर रहे हैं या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को अगंभीर बताते हुए एसोसिएशन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए अपील खारिज कर दी।

यह घटना सभी के लिए आंख खोलने वाली

पीठ ने कहा कि हाल ही में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना सभी के लिए आंख खोलने वाली है। इसलिए, हम कार्यवाही के दायरे का विस्तार करना और केंद्र एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को नोटिस जारी करना उचित समझते हैं, ताकि वे कारण बताएं कि अब तक क्या सुरक्षा मानदंड निर्धारित किए गए हैं और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्या प्रभावी तंत्र विकसित किया गया है।

एक नजर

डीएसए की गतिविधियों पर कैमरों से रखी जाएगी नजर

नैनीताल : नैनीताल डीएसए मैदान की गतिविधियों पर नजर रखने व सुरक्षा के लिए संस्था की ओर से 12 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद डीएसए भवन व खेल मैदान में नजर रखना आसान हो जाएगा। सचिव अनिल गड़िया ने बताया कि डीएसए भवन, कार्यालय, चेंजिंग रूम में 10 व मैदान की ओर दो कैमरे लगाए गए हैं। 65 हजार की लागत से 12 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिनको वाईफाई से भी कनेक्ट कर दिया गया है। कैमरे लगने से खिलाड़ियों के सामान की सुरक्षा के साथ ही मैदान की गतिविधियों में नजर रखी जा सकेगी।

विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण

भीमताल : राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ौन ओखलकांडा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापिका उमा जोशी ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा करना सबकी जिम्मेदारी है। इसके लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। शिक्षक धर्मेन्द्र सिंह बसेड़ा ने कहा कि पहाड़ों में भूस्खलन की समस्या को पौधे लगाकर कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में मिथिलेश, प्रियंका सिंह, रघुवर सिंह, पुष्कर सिंह मेहता, हेमा बोरा, दीपा मौजूद थे।

मारपीट व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में दोषी करार

नैनीताल : जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससीएसटी एक्ट) सुबीर कुमार ने अनुसूचित जाति के व्यक्ति के साथ मारपीट एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने एवं जान से मारने की धमकी देने वाले अभियुक्त को दोषी ठहराया है। अभियोजन के अनुसार 27 मार्च 2021 को थाना कालाढूंगी में अभियुक्त वीरेंद्र मयाल के विरुद्ध मोहन राम पुत्र स्व. रामू राम निवासी नाथूजाला कोटाबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अनुसूचित जाति का है और काश्तकारी करता है। घटना के दिन गांव के ही वीरेंद्र मयाल ने मोहन राम के घर के सामने आकर गाली-गलौज व जाति सूचक शब्दों कर प्रयोग कर उसे अपमानित किया। मोहन राम का भाई पुष्कर राम इस गांव का ग्राम प्रधान है। उनके खिलाफ भी आपत्तिजनक शब्द कहे और ग्राम पंचायत के बजट का दुरुपयोग करने के गंभीर आरोप लगाए। विरोध करने पर मारपीट की। गवाहों के बयान व अन्य साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराया है।

पार्किंग ने खड़ी पर्यटक की कार ले गया पार्किंग कर्मी

नैनीताल : मल्लीताल पार्किंग क्षेत्र में पार्क पर्यटक के वाहन को बिना अनुमति ले जाना पार्किंग कर्मी को महंगा पड़ गया। कार क्षतिग्रस्त देख पर्यटक ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। रविवार को पंजाब निवासी ओम सिंह परिजनो के साथ घूमने नैनीताल आया था। उन्होंने अंडा मार्केट क्षेत्र स्थित पार्किंग स्थल में अपनी कार पार्क कर दी। पार्किंग संचालक की ओर से पर्यटक से कार की चाबी भी मांग ली गई। लेकिन रात को बिना बताए पार्किंग कर्मी पर्यटक की कार लेकर घूमने निकल गया। इस दौरान कार क्षतिग्रस्त हो गई। जब पर्यटक ने सोमवार सुबह अपनी कार क्षतिग्रस्त देखी तो हैरान रह गया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि पार्किंग कर्मी ने नुकसान की भरपाई करने की बात कही है।

हल्द्वानी में एक-एक बेसमेंट की होगी जांच

मंडलायुक्त ने कहा- बेसमेंट में सुरक्षा मानकों से खिलवाड़ व नियमों की अनदेखी पर होगी दंडात्मक कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दिल्ली कोचिंग हादसे के बाद प्रशासन बेसमेंट को लेकर सख्त हो गया है। प्रशासन ने सिर्फ बेसमेंट में चल रही कोचिंग सेंटर ही नहीं बल्कि प्रत्येक व्यावसायिक भवन के बेसमेंट की जांच करने का फैसला किया है। इसमें बेसमेंट में सुरक्षा के मानक व स्वीकृत मानचित्र के अनुसार पार्किंग/व्यावसायिक इस्तेमाल की जांच होगी। नियमों के खिलाफ बेसमेंट के इस्तेमाल पर भवन स्वामी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कुमाऊं की आर्थिक राजधानी एवं सबसे बड़े महानगर हल्द्वानी में कालाढूंगी रोड, नैनीताल रोड, बरेली रोड और रामपुर रोड पर बने व्यावसायिक भवनों के बेसमेंट में धड़ल्ले से कोचिंग सेंटर, रेस्टोरेंट, पैथलॉजी लैब, एमआईआर सेंटर, दुकानें, बुटीक, गोदाम वगैरह संचालित हो रहे हैं। सुरक्षा मानकों व नियमों को ताक पर रखकर हो रहे बेसमेंट का इस्तेमाल करने वालों की अब खैर नहीं। मंडलायुक्त दीपक रावत की निगरानी में हल्द्वानी के हर व्यावसायिक भवन के बेसमेंट की जांच की जाएगी। प्रशासन, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, नगर निगम, अग्निशमन विभाग एक-एक बेसमेंट का स्थलीय निरीक्षण करेगा। इस निरीक्षण में दो पहलूओं पर जांच की जाएगी, पहला स्वीकृत मानचित्र में बेसमेंट में पार्किंग दर्शाई गई है अथवा नहीं। यदि पार्किंग दर्शाई गई है लेकिन उसका व्यावसायिक इस्तेमाल होता मिला तो कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं, जांच का दूसरा बिंदु सुरक्षा मानक होंगे। स्वीकृत मानचित्र में बेसमेंट में पार्किंग नहीं दर्शाई गई है तो सुरक्षा मानक जैसे जलभराव की स्थिति में पानी निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम, एंट्री और एग्जिट के अलग-अलग गेट, वेंटीलेशन, ऊंचाई वगैरह की जांच की जाएगी। यदि मानक पूरे नहीं मिलते हैं तो नियमानुसार कार्रवाई होगी। संभावना है कि प्रशासन इस सप्ताह से ही शहर के सभी व्यावसायिक भवनों के बेसमेंट की जांच शुरू कर सकता है।

कालाढूंगी रोड स्थित मुखानी चौराहे के आगे बना कपिल कॉम्प्लैक्स। ● अमृत विचार

सिर्फ कोचिंग सेंटर ही क्यों, ऐसे बेसमेंट जिसमें रेस्टोरेंट, दुकानें, लैब वगैरह संचालित हो रहे हो सबकी जांच की जाएगी। इसके लिए जल्द ही अभियान शुरू होगा। हर व्यावसायिक भवन के बेसमेंट में सुरक्षा के मानक अलग-अलग एंट्री व एग्जिट, ड्रेनेज सिस्टम, वेंटीलेशन वगैरह देखा जाएगा। साथ ही स्वीकृत मानचित्र में बेसमेंट के इस्तेमाल को देखा जाएगा। यदि मानचित्र में पार्किंग व मौके पर कुछ और मिलता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। **-दीपक रावत**, मंडलायुक्त कुमाऊं

ताक पर छात्रों की सुरक्षा, धड़ल्ले से चल रहे कोचिंग सेंटर

हल्द्वानी : दिल्ली में बारिश से एक इमारत के बेसमेंट में पानी भर गया और बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर के तीन छात्रों की मौत हो गई। इतने बड़े हादसे के बाद भी कोचिंग सेंटर संचालक सबक लेने को तैयार नहीं हैं। प्रशासन और पुलिस के बाद जब दमकल ने पड़ताल शुरू की तो सुरक्षा मानकों को ताक पर पाया। पूर्व की तरह दमकल ने भी कोताही बरतने वाले कोचिंग सेंटर मालिकों को नोटिस जारी किया है। 31 जुलाई से दमकल विभाग की टीम कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा मानकों की जांच कर रही है। इस दौरान हल्द्वानी के करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा कोचिंग सेंटर ऐसे मिले, जहां अग्निशमन उपकरण तो थे, लेकिन खराब या एक्सपायर हो चुके थे। सीएफओ गौरव किरार ने बताया कि जिन शिक्षण संस्थानों में चेकिंग के दौरान खामियां पाई गईं उन्हें नोटिस देकर मानक पूरे करने और उसकी रिपोर्ट विभाग को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। अगर ऐसा नहीं होता है तो कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्कूलों में दमकल की टीमों ने अग्निशमन उपकरणों को चलाकर उनके इस्तेमाल का प्रशिक्षण स्टाफ को दिया।

रश्मि, गौरव और सविता विजेता

▸▸ हरमन माइनर डिग्री कॉलेज में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य योजना आयोग की ओर से जिला आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग ने हरमन माइनर डिग्री कॉलेज को राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला के लिए चयनित किया। इस कार्यशला में स्नातक एवं बीएड के छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें छात्रों को सतत् विकास लक्ष्य से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजू नेगी, नितिन भगवाल और राहुल कुमार ने किया। मुख्य अतिथि जिला आर्थिक एवं सांख्यिकी अधिकारी डॉ. मुकेश सिंह नेगी ने छात्रों को सतत् विकास के लक्ष्य के बारे में विस्तार से बताया। विभाग के सहायक सांख्यिकी अधिकारी हरिशंकर मिश्रा, सुरेश लाल और ललित मोहन तिवारी ने प्रतियोगिता संपन्न कराई। संस्थान की प्राचार्य डॉ. मुक्ता ने छात्रों को एसडीजी से संबंधित जानकारी दी। प्रतियोगिता में रश्मि प्रथम, गौरव गोस्वामी द्वितीय और सविता भट्ट तृतीय रहे। विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीना नेगी, डॉ. हेमा मेहरा, राजेन्द्र सिंह खाती, नीरज कुमार, गणेश चन्द्र, राम कृष्ण आर्या, शीतल सिंह मौर्य, डॉ. पूनम मेहता, नेत्र प्रसाद, पूजा आर्या, डॉ. सतीश चन्द्र, डॉ. विनीता रॉय, मुकेश आर्या रहे।

विजेता छात्रों के साथ प्राचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

हाईकोर्ट के आदेश के बाद बीमा कंपनी ने दी धनराशि

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने स्टार हेल्थ एलाइड इंश्योरेंस कंपनी द्वारा ग्राहक के साथ आवश्यकता पर गैरजिम्मेदाराना व्यवहार करने के आरोप में बार एसोसिएशन के पत्र का संज्ञान लेकर जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की।

सोमवार को हुई सुनवाई में बीमा कंपनी की ओर से कहा गया कि उन्होंने ग्राहक को पॉलिसी के अनुसार उपचार के लिए आर्थिक मदद कर दी है। इसको आधार मानते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने याचिका निस्तारित कर दी। मामले के अनुसार हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत व महासचिव सौरभ अधिकारी ने मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ के सामने पत्र पेशकर कहा था कि हाईकोर्ट के अधिवक्ता को तीन दिन पूर्व ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। उन्हें पहले बीडी पांडे अस्पताल फिर कृष्णा नर्सिंग होम हल्द्वानी में उन्हें 72 घंटे आईसीयू में रखने के बाद मैक्स अस्पताल में 31 जुलाई को उनका ऑपरेशन हुआ। अधिवक्ता के पास स्टार हेल्थ एलाइड इंश्योरेंस कंपनी की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी है, लेकिन इस कंपनी ने तत्काल वित्तीय सहायता देने से इनकार कर दिया।

खुपी में भूस्खलन रोकने को 30 लाख का प्रस्ताव

संवाददाता, नैनीताल

▸▸ भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का कराया जाएगा जियोलॉजिकल सर्वे

अमृत विचार : जिले के खुपी गांव में लंबे समय से हो रहे भूस्खलन को रोके जाने और प्रभावितों को राहत दिए जाने को लेकर सिंचाई विभाग में 30 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाया है ताकि गांवों को भूस्खलन और भूस्खलन की जद में आए घरों को सुरक्षित बचाया जा सके।

जानकारी देते हुए सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया खुपी गांव में हो रहे भूस्खलन की घटना के बाद एसडीएम समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र में हो रहे भूस्खलंकर आ जाएगा लिया था जिसके बाद विभाग में मामले को गंभीरता से देखते हुए भूखलन को रोके जाने के लिए 30 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाया है। प्रस्ताव के तहत दो चरणों में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का काम किया जाएगा इससे पहले क्षेत्र का जियोलॉजिकल सर्वे कराया जाएगा। जियोलॉजिकल सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर भूस्खलन को रोके जाने का काम किया जाएगा। साथ ही प्रदेश की एक्सपेक्ट एजेंसियों को बुलाकर पहाड़ी का निरीक्षण भी करवाया जाएगा। उनकी रिपोर्ट के आधार पर पहाड़ी के स्थाई ट्रीटमेंट का काम शुरू होगा।

पोल बदलने के चलते बिजली रही गुल

नैनीताल। मल्लीताल में सड़े - गले बिजली के क्षतिग्रस्त पोल बदलने के चलते क्षेत्र में पूरे दिन बिजली गुल रही। पूरे दिन बिजली न होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

बता दें कि नैनीताल में इन दिनों सड़े गले पोल बदलने का काम किया जा रहा है। सोमवार को भी मल्लीताल मस्जिद के समीप क्षतिग्रस्त पोल बदला गया। पोल बदलने के दौरान पूरे दिन क्षेत्र में बिजली आपूर्ती ठप रही। वहीं पोल बदलने के दौरान मस्जिद तिराहे तक लोगों व वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि सुबह से शाम पांच बजे तक पोल बदला गया। पांच बजे विद्युत आपूर्ती बहाल कर दी गई है।

अल्पसंख्यक स्वरोजगार के लिए 20 लक्ष्य निर्धारित

भीमताल : अल्पसंख्यक कल्याण तथा वक्फ विकास निगम की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अल्पसंख्यक स्वरोजगार योजना के तहत 18 से 55 वर्ष के बेरोजगारों को रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से 20 हजार से एक लाख रुपये तक का ऋण देने का प्रावधान है। इसमें परियोजना लागत का 25 प्रतिशत शासकीय अनुदान, 15 प्रतिशत स्वंय का अंश और 60 प्रतिशत बैंक ऋण के रूप में दिया जायेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष में जनपद को कुल 20 का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। आवेदकों का चयन जिला स्तरीय समिति के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के जो व्यक्ति ऋण लेना चाहते हैं उनकी वार्षिक आय शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में 2,50,000 रुपये से कम हो तथा परिवार के किसी भी सदस्य ने पूर्व में विभाग से ऋण/अनुदान प्राप्त न किया हो वह अपना आवेदन पत्र समस्त औपचारिकताओं 31 अगस्त तक विकासखंड कार्यालय में जमा करा सकते हैं।

शिव महापुराण शुरू होने पर महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

भीमताल : भीमताल नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नल दमयंती ताल में संगीतमय दिव्य शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल कर किया। कथा व्यास पंडित भवन चंद पांडे ने संगीतमय दिव्या शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के बारे में अवगत कराया। व्यवस्थापक पूर्व चेयरमैन देवेन्द्र सिंह चुनौतियां ने अवगत कराया कि शुभारंभ दिवस में सवेरे 9 से 12 बजे तक पूर्वांग पूजन पार्थी पूजन नवग्रह पूजन जाप मूल पाठ शिवपूजन आदि धार्मिक आयोजन आयोजित हुए। बताया कि गुरुवार 15 अगस्त को कथा का पारायण किया जाएगा। इस दिन सवेरे 8 बजे से 12 बजे तक हवन यज्ञ पूर्णाहुति तथा दोपहर 12 से 1 बजे तक कथा महत्व व्यास पूजन, पुस्तक पूजन, कन्या पूजन का आयोजन होगा।

सार-संक्षेप

छात्रवृत्ति के लिए चयनित छात्र। ● अमृत विचार

बेतालघाट के पांच छात्रों का छात्रवृत्ति के लिए चयन

भीमताल : राजकीय आश्रम पद्धति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेतालघाट के पांच छात्रों भास्कर आर्य, मुकेश चंद्र, आयुष, अनुज कुमार और कार्तिक का चयन मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। इस उपलब्धि पर जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य बीआर कालाकोटी, खेल प्रभारी रवि कुमार, बालम सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

संजय परगांई नवोदित साहित्य रत्न से सम्मानित

भीमताल : आगरा के एत्मादपुर में श्री अक्षरा साहित्यिक संस्था ने राष्ट्रीय नव कवि साहित्य स्पर्धा का आयोजन किया। जिसमें देश के सात राज्यों के 32 कवियों ने काव्यपाठ किया। देशभर से संस्था के पास करीब 150 प्रविष्ठियां आई थीं, जिसमें से संस्था की चयन समिति ने 32 नवोदित युवा कवियों का चयन किया। इसमें ओखलकांडा क्षेत्र के सुरंग गांव निवासी कवि संजय परगांई का भी चयन हुआ। कवि संजय ने तकनीकी के आधुनिक युग पर निशाना साधते हुए 'ये ऑनलाइन का दौर है एवं 5जी का जमाना है, श्रृंगारिक रूप से कहें तो चैटिंग से दिलों का संयोग हो जाता है स्क्रीनशॉट मात्र भर से दिलों का वियोग हो जाता है' काव्यपाठ से महफिल में खूब वाहवाही बटोरी। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अरुण उपाध्याय, उपाध्यक्ष एलेश अवस्थी, सचिव दिलीप बघेल ने उन्हें अंगवस्त्र प्रदान कर नवोदित साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने संजय को बधाई दी है।

संजय परगाई।

समिति ने विद्यालय में कराई शिक्षकों की व्यवस्था

भीमताल : सरस्वती पांडेय बालिका इंटर कॉलेज में रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और गणित के शिक्षक न होने से छात्राओं की शिक्षा प्रभावित हो रही थी। मामला भीमेश्वर महादेव सेवा समिति के पास पहुंचा तो अध्यक्ष शरद पांडेय ने समिति की ओर से विद्यालय में शिक्षकों की व्यवस्था कराई। पांडेय ने कहा कि जब तक विभाग से शिक्षक की नियुक्ति नहीं होती तब तक समिति के शिक्षक विद्यालय में बच्चों को पढ़ाएंगे। रसायन विज्ञान के शिक्षक प्रकाश चंदोला को विद्यालय में पढ़ाने के लिए भेजा गया है। शीघ्र ही जीव विज्ञान की शिक्षिका नीलम पपनै भी विद्यालय में पढ़ाएंगी।

शरद पांडे।

धैर्य बोहरा बने शतरंज प्रतियोगिता के चैंपियन

नैनीताल : शारदा संघ व पर्वतीय सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित स्व. एमएन बाजपेयी स्मृति शतरंज प्रतियोगिता का समापन हो गया। जिसमें अंडर 9 में धैर्य बोहरा चैंपियन रहे। निदेशक ईश्वर दत्त तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर 9 में तेजस तिवारी, दर्शील सुलेरी, अंडर 11 में सक्षम दर्शन, शिखर, अथर्व जल्होत्रा, अंडर 13 वर्ग में श्रेयांशु साहू, अतीक सिंह जीना और तेजस कनवाल क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा अंडर 15 वर्ग में ध्रुवांश भट्ट, तक्षम साह, अरनव बंसल, अंडर 17 वर्ग में शुभम पुरोहित, देवांश देवपा, त्रिरांश भटनागर, बालिका वर्ग में इशिका बंगा, रिभया जोशी, प्रियंका पांडे क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। विजेता खिलाड़ियों को प्रो. जीएल साह, चंद्र लाल साह व हितेश साह ने पुरस्कृत किया।

शील्ड के साथ धैर्य बोरा।

कराटे प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कराटे में गजेंद्र और वैष्णवी ने जीती ब्लैक बेल्ट

भीमताल : औरों मार्शल आर्ट एकेडमी की ओर से कराटे बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 36 खिलाड़ियों ने कलर बेल्ट जीती। वहीं गजेंद्र प्रताप और वैष्णवी वर्मा ने ब्लैक बेल्ट प्राप्त की। प्रतियोगिता में रुद्र विश्नोई, हर्षित शर्मा, रिहान हुसैन, अवंतिका चंद्र, मानवेंद्र मेहता, दीया तिवारी, आशीष कुड़ाई, इशान किशन, शौर्य सिंह नगरकोटी एवं मयंक चंद्र ने येलो बेल्ट, सिजल आर्या, तन्मय आर्या, साक्षी चंद्र, अक्षिता आर्या ने ऑरेंज बेल्ट, भाविका चौधरी, तनिष्का गोस्वामी, सानवी गोस्वामी ने ग्रीन बेल्ट, खनक मेहरा, रौसांक रौतेला, मानवी राणा ने पर्पल बेल्ट, महिम गोस्वामी ने ब्लू बेल्ट, अमयश रंजन, जयंत भगवाल, विवान पांडे ने जूनियर ब्राउन बेल्ट, हितेश सनवाल, युगल किशोर सनवाल, गरिमा जोशी, चैतन्य कुल्याल, प्रांजल कुल्याल, नक्षिता पांडे, प्रज्ञा शर्मा एवं हर्षित राज ने सीनियर ब्राउन बेल्ट एवं आरोह कुलेठा ने सीनियर मोस्ट ब्राउन बेल्ट प्राप्त की। निर्णायक राकेश कुमार, अनीता बोरा और दीपक कुमार रहे। सिकाई इंडिया के महासचिव सिहान हिमांशु कुलेठा, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र चुनौतियां ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

उत्साह एडीएम फिंचाराम चौहान ने कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर की अधिकारियों के साथ बैठक, दिए निर्देश

स्वतंत्रता दिवस को भव्य तरीके से मनाने की तैयारियां शुरू

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : जिला प्रशासन ने स्वतंत्रता दिवस पर होने वाले आयोजनों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार को एडीएम फिंचाराम चौहान को जिला कार्यालय में कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर बैठक की।

चौहान ने कहा कि जिले में छात्र-छात्राएं सुबह 6.30 बजे से प्रभात फेरी निकालेंगे। स्वास्थ्य और पुलिस टीम बच्चों के साथ रहेंगी। बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था भी होनी चाहिए। सभी सरकारी कार्यालयों में सुबह 9 बजे और जिलाधिकारी कार्यालय में 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। सभी ब्लॉक कार्यालय, स्कूल में 11 बजे से पौधरोपण होगा। सरकारी कार्यालय 14 अगस्त से ही बिजली मालाओं से सजाए जाएंगे और लाउडस्पीकर से देशभक्ति के गीत बजाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में 15 अगस्त की सुबह 6.30 बजे सर्किट हाउस से स्टेडियम तक दौड़ होगी।

यह प्रतियोगिता सीनियर, जूनियर, पुरुष और महिला वर्ग में होगी। नगर निगम, नगर पालिका, पंचायत और ग्राम स्तर पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। चौहान ने बताया कि नैनीताल में 14 अगस्त को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, 15 अगस्त सुबह 6.30 बजे से मल्लीताल से तल्लीताल रैली होगी। इसके बाद 60 साल से अधिक आयु के लोगों को ताल परिक्रमा कराते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

10 बजे तल्लीताल डाट में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं और ताल परिक्रमा में आए बुजर्गों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में एसपी क्राइम हरबंस सिंह, श्रीकैंची धाम एसडीएम बीसी पंत, डीडीओ गोपाल गिरी, नगर पालिका ईओ पूजा आर्या, चंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

जिला कार्यालय में बैठक करते एडीएम फिंचाराम चौहान। ● अमृत विचार

अबकी बार भी होगा भाजपा का हर घर तिरंगा अभियान

हल्द्वानी : भाजपा आजादी के महापर्व को हर घर तिरंगा अभियान के रूप में मनाएगी। घर-घर तिरंगा लगाने के लिए लोगों को जागरूक करने, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों का सम्मान, बाइक रैली का आयोजन होगा। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूर्व विभाजन विभीषिका का दंश भी दिखाया जाएगा। इन आयोजनों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई है। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने बताया कि पिछले तीन वर्षों की तरह इस वर्ष भी हर घर तिरंगा अभियान और विभाजन विभीषिका का आयोजन होगा। इसकी तैयारियों को लेकर एक प्रदेश स्तरीय वर्चुअली बैठक हो चुकी है। इसमें जिला स्तर पर तीन-तीन संयोजक व सहसंयोजक और मंडल स्तर पर एक-एक संयोजक व सहसंयोजक बनाया जाएगा। टोलियां बनाई जाएंगी जो लोगों को घर-घर झंडा लगाने के लिए जागरूक करेंगी। युवा मोर्चा 11 से 13 अगस्त तक विधानसभा स्तर पर बाइक-स्कूटी रैली, पदयात्रा के जरिए तिरंगा यात्रा निकालेगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाएगा। इसमें प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी और कैंडिल मार्च, श्रद्धांजलि सभा एवं गोष्ठियां होंगी। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को सम्मानित किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों को सरल एवं नमो ऐप से प्रसारित किया जाएगा।

प्रताप सिंह बिष्ट।

मेट्रोपोल पार्किंग क्षेत्र में सीवर बहने से लोग परेशान

नैनीताल। मल्लीताल मेट्रोपोल पार्किंग क्षेत्र में भारी मात्रा में सीवर बहने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गंध से परेशान लोगों ने जल्द से जल्द बहते सीवर से निजात दिलाने की मांग की।

बता दें कि इन दिनों नैनीताल के कई क्षेत्रों में सीवर बहने से लोग परेशान हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि सड़कों पर, खुले में, गलियों में सीवर बहने से उनको दुर्गंध के बीच रहना पड़ रहा है। बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। साथ ही सीवर का पानी बहते हुए नालों के रास्ते झील में समा रहा है। सीवर समाने से झील का पानी भी प्रदुषित हो रहा है। सोमवार को मेट्रोपोल पार्किंग क्षेत्र में भी भारी मात्रा में सीवर बहते रहा। सीवर बहने आसपास के लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ा। जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट ने बताया कि जल्द समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क करें।
पढ़ते रहिए अपना अखबार
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

हल्द्वानी	कार्यालय	:	7830460114
हल्द्वानी	कृष्णानंद जोशी	:	9759658008
हल्द्वानी	चंदन सिंह राणा	:	9719437755
हल्द्वानी	बाला दत्त नैनवाल	:	9759749932
काठगोदाम	शहजादे आलम	:	9627035285
नैनीताल	गणेश काण्डपाल	:	9412017422
रामनगर	सिद्धार्थ पपनै	:	7983376222
रुद्रपुर	कार्यालय	:	8476843488
काशीपुर	राहुल पाल	:	82181 00208
जसपुर	सुखवीर	:	9536211111
बरेली रोड ITI	कमल आसरा	:	9917106359
कमलुवागांजा	श्याम भोज	:	9012803251
ब्लॉक (हल्द्वानी)	पूरन बृजवासी	:	9927780770
लामाचौड़ (हल्द्वानी)	नन्दा बल्लभ जोशी	:	9568591773
पनचक्की, हल्द्वानी	मनोज डालाकोटी	:	8923661000
पंचायत घर, हल्द्वानी	हरीश जोशी	:	8218899134
गौलापार	मनोज शर्मा	:	9759921464
हल्दूचौड़	गौतम भट्ट	:	7248505100
हल्दूचौड़	पूनम पाण्डे	:	9412134705
लालकुआं	दीपू पांडेय	:	6399832290
सितारगंज	अतुल शर्मा	:	7017941901
बाजपुर	सैनी न्यूज एजेंसी	:	8445072215
बाजपुर	अकील अहमद	:	9837146215
खटीमा	ओम प्रकाश मौर्य	:	7500981690
टनकपुर	आबिद हुसैन	:	6398415199
अल्मोड़ा	टी.डी. गुरु	:	9410183487
रानीखेत	हेम चन्द्र पांडेय	:	9758833254
किच्छा	राजू सहगल	:	9837777817
मालधन (रामनगर)	जितेन्द्र कुमार	:	9917303031
चकरपुर, बाजपुर	जितेन्द्र पाल	:	9837135170
कालाढूंगी	गोपाल सिंह बिष्ट	:	9634222693
गदरपुर	रमेश कुमार	:	7351388930
दिनेशपुर	केवल चंद्र पाठक	:	7055150050
गूलरभोज	ऋतिक न्यूज एजेन्सी	:	9917089411

आज का मौसम

हल्की धूम के साथ बारिश की संभावना।

33.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.35 | सूर्यास्त 07.00

एक नजर

आज और कल तेज बारिश की संभावना

हल्द्वानी : मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने मंगलवार और बुधवार को तेज बारिश की संभावना जताई है। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, सोमवार को हल्द्वानी में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। बीच-बीच में धूप भी निकलती रही। दोपहर के समय अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और करीब 20 मिनट तक बारिश हुई। इसके बाद फिर से धूप निकल गई। बारिश से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

मोबाइल और मोटर चोरी करने वाला पकड़ा

हल्द्वानी : बनभूलपुरा में एक घर से मोबाइल और पानी की मोटर चोरी करने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ गया। आरोपी वार्ड 31 के इंदिरानगर का रहने वाला मकसूद पुत्र मोहम्मद मंसूर है। पुलिस ने पूछताछ के बाद कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि 3 अगस्त को पप्पू का बगीचा निवासी वसीम की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोप था कि उसके घर से मोबाइल व पानी की मोटर चोरी हुई थी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर आरोपी मकसूद की पहचान हुई। सोमवार को उसे आंवला चौकी गेट के पास से गिरफ्तार किया गया।

नगदी समेत छह जुआरी गिरफ्तार

हल्द्वानी : मंगलपड़ाव चौकी पुलिस ने रविवार देर रात साहूकारा लाइन में दुकानों की छत पर जुआ खेल रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से पुलिस ने 9,520 रुपये की नकदी भी बरामद की है। मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी ने बताया कि पकड़े गए लोगों में गौलापार निवासी हरीश बोरा, रामपुर रोड गली नंबर आठ निवासी राकेश, इंदिरानगर निवासी नजाकत हुसैन, बनभूलपुरा लाइन नंबर चार निवासी मोहम्मद असद, देवलचौड़ निवासी संजय राय और गौजाजाली निवासी अरविंद कुमार हैं। सभी के खिलाफ गैंबलिंग एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

कोटाबाग नवोदय विद्यालय: दूसरे दिन 40 से अधिक छात्रों को ले गए अभिभावक, सुरक्षा का बताया खतरा

अव्यवस्थाओं को लेकर विधायक और एसडीएम के सामने जताई नाराजगी, बच्चों से सफाई कराने और कपड़े धुलाने का लगाया आरोप

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार : राजीव गांधी नवोदय विद्यालय स्यात कोटाबाग में अव्यवस्थाओं से नाराज अभिभावक सोमवार को भी बड़ी संख्या में बच्चों को लेने के लिए विद्यालय पहुंचे। इससे शासन-प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में विधायक बंशीधर भगत, एसडीएम रेखा कोहली और शिक्षा निदेशक कुमाऊं लीलाधर व्यास विद्यालय पहुंचे और अभिभावकों को मनाने का प्रयास किया, लेकिन अभिभावक नहीं माने। करीब 40 से अधिक छात्रों को अभिभावक विद्यालय से ले गये।

बीते रविवार को विद्यालय से अभिभावक 103 छात्राओं को ले गये थे। जिसके बाद शासन-प्रशासन में हड़कंप मच गया था। सोमवार की सुबह जैसे ही अभिभावकों की भीड़ विद्यालय पहुंची तो विद्यालय प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे विधायक और एसडीएम ने विद्यालय प्रबंधन के साथ अभिभावकों की समस्याएं सुनीं। अभिभावकों ने विद्यालय में वार्डन, स्वच्छक और छात्रावास में मैटर्न पद पर भर्ती की मांग की। इस पर विधायक भगत ने अभिभावकों से कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

अभिभावक मुकेश त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालय में स्वच्छक नहीं होने से बच्चों को सफाई करनी पड़ती है। शौचालय गंदगी से पटे हुए हैं। अशोक जोशी ने कहा कि मैस में स्वच्छ खाना न मिलने से बच्चे बीमार हो रहे हैं। लालकुआं निवासी मीरा गोस्वामी, रेनू बगड़वाल, कालाढूंगी निवासी पूरन राम टम्टा, ढिकुली रामनगर निवासी भावना छिमवाल ने कहा कि विद्यालय में अव्यवस्थाओं के चलते वह अपने बच्चों को ले जा रहे हैं। छात्रावास में बच्चों की सुरक्षा का खतरा है। बच्चों को सफाई करने के साथ-साथ कपडे. धोने पड़ रहे हैं। जंगली जानवारों का भी भय बना है।

नवोदय विद्यालय में छात्रों को लेने पहुंचे अभिभावकों को समझाते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

103 छात्राओं को रविवार को विद्यालय से ले गये थे अभिभावक, शासन-प्रशासन में हड़कंप मचा तो मनाने पहुंचे अधिकारी

अभिभावकों की समस्या सुनते अपर शिक्षा निदेशक कुमाऊं व एसडीएम।

अव्यवस्थाएं दूर होने पर बच्चों को विद्यालय लाएंगे

अपर शिक्षा निदेशक कुमाऊं लीलाधर व्यास ने अभिभावकों से बच्चों को जल्द स्कूल लाने को कहा। बताया कि शनिवार को अभिभावक संघ के पदाधिकारी स्कूल का निरीक्षण करेंगे। इस पर अभिभावकों ने कहा कि अव्यवस्थाएं दूर होने के बाद ही वह बच्चों को विद्यालय लाएंगे। उन्होंने निदेशक से विद्यालय में स्थाई प्रधानाचार्य, स्वच्छक व मैटर्न के पदों को भरने की मांग की।

मैस में बनी खीर में लगी थी फफूंद

अभिभावकों ने जब विधायक और एसडीएम से मैस में स्वच्छ खाना नहीं परोसे जाने की बात कही तो इसके तुरंत बाद विधायक बंशीधर भगत मैस का निरीक्षण करते पहुंचे। मैस में बनी खीर में फफूंद लगी थी। इतना ही नहीं पीने के लिए रखा पानी भी साफ नहीं था। इस पर विधायक ने नाराजगी जताई और स्कूल प्रबंधन को अव्यवस्थाओं को ठीक करने के निर्देश दिये।

राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में अव्यवस्थाओं की होगी जांच

हल्द्वानी, अमृत विचार : प्रभारी अपर निदेशक ने कुमाऊं के मंडलीय अपर निदेशक व मुख्य शिक्षा अधिकारी को कोटाबाग व पिथौरागढ़ विद्यालयों में स्थलीय निरीक्षण कर जांच करने और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही व जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। राजीव गांधी नवोदय विद्यालय स्यात कोटाबाग में अव्यवस्थाओं से नाराज अभिभावक 103 छात्राओं को स्कूल से घर ले गए थे। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल में 160 छात्राएं होने के बाद भी रात में शिक्षिका या वार्डन की नियुक्ति नहीं है। स्कूल परिसर में स्वच्छता के मानक नहीं है। प्रधानाचार्य से कई बार शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से नाराज अभिभावक बच्चों को ले गए। लगभग एक तिहाई छात्राओं के घर चले जाने से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। माध्यमिक शिक्षा के प्रभारी अपर निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने मंडलीय अपर निदेशक को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि वह विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण कर अव्यवस्थाओं की जांच करें। साथ ही दोषी अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। कहा कि जांच रिपोर्ट निदेशालय को भेजी जाए, ताकि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। इसके अलावा पिथौरागढ़ के मुख्य शिक्षा अधिकारी को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय गंगोलीहाट पिथौरागढ़ में स्थलीय निरीक्षण कर कमियों की जांच करने तथा रिपोर्ट निदेशालय को भेजने के निर्देश दिए हैं।

युवती से अश्लीलता कर फरार हुआ कारपेंटर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : घर में काम करने आये कारपेंटर ने दुस्साहसिक घटना को अंजाम दिया और फरार हो गया। उसने घर में अकेली युवती के साथ अश्लीलता की। उसे डरा कर इंस्टाग्राम आईडी भी ले ली। वह यह कहकर मौके से भाग गया कि जल्द ही दोबारा मिलेगा। पीड़िता के भाई की तहरीर पर काठगोदाम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

काठगोदाम थाना क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि रविवार को चम्बलपुल स्थित फर्नीचर की दुकान का कारीगर अयान उनके घर लकड़ी का काम करने आया था।

प्रकरण

- युवती को डरा कर हासिल की इंस्टाग्राम आईडी
- पीड़िता के भाई की तहरीर पर आरोपी पर दर्ज हुआ मुकदमा

घर में उस समय उनकी 18 वर्षीय बहन अकेली थी। आरोप है कि कारीगर ने पहले डराते हुए उनकी बहन से इंस्टाग्राम आईडी और एक गुलाब का फूल मांगा। इसके बाद छेड़छाड़ करते हुए दोबारा आने की बात कहकर फरार हो गया। शाम को जब परिजन घर लौटे तो युवती ने पूरी बात बताई। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

मशीन से होगी नवजात के पीलिया की जांच

हल्द्वानी, अमृत विचार : डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में अब नवजात के पीलिया की जांच के लिए खून नहीं निकालना पड़ेगा। इसके लिए दो ट्रांसक्यूटेनियस बिलीरुबिनोमीटर (टीसीबी) मशीन अस्पताल में आ गईं हैं।

प्रसव के बाद नवजात की पीलिया जांच करना जरूरी होता है। जांच के लिए नवजात के हाथों से खून का सैंपल लिया जाता है। ऐसे में नवजात की नस को ढूंढने में दिक्कत आती है। इस प्रक्रिया में नवजात को बहुत दर्द होता है। अब नवजात को यह सब नहीं झेलना होगा। एसएनसीयू व ओपीडी के लिए एक-एक टीसीबी मशीन खरीद ली है। बाल रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि इस मशीन से आसानी से नवजात के पीलिया की जांच हो सकेगी।

फरार कुख्यात लकड़ी तस्कर पकड़ा

- 12 साल से वन विभाग की टीम को दे रहा था चकमा
- मुखबिर की सूचना पर टीम ने आरोपी को धर दबोचा

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : तराई पश्चिमी वन प्रभाग की टीम ने 12 साल से फरार एक कुख्यात लकड़ी तस्कर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि मूलरूप से उत्तरप्रदेश के पीलीभीत का रहने वाला लखबीर सिंह उर्फ लक्खू हाल निवासी दाबका के समीप ग्राम गोबरा बाजपुर 12 साल से फराल चल रहा था। जिसे सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि विभागीय टीम ने जब-जब तस्कर को गिरफ्तार करने का प्रयास किया वह चकमा देकर फरार हो जाता था। आरोपी के खिलाफ 20 से अधिक वन अपराध के मामले दर्ज हैं। जंगलों में लकड़ी के अवैध कटान के मामलों में इसकी भूमिका पाई जाती है।

सोमवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर टीम तस्कर को गिरफ्तार करने के लिए पहुंची, लेकिन वह फिर से चकमा देकर फरार होने लगा। टीम ने आरोपी का पीछा कर उसे दबोच लिया।

उन्होंने बताया कि तस्कर से पूछताछ की जा रही है। साथ ही संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की भी कार्रवाई की जा रही है।

टीम की गिरफ्त में लकड़ी तस्कर। ● अमृत विचार

बाघ की खाल तस्करी में वन गुर्जरों को तीन साल कैद

हल्द्वानी : बाघ की खाल की तस्करी करने वाले तीन वन गुर्जरों को तीन साल कैद और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। तराई केंद्रीय वन डिवीजन की एसडीओ शशि देव ने बताया कि वन टीम ने 15 दिसंबर 2015 को बरहैनी के जंगलों से तीन वन तस्करों को पकड़ा था। उनसे नौ फिट नौ इंच लंबी बाघ की खाल बरामद की थी। तीनों तस्करों की शिनाख्त वन गुर्जर गुलाम नबी पुत्र बदरुद्दीन निवासी हल्दूजद्दा पीपल पड़ाव रेंज, मो. यामीन पुत्र फकीर अली और मो. शफीक पुत्र मो. युसुफ के रूप में हुई थी। मामले में जांच के बाद 12 फरवरी 2016 को चार्जशीट दाखिल की गई थी। इसके बाद यह मामला कोर्ट में चला। उन्होंने बताया कि सभी सबूतों व दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने तीनों वन गुर्जरों को सजा सुनाई है।

जंगली मधुमक्खियों के हमले में किसान की मौत

संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

अमृत विचार : खेत में गाय का चारा लेने गए किसान पर जंगली मधुमक्खियों (अंगनार) के झुंड ने हमला कर दिया। अस्पताल में उपचार के दौरान किसान की मौत हो गई।

नैनीताल के चोपड़ा गांव ज्योलीकोट निवासी भीम सिंह रावत (55 वर्ष) पुत्र धन सिंह पेशे से किसान हैं और यहां पत्नी प्रेमा देवी, तीन बेटियों व होमगार्ड में नौकरी करने वाले बेटे तरुण रावत के साथ रहते थे। रविवार की दोपहर करीब 12 बजे भीम सिंह घर के पास खेत से गाय का चारा लेने गए थे। वहीं पास में जंगली मधुमक्खियों ने छत्ता बनाया था। इसी बीच कुछ चिड़ियों ने मधुमक्खियों के छत्ते पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों ने समीप ही कार्य कर रहे भीम सिंह पर हमला कर दिया। परिजनों व स्थानीय लोगों ने किसी तरह उन्हें मधुमक्खियों के झुंड से बचाया, लेकिन तब वह बुरी तरह घायल हो चुके थे। आनन-फानन में उन्हें बेस अस्पताल लाया गया। हालत नाजुक होने पर उन्हें डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात करीब साढ़े 11 बजे उनकी मौत हो गई। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

लक्ष्य सेन के पदक न जीत पाने से मायूसी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: पेरिस ओलपिंक में सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा के अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन भले ही कांस्य पदक जीतने से चूक गए हों, लेकिन उन्होंने अपने खेल से लोगों का खूब दिल जीता। हालांकि पदक नहीं मिलने से खेल प्रेमी थोड़ा मायूस जरूर हुए, लेकिन बोले, अगली बार लक्ष्य जरूर देश को स्वर्ण पदक दिलाने में कामयाब होंगे।

बैडमिंटन में सांस्कृतिक नगरी के खिलाड़ी पिछले कई सालों से तेजी से उभर रहे हैं। अल्मोड़ा निवासी बैडमिंटन के अंतर्राष्ट्रीय कोच डीके सेन के छोटे बेटे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन देश-दुनिया में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में धाक जमा रहे हैं। इधर, सोमवार को लक्ष्य के कांस्य पदक मुकाबले को लेकर सुबह से ही गृह क्षेत्र में गजब का उत्साह था। शाम 6 बजे लोग सारे काम छोड़ मैच देखने के लिए टीवी पर चिपक गए। पहला सेट जीतने के बाद मैच के दूसरे सेट में लक्ष्य के हारते ही लोगों में मायूसी छा गई। तीसरे सेट में भी लोगों की उम्मीदें कायम रहीं लेकिन लक्ष्य सेन प्रतिद्वंदी खिलाड़ी से पार नहीं पा सके। लक्ष्य की हार से अल्मोड़ा वासियों को क्षणिक मायूसी तो हुई लेकिन उन्हें इस होनहार युवा खिलाड़ी से भविष्य के लिए काफी उम्मीदें हैं। लोगों का कहना है कि अपने पहले ओलंपिक में लक्ष्य ने जिस तरीके से दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों का डटकर मुकाबला किया और अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया, उससे साफ है कि अगले ओलंपिक में वह देश के लिए स्वर्ण पदक जरूर जीतेंगे।

अल्मोड़ा मुख्य बाजार स्थित एक दुकान में लक्ष्य सेन का मैच देखने के लिए जुटे लोग। ● अमृत विचार

जीजा ने साले के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- जीतपुर नेगी में रविवार दोपहर घटना को दिया था अंजाम
- महिला पर परिवार तोड़ने का आरोप लगाकर मारा था चाकू

अमृत विचार : बहन की सास पर चाकू से वार करने वाले फरार आरोपी के खिलाफ उसके जीजा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर तलाश तेज कर दी है।

जीतपुर नेगी रामपुर रोड निवासी 55 वर्षीय गंगा देवी यहां अपने बेटे मनोज सिंह व बहू के साथ रहती है। पड़ोस में बहू का भाई मंसाखेड़ा शीशगढ़ बरेली निवासी अर्जुन राजपूत पुत्र हरवंश सिंह पत्नी व बच्चों के साथ रहता है। अर्जुन का आरोप था कि गंगा उसका परिवार तोड़ना चाहती थी। पुलिस को दी तहरीर में गंगा के बेटे मनोज सिंह ने कहा कि उनका साला अर्जुन राजपूत 7-8 महीने से अपनी पत्नी से अलग रह रहा है। कई बार वह उनके घर पहुंचा। मां पर पत्नी व बच्चों से दूर करने का आरोप लगाते हुए धमकी दी। रविवार की दोपहर करीब दो बजे मां गंगा पास की दुकान में सामान लेने गई थीं। तभी दुकान के पास घात लगाकर बैठे उनके साले अर्जुन राजपूत ने उनकी मां पर चाकू से 3-4 वार किए और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अर्जुन के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

निर्देश | पत्रकार कल्याण कोष के लिए कॉरपस फंड की धनराशि 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ की जाएगी

नई तकनीक से सरकारी योजनाएं जनता तक पहुंचाएं

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी माध्यम से पंहुचाने के लिए सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए। आधुनिक तकनीक के प्रयोग के साथ प्रिन्ट, इलेक्ट्रानिक माध्यमों के साथ ही सोशल मीडिया और यूट्यूब माध्यमों का भी अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित किया जाए। कार्यों में तेजी लाने के लिए सूचना विभाग द्वारा ई-फाइलिंग प्रणाली का पूर्ण उपयोग किया जाए। सूचना तंत्र को मजबूत करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को जनपदों में नोडल अधिकारी बनाया जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पुस्तक भेंट करते सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह निर्देश सूचना विभाग की समीक्षा के दौरान दिए। सूचना भवन स्थित निदेशालय में समीक्षा बैठक पांच घंटे चली। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पत्रकार कल्याण कोष के लिए कॉरपस फंड की धनराशि 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ किए जाने की घोषणा की। साथ ही पत्रकारों के लिए ग्रुप इंश्योरेंस लागू करने के भी निर्देश दिए। तहसील स्तर तक पत्रकारों को मान्यता प्रदान करने के लिए व्यवस्था बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनहित में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और कार्यों की सक्सेस स्टोरी नियमित प्रकाशित की जाएं। उन्होंने कहा कि विकास पुस्तिका डिजिटल रूप में भी प्रस्तुत की जाए। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया कि राज्य में प्रिंट मीडिया में 1572 सूचना पत्र/पत्रिकाएं सूचीबद्ध हैं, जबकि 41 इलेक्ट्रॉनिक चैनल सूचीबद्ध हैं। सोशल मीडिया में 615 वेब पोर्टल व 13 कम्युनिटी रेडियो सूचीबद्ध हैं। बैठक में विधायक उमेश शर्मा काऊ, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् विश्वास डाबर, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव सूचना शैलेश बगोली, अपर निदेशक सूचना आशिष त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक केएस चैहान, डॉ नितिन उपाध्याय, वरिष्ठ वित्त अधिकारी शशि सिंह, उप निदेशक मनोज श्रीवास्तव और रवि बिजारनियां उपस्थित थे।

कृषि भूमि पर व्यावसायिक निर्माण से बरौली गांव के लोगों में आक्रोश

संवाददाता, गरमपानी

अमृत विचार : रामगढ़ ब्लॉक के बरौली गांव में पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों की संयुक्त बैठक में गांव के ठीक ऊपर भारी भरकम लोडर मशीनों से हो रहे खदान पर चिंता व्यक्त की गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बड़े पैमाने पर हुई मिलीभगत से अनुसुचित वर्ग के लोगों की कृषि भूमि की खरीर-फरोख्त कर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने का षड़यंत्र रचा जा रहा है।

वक्ताओं ने कहा कि गांव के ठीक ऊपर स्थित अनुसुचित वर्ग के परिवारों की सौ नाली से अधिक कृषि भूमि को बाहरी बिल्डर ने खरीद लिया है। वर्तमान में कृषि भूमि के नाम पर खरीदी गई जमीन पर भारी भरकम लोडर मशीनों से खुदाई की जा रही है, जिससे भविष्य में भूस्खलन का खतरा बढ़ता जा रहा है। कहा कि जिस तेजी से कार्य किया जा रहा है, उससे बड़े पैमाने पर आवासीय व व्यावसायिक भवनों के निर्माण होने का अंदेशा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्मला जीना ने आरोप लगाया कि गांव के बाशिंदों के हितों से खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तय हुआ कि मामले को जिलाधिकारी, मंडलायुक्त व मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने एक स्वर में अनदेखी करने पर धरना-प्रदर्शन व भूख हड़ताल की चेतावनी दी। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य भावना कपिल, ग्राम प्रधान शोभा कपिल, सरपंच प्रयाग सिंह जीना, पूर्व प्रधान मोहन सिंह, भीम सिंह, डिगर सिंह, खीमानंद कपिल, पूरन सिंह, हेमंत सिंह, किशन सिंह मौजूद रहे।

बैठक

- अधिकारियों पर लगाया बाहरी बिल्डर से सांठगांठ का आरोप
- भारी भरकम मशीनों से खदान पर भूस्खलन का जताया अंदेशा

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के मेडिसिन वार्ड में 130 मरीज भर्ती, बुखार और टाइफाइड के मरीज भी बढ़े

मौसम की मार, अस्पतालों में बढ़े सर्दी-जुकाम के बीमार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मौसम में बदलाव की वजह से लोगों की सेहत बिगड़ रही है। जिससे इन दिनों नगर के अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। कुमाऊं के सबसे बड़े डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के मेडिसिन वार्ड में करीब 130 मरीज भर्ती हैं। चिकित्सकों के अनुसार सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार, पीलिया, टाइफाइड के मरीजों की तादात बढ़ती जा रही है।

बरसात के मौसम में संक्रामक रोग से पीड़ित मरीजों की संख्या काफी बढ़ जाती है। बारिश की वजह से कभी ठंड का एहसास होता है तो अगले ही दिन उमस भरी गर्मी पड़ने लगती है। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में संक्रामक रोग से पीड़ित मरीजों की वजह से मेडिसन वार्ड पूरी तरह से पैक हो गया है। अब मरीजों की संख्या बढ़ने पर मरीजों को अन्य वार्डों में भर्ती किया जाएगा। अस्पताल में प्रतिदिन 1,800 मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा मरीज मेडिसन विभाग की ओपीडी में पहुंच रहे हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. जीएस तितियाल ने बताया कि अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं। बेडों के भी इंतजाम हैं।

इधर, बेस अस्पताल के मेडिसन विभाग की ओपीडी में भी मरीजों की संख्या बढ़ रही है। यहां सुबह से ही मरीजों की लंबी कतार लग रही है। अस्पताल की फिजिशियन डॉ. विनिता निखुर्पा ने बताया कि मौसम में बदलाव की वजह से मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सर्दी, खांसी के साथ पेट के रोगी भी आ रहे हैं।

डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के मेडिसिन वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

बच्चे भी वायरल से हो रहे पीड़ित

मौसम की वजह से बच्चे भी वायरल से पीड़ित हो रहे हैं। करीब चार से पांच दिन तक बच्चों को बुखार आ रहा है। वहीं बच्चे पीलिया और टाइफाइड से भी पीड़ित हो रहे हैं। शरीर में पानी की कमी होने पर बच्चों को अस्पताल में भर्ती किया जा रहा है। राजकीय मेडिकल कॉलेज की बाल रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि बच्चों को बारिश न भीगने दें। एसी न चलाएं और बच्चों को फ्रिज का पानी बिल्कुल न दें। बारिश के दिनों में बाहर का खाना बिल्कुल नहीं खाएं और बच्चों को भी न दें।

चिकित्सकों को भेजा जा रहा यात्रा ड्यूटी पर

हल्द्वानी, अमृत विचार : आपदा की वजह से चारधाम यात्रा स्थगित कर दी गई है। सरकार का ध्यान राहत कार्यों में हैं। लेकिन यात्रा स्थगित होने के बाद भी चिकित्सकों को चारधाम की ड्यूटी पर भेजा जा रहा है।

बेस अस्पताल से एक चिकित्सक को चारधाम यात्रा ड्यूटी पर जाना है, लेकिन यात्रा स्थगित हो गई है। ऐसे में चिकित्सक के सामने असंमजस की स्थिति है कि वह ड्यूटी पर जाए या नहीं। वहीं डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल व अन्य अस्पतालों से भी चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को चारधामा यात्रा में ड्यूटी पर जाने के आदेश हैं। बेस अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि फिलहाल चारधाम यात्रा पर चिकित्सकों को भेजे जाने के आदेश का ही पालन किया जा रहा है।

सार-संक्षेप

रामनगर में पुतला दहन करते युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

प्रदेश सरकार और बागेश्वर पुलिस का पुतला फूंका

रामनगर : युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बागेश्वर में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और छात्रसंघ अध्यक्ष के खिलाफ गंभीर धाराओं में झूठे मुकदमे दर्ज करने को लेकर प्रदेश सरकार व बागेश्वर पुलिस प्रशासन का पुतला दहन किया। लखनपुर चुंगी में प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि शासन-प्रशासन ने सरकार के दबाव में आकर एनएसयूआई के छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल कुमार व जिलाध्यक्ष कमलेश गाड़िया पर फर्जी मुकदमा लगाकर रातों-रात जेल भेज दिया। जबकि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और आरएएस के कार्यकर्ताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जो बहुत शर्मनाक है। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को रिहा करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेजने की मांग की। पुतला फूंकने वालों में दीपक राणा, नितिन शाह, विकास कुमार, चेतन पंत, तनुज दुर्गापाल, सोनू तिवारी, सलमान, दीपक, अमित कुमार आदि शामिल थे।

महिला डिग्री कॉलेज में सफाई अभियान चलाते साथी संगठन के सदस्य।

साथी संगठन ने चलाया स्वच्छता अभियान

हल्द्वानी : साथी संगठन ने राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में जन जागरूकता के लिए स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने कॉलेज भवन के परिसर और मैदान से कूड़ा हटाया और झाड़ियां काटकर कूड़ेदान में डालीं। संगठन के जागरूकता अभियान से प्रभावित होकर मंगत राम गुप्ता ने साथी संगठन की सदस्यता ग्रहण की। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि 11 अगस्त को नैनीताल रोड व ठंडी सड़क के मध्य झंडा पार्क में प्रशिक्षित ट्रेनरों की ओर से व्यायाम और योगाभ्यास कराया जाएगा। इस दौरान आनंद सिंह ठठोला, आनंद सिंह रावत, डीडी शर्मा, लक्ष्मण सिंह गौनिया, जेएस खोलिया, एलडीएफ पांडे, राजेंद्र सिंह बोरा, भगवंत सिंह राना, मोहन सिंह महरा, विरेंद्र सिंह भाकुनी, भीम सिंह वैद्य, सुरेंद्र सिंह बिष्ट उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान महिलाएं। ● अमृत विचार

मोटे अनाज से बेकरी उत्पाद बनाने का दिया प्रशिक्षण

हल्द्वानी : कृषि विज्ञान केंद्र ज्योलीकोट में सोमवार को मोटे अनाजों के बेकरी उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसमें केंद्र प्रभारी डीसी तिवारी ने मोटे अनाजों के व्यावसायिक प्रयोग पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. कंचन नैनवाल ने मोटे अनाजों की प्राकृतिक खेती को क्लस्टर के रूप में अपनाये जाने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में अलचौना, दोगड़ा, भल्यूटी, तल्ला गेढ़िया और चौपड़ा की कुल 30 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख भीमताल डॉ. हरीश बिष्ट ने किया। डॉ. वीके सिंह ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सरियाताल हरगोविंद सिंह रावत, रजनी रावत, अनीता प्रकाश, विमल कुमार, दीप कुमार, कमला सत्यपाल, महिपाल चंद्र लोहनी, गोविंदी देवी, सुमित आदि रहे।

एमबीपीजी से खदेड़े गए फास्ट फूड वालों ने ठंडी सड़क की पार्किंग कब्जाई

बीते रोज एसपी सिटी के निर्देश पर पुलिस ने कॉलेज के बाहर से हटाया था अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शाम ढलते ही शराबियों का अड्डा बनने वाली फास्ट फूड की दुकानों को पुलिस ने एमबीपीजी कॉलेज के बाहर नैनीताल रोड से खदेड़ा तो उन्होंने ठंडी सड़क की पार्किंग कब्जा ली। अब फास्ट फूड वालों का नया ठिकाना ठंडी सड़क पर नहर कवर कर बनाई गई आठ करोड़ की पार्किंग है।

एमबीपीजी कॉलेज की इमारत में पहले एक दुकान थी, जिसमें चिकन, मटन और मछली खाने वालों की भीड़ लगती रहती है। इसके कारोबार को देखकर एमबीपीजी के बाहर कुछ ही समय में पूरा का पूरा फास्ट फूड बाजार सजने लगा। यहां लोग कारों से आते, फूड ऑर्डर करते और कार में ही बैठ कर शराब पीते। इन्हें देख कर लोग खुले में भी पैग लगाने लगे। जब मारपीट की घटनाएं होने लगीं तो रविवार को सीओ सिटी नितिन लोहनी के निर्देश पर पुलिस ने इन्हें खदेड़ दिया। पुलिस ने शाम को अभियान चलाया और उसी शाम इन लोगों ने ठंडी सड़क पर डेरा जमा लिया। ठंडी सड़क में नहर को कवर कर 8 करोड़ रुपये की लागत से प्राधिकरण ने पार्किंग बनाई, उस पर अब फास्ट फूड वालों का कब्जा है। अब शराबियों की महफिल एमबीपीजी कॉलेज की सड़क पार ठंडी सड़क पर जमने लगी है।

इधर, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि पार्किंग स्थल सिर्फ पार्किंग के लिए है। इस पर कोई और काम नहीं होगा। ठेले वालों के लिए नगर निगम से वार्ता की जाएगी कि उन्हें वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जाए। फिलहाल पार्किंग का ठेका हो चुका है।

ठंडी सड़क में नहर कवरिंग के ऊपर अवैध तरीके से लगी दुकानें। ● अमृत विचार

रोजी चिकन कॉर्नर पर कार्रवाई से गुरेज क्यों?

पुलिस ने ठेले और फूड वैन वालों को तो खदेड़ा, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर चल रहा रोजी चिकन कॉर्नर के मालिक को कुछ नहीं कहा। यह नियम है कि धर्म स्थल और शिक्षण संस्थानों के पास मांस, मदिरा और पान-मसाले की दुकानें नहीं लगेंगी। बात रोजी चिकन कॉर्नर की करें तो इसकी दुकान एमबीपीजी कॉलेज से दूर नहीं बल्कि इसी इमारत में ही है और नियमों को ताक पर रखकर धंधा बदस्तूर जारी है।

रामनगर में चयनित बच्चों के साथ विद्यालय के शिक्षक। ● अमृत विचार

रामनगर के ढेला में वीरेन डंगवाल की कविताओं का संग्रह दिखाते विद्यार्थी।

जयमोहन स्कूल के छह विद्यार्थी चयनित

रामनगर, अमृत विचार : मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी छात्रवृति के लिए जय मोहन इंटर कॉलेज कानिया रामनगर के छह विद्यार्थी चयनित हुए हैं। इनमें तीन छात्राएं हैं। चयनित विद्यार्थियों में हेमा रावत, हिमांशी करगेती, सौम्या रावत, मनीष पांडे, गौरव पंचोली और निर्मल बिष्ट शामिल हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश दत्त तिवारी ने कहा कि चयनित छात्र-छात्राओं ने खेलों में असाधारण प्रतिभा और समर्पण दिखाया है। जिससे उन्हें यह उल्लेखनीय अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि खेल शिक्षक राकेश चंद्र ने इन युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खेल प्रशिक्षक राकेश ने कहा पिछले वर्ष भी उनके विद्यालय से पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ था। विद्यार्थियों ने विभिन्न बैटरी टेस्टों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और मुझे विश्वास है कि वे आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। स्कूल के प्रबंधक अमन जोशी ने भी छात्रों और उनके परिजनों को बधाई दी।

वीरेन डंगवाल की कविताएं जीने की राह दिखाती हैं

रामनगर, अमृत विचार : हिंदी साहित्य के प्रतिष्ठित कवि वीरेन डंगवाल को उनकी 77 वीं जयंती पर राजकीय इंटर कालेज ढेला में उनकी कविताओं के साथ याद किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की सांस्कृतिक टीम उज्यावक के कोमल सत्यवली, हिमांशी जीना, मानसी करगेती, विवेक बिष्ट, दीपांशु ने वीरेन डंगवाल की कविता हमारा समाज के प्रस्तुतिकरण से की। कार्यक्रम में अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने डंगवाल को आमजन के सुख दुख का कवि बताया। कहा कि उनकी कविताएं अंधेरे से लड़ने की राह दिखाती हैं। बच्चों ने वीरेन डंगवाल की कविताओं हाथी, मेरा बच्चा, उजले दिन जरूर आएंगे, पपीता, हमारा समाज, रामसिंह का वाचन किया। कला शिक्षक प्रदीप शर्मा के दिशा निर्देशन में बच्चों ने वीरेन डंगवाल की कविताओं के पोस्टर भी बनाए। इस मौके पर प्रधानाचार्य राम यादव, मनोज जोशी, सीपी खाती, हरीश कुमार, संत सिंह मौजूद रहे।

स्वाति ने पास की सीए की परीक्षा

रामनगर : आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर की पूर्व छात्रा स्वाति जीना ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। शुरू से ही अध्ययनशील स्वाति ने आर्मी स्कूल से सीबीएसई की परीक्षा वर्ष 2019 में 85 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। साथ ही विद्यालय के पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों में भी पूर्ण मनोयोग के साथ प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्या डॉ. मालिनी शर्मा ने स्वाति और उनके परिजनों को बधाई दी।

अब 8 सितंबर को होगी परीक्षा

हल्द्वानी : उत्तराखंड राज्य संयुक्त पीएचडी प्रवेश परीक्षा 11 अगस्त को होनी थी। अपरिहार्य कारणों से प्रवेश परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। अब यह परीक्षा 8 सितंबर को होगी। कुमाऊं विश्वविद्यालय ने आदेश जारी करते हुए बताया कि 11 अगस्त को होने वाली पीएचडी की परीक्षा स्थगित कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 14 अगस्त तक पंजीकरण कर सकते हैं।

प्रधानाध्यापकों में रोष

भीमताल : दुर्गम क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापकों ने आठ जुलाई को काउंसलिंग के माध्यम से हुए स्थानांतरण में उन्हें शामिल न किये जाने पर प्रधानाध्यापकों ने रोष जताया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन देने वालों में सतीश नैनवाल, भुवन सती, गोपाल जलाल, हेमंत मेहरा, नीति साह, हिम्मत मेहरा, दीपक कुमार, गोपाल बिष्ट, आनंद लटवाल शामिल थे।

साक्षी के सिर सजा तीज क्वीन का ताज

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: इंटर नेशनल पायनियर्स रामनगर शाखा द्वारा खत्री सभा में तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में नगर की 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। महिलाओं ने नृत्य कला के साथ विभिन्न खेलों में उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में तीज क्वीन का ताज साक्षी अरोड़ा के सिर सजा। महिला पायनियर्स की संरक्षक सुधा मेहरोत्रा ने ताज पहनकर सम्मानित किया।

इसके अलावा हेयर स्टाइल में रुचिका अग्रवाल विजेता रहीं। मेंहदी प्रतियोगिता का ताज सिम्मी कलसी को मिला। रामनगर पायनियर्स के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लोकगीत गाकर सुधा मेहरोत्रा और स्मृति मेहरोत्रा दीपाली टरे ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पुष्पा जोशी और दीपा का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। पुष्कर सोसायटी के अध्यक्ष पुनम गुप्ता मुख्य निणार्यक थी। वहीं पूनम गुप्ता को संस्था के संस्थापक संतोष मेहरोत्रा द्वारा सम्मानित किया गया। महिलाओं ने झूला झूलकर गीत गाकर आनंद उठाया। सेल्फी पॉइंट पर महिलाओं की सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। इस दौरान संस्था के सचिव दीपाशु अग्रवाल, महिला पायनियर्स की अध्यक्ष सुमन अग्रवाल और सचिव रेनू अग्रवाल, महासचिव नवीन चन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, कमलेश जोशी. वीरेंद्र रावत दीवान सिंह नयाल.बी एस डंगवाल जी.आशीष शर्मा अनुरुद्ध गर्ग, प्रो.जीसी पंत, सरस अग्रवाल, हेमवभट्ट. पियूष अग्रवाल सुभाष अग्रवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एकता अग्रवाल स्मृति मेहरोत्रा ने किया।

रामनगर में तीज क्वीज प्रतियोगिता में भाग लेतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

प्रवेश सूचना
ITDA CALC
* I.I.T. Roorkee Validated Course
* IT Department उत्तराखण्ड सरकार
Formerly
HILTRON CALC
Certificate, Diploma, Advance Diploma & PGDCA
• Software • Hardware & Networking • Accounting & Finance
Special Batches for Polytechnic, B.Tech, MCA, BCA Students
TIKONIA CENTRE
Sakhawat Ganj, Behind Mandir, Tikonia, Haldwani. Ph. 220950, 9359490696

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
150 बेड का विश्वस्तरीय कैंसर हॉस्पिटल
RADIOTHERAPY
TRUE BEAM STX LINAC
यह SRS, SBRT, IGRT, IMRT, VMAT और 3D CRT जैसी फोटॉन थेरेपी (6 Mv, 10Mv, 15Mv) पद्धतियाँ प्रदान करने में सक्षम है।

BRACHYTHERAPY
24 Channel

PET CT SCAN
बरेली मंडल की एक मात्र मशीन

FDG -PET CT
PSMA- PET CT (प्रोस्टेट कैंसर)
सोडियम फ्लोराइड बोन पीईटी
DOPA -PET CT (पार्किंसंस आवर्तक ब्रेन ट्यूमर, आदि)
द्वितीय पीढ़ी की मशीन जिससे कैंसर के स्टेज का पता चलता है
Immunotherapy & Chemotherapy
Dedicated Cancer Modular OT's
आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का इलाज
हमारे विशेषज्ञ
डॉ. अर्जुन अग्रवाल (सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. लक्ष्मण पांडे (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. आमिर मलिक (हेड एंड नेक कैंसर सर्जन)
डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा (क्लिनिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. संदीप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट)
डॉ. चीना गर्ग (ऑन्कोपैथोलॉजिस्ट)
डॉ. अंकित कुमार (न्यूक्लियर मेडिसिन ऑन्कोलॉजिस्ट)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 92581 16087, 78912 35003
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

खराब स्ट्रीट लाइट व सफाई व्यवस्था चरमराने से भड़के निवर्तमान पार्षद

नगर आयुक्त को घेरा, सफाई निरीक्षक व ईएसएल कंपनी के जेई पर लापरवाही का आरोप

संवाददाता, हल्द्वानी

नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को समस्याओं के बारे में बताते निवर्तमान पार्षद।

अमृत विचार : वार्डों में खराब स्ट्रीट लाइटों और सफाई व्यवस्था को लेकर सोमवार को निवर्तमान पार्षदों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने लोगों के साथ नगर निगम कार्यालय पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और नगर आयुक्त का घेराव किया। निवर्तमान पार्षदों ने समस्याओं का समाधान नहीं होने पर उग्र धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी।

वार्ड 3, 58, 59 और 60 के निवर्तमान पार्षद वार्डवासियों के साथ नगर निगम कार्यालय आ धमके। उन्होंने नगर आयुक्त विशाल मिश्रा का घेराव करते हुए वार्डों में खराब स्ट्रीट लाइटों और सफाई व्यवस्था पर आक्रोश जताया। कहा कि जब से नगर निगम का बोर्ड भंग हुआ है तब से निगम न ही डेंगू की रोकथाम के लिए फॉगिंग करवा रहा है और न ही लार्वा मारने के लिए दवा का छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने सफाई निरीक्षक पर कार्य में लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया। निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी ने कहा कि ईएसएल कंपनी के कर्मचारी वार्ड में स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के एवज में रुपयों की मांग करते हैं। इस पर नगर आयुक्त ने कंपनी के जेई संवेदन गुप्ता को फटकार लगाई। उन्होंने वार्डों में खराब लाइटों की संख्या पूछी तो वह सही जवाब नहीं दे पाए। बताया कि लगभग 4 हजार लाइटें विभिन्न वार्डों में खराब हैं। निवर्तमान पार्षद मनोज मठपाल ने भी ईएसएल के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। इस पर नगर आयुक्त ने जेई को खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने और कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति रोजाना उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निवर्तमान पार्षद रईस अहमद ने कहा कि वार्डों में ब्लीचिंग तक नहीं डाली जा रही है। साफ-सफाई की मॉनिटरिंग नगर निगम को करनी चाहिए। धर्मवीर डेविड ने कहा कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। नगर आयुक्त ने शीघ्र समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया। यहां सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, अमोल असवाल, डॉ. मनोज कांडपाल, रमेश चौहान, करन कपिल रहे।

कोतवाली में आत्मदाह की चेतावनी, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : फेसबुक पर आये एक संदेश ने पुलिस की नींद उड़ा दी। एक युवक ने चेतावनी भरा संदेश साझा करते हुए कहा कि वह कोतवाली में आत्मदाह करेगा। इससे पुलिस में हड़कंप मच गया। कोतवाली में कई थानों की पुलिस और दमकल टीम पहुंच गई, लेकिन चेतावनी देने वाला नहीं पहुंचा।

करीब एक माह पूर्व चोरगलिया थाना क्षेत्र में मारपीट की घटना हुई थी। चोरगलिया थाना पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसमें एक पक्ष ने अपने ऊपर की गई कार्रवाई को गलत ठहराया है। इस युवक ने रविवार शाम फेसबुक पर पोस्ट साझा की। लिखा, वह सोमवार की सुबह पुलिस बहुउद्देशीय भवन में प्रदर्शन करेगा। अगली सुबह वह बहुउद्देशीय भवन नहीं पहुंचा, लेकिन उसी सुबह एक और पोस्ट साझा दी। चेतावनी दी कि वह कोतवाली में आत्मदाह करेगा। कुछ ही देर में कोतवाली में कई थानों की पुलिस और दमकल की टीम पहुंच गई। पुलिस चारों ओर फैल गई, ताकि घटना से पहले ही युवक को रोका जा सके। सुबह से इंतजार करते-करते जब दोपहर हो गई तो पुलिस ने राहत की सांस ली। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि चोरगलिया थाना प्रभारी को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

एमबीबीएस छात्र को छात्रावास से बाहर किया

हल्द्वानी, अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेज के परिसर में छात्र-छात्राएं निजी वाहनों का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। इसको लेकर विगत दिनों कॉलेज प्रशासन ने चेतावनी भी दी थी। बावजूद इसके एक छात्र ने नियम का उल्लंघन कर दिया। कॉलेज प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए छात्र को छात्रावास से बाहर कर दिया है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी के अनुसार कॉलेज परिसर में कई छात्र निजी वाहनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिन पर कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में एमबीबीएस वर्ष 2021 बैच के छात्र दीपक सिंह रौतेला को दोपहिया और चौपहिया वाहन का इस्तेमाल करते पकड़ा गया। तीन अगस्त को उसकी स्कूटी को छात्रावास से गार्ड ने जब्त किया था। जिसे उसने जबरन छुड़ा लिया और भाग गया। इस पर कार्रवाई करते हुए उक्त छात्र को छात्रावास से बाहर कर दिया गया है।

सार-संक्षेप

गांधी आश्रम क्षेत्र में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

हल्द्वानी : गांधी आश्रम चौराहा मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू हो गई है। सोमवार को सुबह नौ बजे गांधी आश्रम चौराहा मंदिर से बाल व्यास कपिल देव के सानिध्य में सैकड़ों महिलाओं एवं क्षेत्रवासियों ने चारधाम मंदिर तक कलश यात्रा निकाली। यहां से जल लेकर फिर से गांधी आश्रम मंदिर तक श्रद्धालु पहुंचे और मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शुरू हो गई। बाल व्यास कपिल देव कथावाचन कर रहे हैं। इस दौरान मुख्य यजमान महेश गोस्वामी, विनोद निगल्टिया, रमेश निगल्टिया, पूर्व दर्जा मंत्री महेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, मीना निगल्टिया, नीरज तिवारी, विपिन पांडे, नवीन भट्ट, प्रमोद तोलिया, पंकज निगल्टिया, तारू बिष्ट, गुन्जन महरा, हरचन्द सिंह, कमल भट्ट, भानू पडलिया रहे।

जिला अस्तपाल में फूड पैकेट वितरित करतीं इनर व्हील क्लब की सदस्याएं।

महिला अस्पताल में प्रसूताओं को बांटे पौष्टिक खाद्य पैकेट

हल्द्वानी : इनरव्हील क्लब ने सोमवार राजकीय महिला अस्पताल के जच्चा-बच्चा वार्ड में 20 पैकेट पौष्टिक खाद्य के वितरित किए। साथ ही महिलाओं को बच्चों को स्तनपान कराने के फायदे और स्तनपान नहीं कराने पर मां और बच्चे के स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। वार्ड में भर्ती महिलाओं व तीमारदारों को प्लास्टिक की थैलियां, गिलास, प्लेट्स के इस्तेमाल से बनने वाली बीमारियों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस दौरान क्लब अध्यक्ष इंदु पांडे, निवेदिता पांडे, नीरजा बोरा, अमिता पांडे, शशि खंडेलवाल, रश्मि सिंह, शोभा जायसवाल, कुसुम कुंजवाल, सुशीला भाकुनी, ज्योति नेगी, रीता गुप्ता मौजूद रहीं।

जय दुर्गे पब्लिक स्कूल के चार बच्चों को मिलेगी छात्रवृत्ति

हल्द्वानी : जय दुर्गे एजुकेशन पब्लिक स्कूल के चार बच्चों का चयन मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के लिए हुआ है। स्कूल प्रबंधक प्रकाश पांडे ने बताया कि स्कूल की सीमा चिल्याल, मनोज सिंह, भाविका वर्मा और कुमुद का योजना के लिए चयन हुआ है। अब प्रत्येक बच्चे को 1500 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति मिलेगी। उन्होंने बच्चों के चयन पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और स्कूल स्टाफ की सराहना की है।

दीक्षांत स्कूल में 10 व 11 को होंगी प्रतियोगिताएं

हल्द्वानी : उत्तराखंड योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की जिला इकाई की बैठक सोमवार को नैनीताल रोड स्थित योगा स्टूडियो में हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि वर्ष 2024-25 की योगासन प्रतियोगिताएं 10 व 11 अगस्त को होंगी। प्रतियोगिता दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में होंगी। इसमें विजयी खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। बैठक में स्वीटी अधिकारी, भास्कर ओली, नवीन बोरा, प्रकाश पांडे, ज्योति चुफाल, महेश चंद्र पाठक, हिना चुफाल रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते मूल निवासी संघ के लोग। ● अमृत विचार

संविधान हत्या दिवस मनाए जाने का विरोध

हल्द्वानी : मूल निवासी संघ ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाया जाना संविधान का अपमान करना है। कहा कि केंद्र सरकार भारतीय संविधान की गरिमा को बनाए रखने का काम करे। जहां तक आपातकाल की बात है वह भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस ही है। इस दौरान प्रमोद कुमार, गंगा प्रसाद, सुंदरलाल बौद्ध, केसी आर्या, सुमन टम्टा, शंकर लाल, मनोज कुमार, हरीश लोधी मौजूद रहे।

राजेन्द्र नगर में आयोजित नेत्र शिविर में मरीज के आंखों की जांच करतीं चिकित्सक।

निशुल्क नेत्र शिविर में हुई 82 लोगों की जांच

हल्द्वानी : राजेंद्रनगर में प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर की ओर से निशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। जिसमें 82 लोगों के नेत्रों की जांच की गई। साथ ही सभी को निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर के दौरान 10 लोगों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। जिनका मंगलवार को प्रभु नेत्रालय में निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस दौरान हेमंत साहू, प्रीती आर्य साहू, प्रतीक सक्सेना, सना नाज, स्वीटी सरकार, शिवम शर्मा, मोहित मेहता, योगेन्द्र साहू मौजूद रहे।

सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन करते विधायक राम सिंह कैड़ा ● अमृत विचार

पशुपतिनाथ मंदिर में सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण

हल्द्वानी : भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने कोडार ग्रामसभा के पशुपतिनाथ मंदिर में सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक कैड़ा ने कहा कि पशुपतिनाथ मंदिर दर्जनों गांवों के लोगों की आस्था का केंद्र है। मंदिर परिसर में भागवत कथा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन कीर्तन के आयोजन होते हैं। महाशिवरात्रि पर मंदिर में विशेष पूजा व जलाभिषेक किया जाता है। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में सांस्कृतिक मंच नहीं होने से धार्मिक आयोजन टेंट लगाकर करने पड़ते थे। बारिश में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन में ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती थी। इसी को देखते हुए उन्होंने विधायक निधि से मंच बनाने की घोषणा की थी। इधर, सोमवार को उन्होंने सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण किया। इस दौरान दौरान ग्राम प्रधान मयंक कुड़ई, दीपक कुड़ई, भगवन महाराज, चूड़ामणि फुलारा, कीर्ति फुलारा, चंद्रशेखर कुड़ई, जगदीश फुलारा, कान्ति कुड़ई, गोपाल बिष्ट रहे।

आपदा की सच्चाई सामने नहीं आने दे रही सरकार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि आपदा प्रबंधन के मामले में भाजपा सरकार पूरी तरह से असफल साबित हुई है। इस बात की भी संभावना है कि मृतकों की संख्या को जानबूझ कर कम बताया जा रहा है। सरकार ने आपदा प्रबंधन के लिए 355 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है, जो ऊंट के मुंह में जीरे के समान है।

सोमवार को स्वराज आश्रम में पत्रकार वार्ता करते हुए धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि कांग्रेस आपदा के समय जनता के साथ है और लोगों की मदद कर रही है। सरकार निकाय चुनाव कराने से भाग रही है। अभी दो सीटों पर हुए उपचुनाव के बाद भाजपा के पास चुनाव में आने की हिम्मत नहीं बची है। उन्हें पूरा विश्वास है कि केदारनाथ का चुनाव भी कांग्रेस ही जीतेगी। उन्होंने कहा कि चकलुवा में पुलिया बहने से देहरादून-हल्द्वानी मार्ग बंद हो गया है। लोनिवि ने प्रशासन को पहले ही आगाह कर दिया था, लेकिन फिर भी नाले को चैनलाइज नहीं किया गया।

कहा कि भाजपा सरकार केदारनाथ मंदिर से चोरी हुए सोने का हिसाब नहीं दे पा रही है। इसलिए गैरसैंण में अगले विधानसभा सत्र को केवल तीन दिन का किया गया है, ताकि सरकार कांग्रेस के सवालों से बच सके। इस दौरान नीरज तिवारी, जितेंद्र चौहान मौजूद रहे।

शहीद हवलदार तिलक चंद को दी श्रद्धांजलि

हल्द्वानी, अमृत विचार : पांच अगस्त 2003 को ऑपरेशन रक्षक के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले 17 कुमाऊं के शहीद हवलदार तिलक चंद को पूर्व सैनिकों ने श्रद्धांजलि दी। पूर्व मेजर बीएस रौतेला ने बताया कि शहीद हवलदार तिलक चंद का जन्म पिथौरागढ़ के कनालीछीना ब्लॉक के गांव बचकोट में हुआ था। 11 मई 1985 को सेना में भर्ती हुए और 17 कुमाऊं में तैनाती मिली।

उनका एक बेटा अनिल उपाध्याय और बेटी मनीषा हैं। पांच अगस्त 2003 को ऑपरेशन रक्षक के दौरान आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में हवलदार तिलक चंद ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका बेटा अनिल चंद उपाध्याय भी भारतीय सेना के 17 कुमाऊं में ही तैनात है। सोमवार को जिला पूर्व सैनिक लीग कार्यालय में हवलदार तिलक चंद को श्रद्धांजलि दी गई।

4.41 करोड़ से संवारा जा रहा है रामनगर का रेलवे स्टेशन

संवाददाता, रामनगर/हल्द्वानी

अमृत विचार : अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रामनगर रेलवे स्टेशन का लगभग 4.41 करोड़ से कायाकल्प किया जा रहा है। रेलवे का दावा है कि जल्द ही रेलवे स्टेशन नये कलेवर में नजर आएगा।

इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि रामनगर रेलवे स्टेशन से विभिन्न राज्यों के लिए 18 ट्रेनों का संचालन होता है, प्रतिदिन 2,300 से अधिक यात्री आवागमन करते हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इस स्टेशन में सुविधाओं का विस्तार व पुनर्विकास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 4.41 करोड़ रुपये से रेलवे स्टेशन का विकास किया जा रहा है। इसे लोक संस्कृति व वास्कुला को ध्यान में रखकर संवारा जा रहा है। इसमें मुख्य स्टेशन भवन, आगमन/प्रस्थान मार्ग, सर्कुलेटिंग एरिया एवं पार्किंग एक्सटेंशन का काम लगभग 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है। प्लेटफॉर्म अपग्रेडेशन, कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण काउंटर भवन, राजकीय रेलवे पुलिस चौकी भवन का निर्माण पूरा हो चुका है।

इसके अलावा एक वीआईपी लाउंज, एक वेटिंग हॉल, स्टेशन अधीक्षक कक्ष, कंट्रोल कक्ष, एक ट्वायलेट ब्लॉक, पार्किंग, लो-हाइट टैप, आरक्षण काउंटर, स्टेशन परिसर में उन्नत लाइटिंग, वाटर बूथ, पीपी शेल्टर तथा दिव्यांग यात्रियों के अनुकूल यात्री सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। कायाकल्प के बाद रामनगर स्टेशन आधुनिकता के नये कलेवर में दिखाई देगा।

छात्राओं को कॅरियर काउंसलिंग सेल ने दिए सफल होने के टिप्स

संवाददाता, हल्द्वानी

राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में कॅरियर काउंसलिंग के दौरान उपस्थित छात्राएं।

अमृत विचार : राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में सोमवार को कॅरियर काउंसलिंग सेल के अंतर्गत छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कला और कॉमर्स की छात्राओं को एमबीए करने के लिए टिप्स भी दिए गए। कॅरियर लांचर के निदेशक दीक्षित मिश्रा ने छात्राओं को कैट की तैयारी, संस्थान का चुनाव, परीक्षा कार्यक्रम, प्रश्न पत्र प्रारूप, बैंकिंग, एसएससी, सीयूईटी आदि के विषय में जानकारी दी। साथ ही छात्राओं के सामान्य ज्ञान और तार्किक शक्ति की भी परीक्षा ली।

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शशि पुरोहित ने सभी का स्वागत करते हुए छात्राओं को समाज में अपना स्थान बनाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। कॅरियर काउंसलिंग सेल की संयोजक प्रो. रश्मि पंत ने बताया कि किस तरह कॅरियर सेल के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। इस दौरान डॉ. नेहा, डॉ. विद्या कुमारी, डॉ. श्वेता, डॉ. चंद्र प्रकाश मौजूद रहे।

पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश हुए शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : एमबीपीजी कॉलेज में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप छात्र-छात्राओं के तृतीय वर्ष यानी पांचवें सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। पांचवें सेमेस्टर में छात्र-छात्राओं को अपने तीन मुख्य विषयों में से किन्हीं दो विषयों का चयन करना होगा। जिसमें से किसी एक विषय पर लघु शोध कार्य भी करना होगा। प्रत्येक विषय के दो प्रश्न पत्र होंगे।

इसके अतिरिक्त सहगामी पाठ्यक्रम का अध्ययन भी किया जाएगा। विद्यार्थी पांचवें सेमेस्टर में रामचरितमानस के दर्शन से व्यक्तित्व विकास और छठे सेमेस्टर में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय का अध्ययन करेंगे। छात्र-छात्राएं अपने लघु शोध कार्य को अंतःविषयी भी कर सकते हैं।

राज्य आंदोलनकारियों के सम्मेलन को समिति गठित

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : आगामी 17 अगस्त को जय नंदा बैंक्वेट हॉल में राज्य आंदोलनकारियों का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन होगा। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए 21 सदस्यीय संचालन समिति बनाई गई है।

सोमवार को लोक निर्माण विभाग में राज्य आंदोलनकारियों की बैठक हुई। जिसमें राज्य आंदोलनकारी सम्मान परिषद के पूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस नेता धीरेंद्र प्रताप ने सभी राज्य आंदोलनकारियों से राज्य के विकास में योगदान देने की अपील की। हुकुम सिंह कुंवर ने कहा कि राज्यपाल को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की फाइल को शीघ्र निस्तारण करना चाहिए। सम्मेलन के सफल संचालन के लिए 21 लोगों की कमेटी बनाई गई। इसमें संयोजक भुवन जोशी, प्रवक्ता डॉ. केदार पलडिया, सचिव पान सिंह सिजवाली, प्रचार सचिव नीरज तिवारी, कोषाध्यक्ष मनमोहन सिंह कनवाल को चुना गया है। नीरज तिवारी को परिषद का केंद्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया। सम्मेलन में विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सभी सांसद, विधायकों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में हेमंत बगड़वाल, प्रभात ध्यानी, कैलाश शाह, डॉ. बालम सिंह बिष्ट, हेमचंद पाठक, डॉ. निशांत पपनै, हरीश पाठक, योगेश सती, पान सिंह नेगी रहे।

आंदोलन रूद्रप्रयाग में हुई दुर्घटना के मामले में परिवहन विभाग के चार कर्मचारियों को निलंबित करने का विरोध कर रहे हैं कर्मचारी

परिवहन विभाग में आज कामकाज ठप रखेंगे मिनिस्ट्रीयल कर्मी

संवाददाता, हल्द्वानी

आरटीओ कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ और प्रवर्तन सिपाही कर्मचारी संगठन के सदस्य।

अमृत विचार : उत्तराखंड परिवहन मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ ने सोमवार को परिवहन कार्यालय में दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान लाइसेंस समेत वाहनों से संबंधित सभी कार्य ठप रहे। इधर, कर्मचारियों ने मंगलवार (आज) को पूर्ण कार्य बहिष्कार का ऐलान किया है।

जून माह में रूद्रप्रयाग में हुई दुर्घटना के मामले में परिवहन विभाग के चार कर्मचारियों को निलंबित किया गया था। जिसमें दो मिनिस्ट्रियल व दो प्रवर्तन कर्मचारी शामिल हैं। निलंबित किये गए कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर परिवहन कार्यालय में मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ और प्रवर्तन सिपाही कर्मचारी संगठन के सदस्यों का विरोध-प्रदर्शन चल रहा है। सोमवार को कर्मचारियों ने सुबह 10 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक कार्यबहिष्कार किया। इस दौरान मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष नीरज चौहान ने बताया कि मंगलवार पूरे दिन कार्य बहिष्कार किया जाएगा।

इस दौरान मांगों को लेकर नारेबाजी और धरना-प्रदर्शन भी किया जाएगा। बताया कि चार दिन तक पूर्ण कार्य बहिष्कार के बाद भी मांग पूरी नहीं हुई तो कर्मचारी उग्र आंदोलन के लिए रणनीति बनाएंगे। कार्य बहिष्कार के दौरान प्रवर्तन सिपाही कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बिष्ट, आनंद बल्लभ पांडे, अमित सती, रोहित मेलकानी, अनिल रावत, आनंद बल्लभ उप्रेती, हरेंद्र बाफिला, प्रेम रावत, मनोज मिश्रा, राजेंद्र सिंह बिष्ट, गिरीजा शंकर पांडे, हेम आर्या, हिमांशु तड़ागी आदि रहे।

अब फिटनेस समाप्त होने पर नहीं लगेगा जुर्माना

हल्द्वानी : वाहन स्वामियों के लिए राहत की खबर है। अब फिटनेस समाप्त होने के बाद जुर्माना नहीं लिया जाएगा। परिवहन विभाग ने फिटनेस समाप्त होने के बाद 50 रुपये प्रतिदिन ली जाने वाली जुर्माना राशि को बंद कर दिया है। इस संबंध में परिवहन आयुक्त की ओर से आदेश जारी किया गया है। इधर, परिवहन विभाग शहर के कमर्शियल कांप्लेक्स एवं शोरूम के बाहर खड़े होने वाले वाहनों को लेकर भी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ऐसे संस्थानों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए डीएम को रिपोर्ट भेजी जाएगी। साथ ही नैनीताल रोड के दोनों ओर खड़े होने वाले भारी वाहनों और बसों को भी चिन्हित किया गया है। परिवहन संभागीय अधिकारी संदीप सैनी ने बताया कि बुधवार को संभागीय कार्यालय में सभी वाहन संचालकों के साथ बैठक की जाएगी। जिसमें सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में नैनीताल रोड को भारी वाहनों की पार्किंग से मुक्त करने पर वार्ता होगी।

सार-संक्षेप

सितारगंज में फरियादियों के लिए शुरू हुई नई तहसील

सितारगंज : तहसील के नवनिर्मित भवन में सोमवार से सर्वप्रथम तहसीलदार पूजा शर्मा ने कार्य शुरू कर दिया। वहीं खतौनी वितरण का कार्य भी सोमवार से आरम्भ कर दिया गया है। तहसील कार्यालय पूर्व में कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर मे संचालित किया जा रहा था। शनिवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने नव निर्मित भवन का शुभारम्भ किया। सोमवार को तहसीलदार ने नए भवन से कार्य आरम्भ कर दिया है। साथ ही खतौनी कक्ष भी स्थापित कर दिया गया है। जिससे प्रथम दिन कुल 30 लोगों को खतौनी वितरित की गईं। जल्द ही राजस्व विभाग से संबंधित अन्य सभी कार्यालय भी नए भवन मे स्थापित हो जायेंगे। जिसमे उपजिलाधिकारी कार्यालय, रजिस्ट्रार कानूनगो, नाजिर कार्यालय, पूर्ती विभाग सभी के लिए कक्ष बनाए गए हैं।

मारपीट में दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल

घायल पूजा।

घायल हरि सिंह।

बाजपुर : मारपीट की दो घटनाओं में दो महिलाओं सहित तीन लोग घायल हो गए जिन्हें पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं एक मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा तहरीरें दी हैं। ग्राम खमरिया यादव होटल के पीछे निवासी पूजा पत्नी उमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि रविवार की देर रात करीब आठ बजे विद्युतापूर्ति बाधित होने पर वह अपने बच्चों के साथ छत पर चली गई। आरोप है कि इसी बीच पड़ोसी हरि सिंह, उसकी पत्नी भगवान देई व बेटी अनीता ने बिना किसी बात के गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गई। आरोपियों ने गर्भ में पल रहे शिशु को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी और इससे पहले भी उसके साथ कई बार इसी तरह मारपीट कर चुके हैं। वहीं दूसरे पक्ष के हरि सिंह ने पुलिस को बताया कि पूजा ने बिना कुछ सोचे-समझे हरि सिंह के ऊपर डंडे से प्रहार कर दिया जिससे उसकी नाक में काफी चोटें आई हैं। मारपीट की एक अन्य घटना में मोहल्ला गांधीनगर निवासी भूरी पत्नी दीपक घायल हो गई, जिसे उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

आदेश ठाकुर का स्वागत करते भाजपाई। ● अमृत विचार

नामित सदस्य बनने पर आदेश ठाकुर का स्वागत

सितारगंज : भाजपा नेता आदेश ठाकुर को उत्तराखंड संगठित कर्मकार समाजिक सुरक्षा बोर्ड का नामित सदस्य बनने पर स्थानीय भाजपाइयों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है उसका पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। स्वागत करने वालों मे भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, मण्डल अध्यक्ष आदेश चौहान, सुखदेव सिंह, उमाशंकार दुबे, संदीप गुप्ता सोनू,अमित रस्तोगी आदि शामिल रहे।

सात सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर सहकारी समितियों के कर्मी

सहकारी समिति कर्मचारी यूनियन हुआ लामबंद, उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सात सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी यूनियन के बैनर तले कर्मचारियों ने गांधी पार्क में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि संगठन पिछले लंबे समय से मांगों को लेकर संघर्षरत है। आगाह किया कि यदि जल्द ही मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

सोमवार को सहकारी समिति कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी और सचिव शुभम त्यागी की मौजूदगी में कर्मचारियों ने कार्यालयों में तालाबंदी की और गांधी पार्क में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि पिछले लंबे समय से अन्य जिलों से ऊधमसिंह नगर में समायोजित कर्मचारियों की नियुक्ति निरस्त करते हुए एक समिति से दूसरी समिति में जिला सहायक निबंधक द्वारा किए गए समायोजित कर्मियों को बहाल करने का मुद्दा उठाया जा रहा है।

गांधी पार्क में धरना सभा को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

इसके अलावा हानि-इम्बैलेंस की समितियों में कैडर फंड नहीं लिया जाए, वरिष्ठ कर्मचारियों को समिति सचिव का दायित्व देने, निबंधक की पत्रांक का पालन करने, मूल्य समर्थन के कार्य की अनुमति देने, समितियों को 40 फीसदी ब्याज की धनराशि को देने, सेवानिवृत कार्मिकों के सभी देयकों का भुगतान करने, निबंधक की विधि रीट वर्ष 2023-24 को बहाल करने का मुद्दा उठाया जा रहा है। बावजूद शासन-प्रशासन ने उनकी मांगों पर कोई गौर नहीं किया। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर हरीश जोशी, राजवीर सिंह, जावेद आलम, वसीम खान, पंकज कुमार, इंद्र कुमार, आनंद स्वरूप, रमन चौधरी, सुरेश अरोड़ा, दिव्या शेरावत आदि मौजूद रहे।

लाभार्थी को मनाने के बाद बाहर आते पूर्व विधायक ठुकराल। ● अमृत विचार

चेक वापस करने पहुंचा लाभार्थी, ठुकराल ने रोका

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: पांच हजार के चेक पर तीन हजार की कमीशन का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ है। लाभार्थी मुख्यमंत्री राहत कोष से जारी पांच हजार का चेक तहसीलदार को वापस करने तहसील कार्यालय पहुंच गया। जिसकी भनक लगते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने लाभार्थी को रोका और दोबारा फाइल बनाने का आश्वासन देकर मनाया। साथ ही स्थानीय नेताओं पर पैरवी नहीं करने का आरोप लगाया, जबकि सीएम को वास्तविकता की जानकारी नहीं दी।

सोमवार को लाभार्थी भगवान दास अपनी तीनों बेटियों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचे और पांच हजार का चेक वापस करने की कोशिश की। जिसकी भनक लगते ही पूर्व विधायक ठुकराल मौके पर पहुंचे और लाभार्थी को समझाकर चेक वापस नहीं करने पर मनाया। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि गरीबी का उपहास उड़ाने के कारण लाभार्थी चेक वापस करने आया था, जबकि पुलिस ने सत्ताधारियों को खुश करने के लिए प्रकरण को उठाने वाले सुरजीत शर्मा को सूत्रधार बताकर जेल भेज दिया, जबकि जावेद नाम का आरोपी ही प्रकरण का सूत्रधार है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक की कमी है जिसने सीएम दरबार तक पैरवी नहीं की। जबकि सत्यता यह है कि लाभार्थी ने सड़क हादसे में घायल होने के बाद कर्ज व मकान बेचकर लाखों रुपये लगाये और जब सीएम से राहत मांगा तो सीएम को सही जानकारी नहीं दी। पांच हजार का चेक देकर उपहास उड़ाया गया। अब प्रकरण में किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं हो। उन्होंने कहा कि वह खुद अब पीड़ित की राहत कोष की फाइल बनाकर सीएम से वार्ता करेंगे और बेहतर मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे।

पुत्र का अपहरण कर मारपीट का आरोप

काशीपुर: एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात लोगों पर उसके पुत्र का अपहरण कर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्राम गंगापुर निवासी पंकज सिंह ने कुंडा थाना पुलिस को तहरीर सौंपी। कहा कि रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसका नौ वर्षीय पुत्र अनिरुद्ध घर से बाहर खेलने गया था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। करीब एक घंटे बाद घर के पड़ोस में कार्य कर रहे ग्राम सरवरखेड़ा निवासी राजमिस्त्री की पत्नी ने कॉल कर बताया कि पुराने ढेला के पुल के नीचे एक बच्चा जोर-जोर से चिल्ला रहा है। कुछ लोग उसके साथ मारपीट कर रहे हैं। इस सूचना पर गांव की कुछ महिलाएं वहां पहुंची तो मारपीट कर रहे लोग बच्चे को छोड़कर भाग गए। अनिरुद्ध ने बताया कि वह ग्राम गंगापुर का रहने वाला है। सूचना मिलने पर परिजन उसे घर ले आए। पंकज ने आरोपियों की शिनाख्त कर कार्रवाई की मांग की है।

सुभाष नगर में गंदा पानी आने से लोगों का गुस्सा फूटा, प्रदर्शन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सुभाष कॉलोनी में पिछले दो साल से नलों में गंदा पानी आ रहा है। इसको लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। विरोध में क्षेत्र के लोगों ने जल संस्थान कार्यालय में धरना दिया और प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने कि अगर तीन-चार दिन के अंदर समस्या का समाधान नहीं होगा तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन के साथ कार्यालय में तालाबंदी करेंगे।

सोमवार को जल संस्थान कार्यालय पहुंचे सुभाष कॉलोनी के लोगों का कहना है कि पिछले दो साल से उनके घरों में नलों से गंदा पानी आ रहा है। पानी भी मात्र 15 मिनट तक ही आता है। इसको लेकर कई बार शिकायत की गयी, लेकिन समस्या का समाधान आज तक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि घरों में गंदा पानी आने से बीमारियों का खतरा बना हुआ है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि कॉलोनी में जो पानी आ रहा है उसमें गंध आ रही है।

जल संस्थान के एसडीओ को जानकारी देते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि अगर कोई भी कर्मचारी कॉलोनी से लाए गये पानी की एक बोतल पानी पी ले तो उसे पांच सौ रुपये का इनाम देंगे और 10 बोतल पी ले तो पांच हजार रुपये का इनाम देंगे। इसके बाद उन्होंने जल संस्थान के एसडीओ ललित मोहन को एक ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर रुखसाना बेगम, सहाना बेगम, हसीन जहां, शिफा गायन, कमला देवी, रामकली, अब्दुल खालिद, डॉ. हबीब अहमद, आरिफ अहमद, लालता प्रसाद, मोहम्मद सलीम, मनोज छाबड़ा, संदीप राय आदि मौजूद रहे।

सुबह बारिश से राहत दोपहर बाद हुई गर्मी

रुद्रपुर, अमृत विचार: रुद्रपुर में सुबह के समय हुई हल्की बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। वहीं दोपहर बाद तेज धूप निकलने पर लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ा। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने मंगलवार को भी इसी तरह का मौसम होने की संभावना व्यक्त की है। तराई में पिछले कई दिनों से चटक धूप के साथ ही उमस हो रही थी। सोमवार की सुबह हुई बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली, लेकिन दोपहर बाद तेज धूप निकलने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई में सुबह के समय तीन मिलीमीटर बारिश हई।

न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी उधमसिंह नगर

अपील संख्या 231 वर्ष 2023-24 II/I/ जो०व० अधिनियम ग्राम मुंडिया कला तहसील बाजपुर जिला उथमसिंह नगर।

धारा-IIII/ हरदयाल सिंह बनाम रोशन लाल आदि

सम्मन बनाम - रोशन लाल, 2- गनपत 3 किशोरी लाल पुत्रगण लेखराज निवासी गण- मुडियाकला तहसील बाजपुर जिला उधम सिंह नगर।

चूँकि मुशम्मी अपीलकर्ता हरदयाल सिंह ने आपके नाम एक नालिश अपील अ. धारा II(I) जो.चं. अधिनियम के तहत योजित की है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप x x x x बतारीख 21-08-2024 अदालत यह मार्फत किसी वकील के या हालात मुकदमा से बखूबी वाकिफ हो और जो मुक्दमा हाजा की जबाबदेही कर सके, मय कागजात के हाजिर अदालत हो, वरना आपकी गैरहाजिरी में मुक्दमा हाजा फैसला होगा।

आज दिनांक 31-07-2024 को मेरे दस्तखेत व मोहर अदालत के जारी किया गया।

रीडर
न्या. बन्दोबस्त अधिकारी
चकबंदी, जनपद ऊधमसिंह नगर

कार्यालय नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा

पत्रांक : 772/8-2(2024-2025) **ई-निविदा सूचना** दिनांक : 05 अगस्त, 2024

एतद्द्वारा नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार निर्माण कार्य की निविदा वेबसाईट https//uktenders.gov.in पर दिनांक 06.08.2024 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 19.08.2024 को सांय 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो कि दिनांक 20.08.2024 के पूर्वान्ह 03:00 बजे उपरान्त उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति द्वारा कार्यालय नगर पालिका परिषद्, अल्मोड़ा में खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धि विस्तृत जानकारी / शर्ते नगर पालिका कार्यालय के निर्माण अनुभाग अथवा https//uktenders.gov.in से भी प्राप्त की जा सकती है। अपरिहार्य कारण से निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा की वैधता	ठेकेदार की श्रेणी
1	मुंशी हरि प्रसाद टम्टा धर्मशाला और क्राफ्ट म्यूजियम का निर्माण।	68.84	2.06	4000.00 +18% G.S.T.	08 माह	90 दिन	डी.

(भरत त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा

(जयवर्धन शर्मा)
प्रशासक,
नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा

किच्छा में नहीं डालने देंगे रुद्रपुर का कूड़ा

संवाददाता, किच्छा

एन यू खान।

अमृत विचार: नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत सिरौली कला वार्ड नंबर 17 में ट्रंचिंग ग्राउंड बनाए जाने का विरोध करते हुए कांग्रेस जिला सचिव एनयू खान ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विरोध करने का आह्वान किया। कांग्रेसी नेता खान ने कहा कि मीडिया के माध्यम से उन्हें जानकारी मिली है कि नगर पालिका अंतर्गत वार्ड नंबर 17 में आबादी क्षेत्र के निकट जिला प्रशासन द्वारा रुद्रपुर का कूड़ा डालने के लिए ट्रंचिंग ग्राउंड की योजना बनाई जा रही है जबकि यह भूमि किच्छा का कूड़ा एकत्रित करने के लिए खरीदी गई है। कहा कि ट्रंचिंग ग्राउंड के निकट आबादी क्षेत्र होने के चलते दुर्गंध तथा भयंकर बीमारियां फैलने की आशंका पैदा हो जाएगी। उन्होंने रुद्रपुर में वर्षों से लगे कूड़े के ढेर का उदाहरण देते हुए कहा कि क्षेत्रीय जनता कई दशकों से कूड़े के ढेर को हटाने की मांग कर रही थी जिसका समाधान अब जिलाधिकारी के प्रयासों से संभव हो पाया है।

हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फनीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी-263132

आरआरएम – पंकज सिंह चौधरी – 7081828333, आरएलएम – अरुण कुमार सिंह – 9506011777, सीआरएम– जनेश्वर प्रसाद–9917778324, सीएलएम– श्री रवि दीक्षित 9794347032

सांकेतिक कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

क्र. सं.	कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता	मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि	बकाया राशि	अचल सम्पतियों का विवरण
1	आवेदन नं. UP/HDW/RDRP/A000000079 R UP/HDW/RDRP/A000000152 **श्री दिनेश कुमार गोयल और श्रीमती रीना गुप्ता, दोनोंः** मकान.नं. 29, वार्ड नं.4, मेन मार्केट मसवासी रामपुर, रुद्रपुर उत्तर प्रदेश भारत - 244924	28-03-2024 / 30-07-2024 सांकेतिक	₹ 13,07,419/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि	**69/102, वार्ड नं. 6, मुख्य बाजार मसवासी, तहसील-स्वार, जिला-रामपुर, उत्तर प्रदेश-244924, मसवासी, शिव मंदिर के पास, रामपुर, उत्तर प्रदेश-244924 में स्थित क्षेत्रफल 139.45 वर्ग मी.,** चौहद्दीः उत्तर में- भगवती का मकान, दक्षिण में - 14 फीट चौड़ी सड़क, पूरब में - डॉ. शिव कुमार का मकान, पश्चिम में - रणवीर सिंह पुत्र रघुवीर सिंह का मकान
2	आवेदन नं. UP/HDW/KSHP/A000000117 & CO/CPC/CPCO/A000000115 **श्री मोहम्मद फरहान और श्रीमती फरजाना, बेडम, दोनोंः** वार्ड नं. 8, मोहल्ला, लक्ष्मीपुर, पट्टी, काशीपुर, काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत - 244713	28-03-2024 / 30-07-2024 सांकेतिक	₹ 10,37,940/- दिनांक 10-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि	**खसरा नं. 99 मिन, मौजा लक्ष्मीपुर पट्टी, मिलन मैरिज हॉल के पास, काशीपुर, पुलिस स्टेशन - काशीपुर, यू.एस. नगर, उत्तराखंड 244713 में स्थित क्षेत्रफल -111.48 वर्ग मी.,** चौहद्दीः पूरब में - नावेद की संपत्ति, पश्चिम में - खलील की संपत्ति, उत्तर में - 14 फीट चौड़ी रोड़, दक्षिण में - अफरोज जहां की संपत्ति
3	आवेदन नं. UP/HDW/KSHP/A000000053 UP/HDW/HDWN/A000000501 **श्री दयाल राम, श्रीमती खिमुली डीईडब्ल्यू डयू श्री दानी राम, सभीः** दुर्गा कॉलोनी काशीपुर, सेमीअर्बन, काशीपुर, उत्तराखंड, भारत - 244713	25-03-2024 / 30-07-2024 सांकेतिक	₹ 18,22,661/- दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि	**खाता नं. 184 मिन, जोकि गाँव जसपुरखुर्द तहसील काशीपुर, जिला यू.एस. नगर, कुल क्षेत्रफल 3000 वर्ग फुट अर्थात 278.81 वर्ग मी.,** चौहद्दीः पूरब में - विक्रेता की भूमि, पश्चिम में - शर्मा जी की भूमि, उत्तर में - कच्चा चक रास्ता, दक्षिण में - कच्चा चक रास्ता
4	आवेदन नं. UP/ HDW/ HDWN/A000000312 **श्री आदिल हुसैन और श्रीमती निघर बेगम, दोनोंः** माजरा शिला गदरपुर यू.एस. नगर, गदरपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263152	25-03-2024 / 31-07-2024 सांकेतिक	₹ 7,08,429/- दिनांक 21-03-2024 तक + ब्याज इत्यादि	**गाँव/मौज़ा-गदरपुर तहसील/थाना- गदरपुर, जिला-यू एस नगर, खाता नं. 00361, खसरा नं. 103 मिन, प्राइवेट प्लॉट/मकान नं. सब रजिस्ट्रार-बाजपुर, जिला-यू एस नगर, क्षेत्रफल 1313.88 वर्ग फुट या 122.10 वर्ग मी.,** चौहद्दीः उत्तर में - उमर अली का मकान, दक्षिण में - नाहर 11 मीटर चौड़ा रास्ता, पूरब म- दलीप का मकान, पश्चिम में - 8 फीट चौड़ा रास्ता

दिनांक : 03-08-2024, स्थान : हल्द्वानी — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

किच्छा में जन समस्याएं सुनते कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़। ● अमृत विचार

जनसंवाद में कांग्रेस विधायक बेहड़ ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने जन संवाद कार्यक्रम के तहत क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुना और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया।

प्रत्येक सोमवार को आवास विकास स्थित कार्यालय में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में विधायक बेहड़ क्षेत्र वासियों की समस्याओं को सुनते हैं। इस दौरान वार्ड 16 निवासी नजमा, समर जहां, आमना बी, चंदा खान ने राशन कार्ड एवं 50 मीटर सड़क निर्माण, विकास कॉलोनी निवासी सोनम ने नौकरी, वार्ड नंबर 3 बालाजीपुरम निवासी गोपाल बिष्ट, कृष्ण मुरारी यादव, लक्ष्मण सिंह कार्की, मेहर सिंह ने 300 मीटर सड़क निर्माण, ग्राम भमरोला निवासी मेघनाथ में पुत्री के विवाह के लिए आर्थिक मदद, ग्राम पटेरी निवासी मोहन स्वरूप ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाए जाने आदि से अवगत कराते हुए जल्द समाधान करने का आग्रह किया। विधायक बेहड़ ने कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करते हुए अन्य समस्याओं से संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता की। इस मौके पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, कांग्रेस जिला महासचिव गुलशन सिंधी, ओमप्रकाश दुआ, सुनीता कश्यप, राजेश प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंधी आदि मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र — कम खर्च, ज्यादा मुनाफा

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

साइज	4x5 सेमी	600/- रु.
साइज	4x6 सेमी	720/- रु.
साइज	4x7 सेमी	840/- रु.

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रुद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार — लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कुमाऊं संस्करण — **स्मृतियाँ शेष**

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

किशोरियों की बरामदगी नहीं होने पर भड़के हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता

थाना ट्रांजिट कैंप के सामने किया धरना-प्रदर्शन, दो दिन का अल्टीमेटम, 19 जुलाई से हैं लापता

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: 19 जुलाई को थाना ट्रांजिट कैंप से लापता हुई दो सगी नाबालिग बहनों की बरामदगी नहीं होने पर हिंदूवादी संगठनों ने थाने के सामने धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने आगाह किया कि यदि दो दिन के अंदर किशोरियों की बरामदगी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

सोमवार को विहिप और बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ता थाना ट्रांजिट कैंप में एकत्र हुए। जहां उन्होंने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि 19 जुलाई की रात्रि वार्ड-आठ ट्रांजिट कैंप के रहने वाला एक परिवार खाना खाकर सो गया। 20 जुलाई की सुबह देखा तो उनकी दोनों नाबालिग बेटियां गायब थीं। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि दोनों किशोरी अपने भूत बंगला में रहने वाले अपने मामा के यहां देखी गई थी। वहां से अचानक गायब हो गई।

आरोप था कि किशोरियों के लापता होने के 16 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक कोई सुराग नहीं लगा सकी है। जिस कारण अप्रिय घटना की आशंका से परिजन चिंतित हैं। हंगामे के सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष भारत सिंह मौके पर पहुंचे और जल्द ही किशोरियों को बरामद करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर सुल्तान सिंह, जोगेंद्र सिंह, सुदेश दास गुप्ता, शुभम पाल, यश चौहान, राकेश कश्यप, दिनेश दिवाकर, रमेश पाल, चंदन सिंह, नन्हे चौहान आदि मौजूद रहे।

ट्रांजिट कैंप थाने में धरना देते विहिप और बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

रुद्रपुर में सेवानिवृत्त जज को ठगने का किया प्रयास

संवाददाता, रुद्रपुर

जालसाजी

- जिला उपभोक्ता फोरम से सेवानिवृत्त हुए हैं सबाहत खान
- बेटे के अपराध में फंसने का झांसा दिया

अमृत विचार: साइबर ठग ने एक रिटायर्ड जिला उपभोक्ता फोरम के जज को कॉल कर बेटे को संगीन अपराध में जेल भेजने की धमकी दी। जब सेवानिवृत्त जज ने बेटे को कॉल की तो वह सकुशल मिला। जिसकी वजह से ठग का फैलाया जाल फ्लॉप हो गया।

वैशाली कॉलोनी निवासी सबाहत हुसैन खान पिछले कुछ माह पहले ही जिला उपभोक्ता फोरम से जज पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, जबकि बेटा हैदराबाद में नौकरी करता है। बताया कि सोमवार की सुबह 11 बजे उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप कॉल आया। व्हाटसअप नंबर पर पुलिस कर्मी की डीपी भी लगी थी और कॉलर ने खुद को पुलिस का अधिकारी बताया। साथ ही पुलिसिया रौब में बताया कि उनके बेटे हैदराबाद में एक गंभीर अपराध किया है और पुलिस ने उसे पकड़ लिया है।

यदि बेटे को बचाना चाहते हो तो शीघ्र गूगल पे नंबर पर धनराशि का भुगतान कर दो। वरना मामला बिगड़ता चला जाएगा। इसके बाद साइबर ठग ने फोन काट दिया, लेकिन सेवानिवृत्त जज घबराए नहीं और बेटे को कॉल कर कुशलक्षेम पूछी। बेटे ने बताया कि वह ठीक है और ऑफिस में कार्य कर रहा है। जिसके बाद रिटायर्ड जज ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर, एसएसआई अशोक कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र की पड़ताल की जा रही है। पुलिस प्रकरण की तफ्तीश कर कार्रवाई करेगी।

सार-संक्षेप

घर में लगी आग में फंसे युवक को बचाया

काशीपुर : घर में लगी आग के दौरान फंसे युवक को फायर यूनिट ने मौके पर पहुंचकर बचाया। घटना के समय युवक घर पर अकेला था। इससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। रविवार की देर रात वैशाली कॉलोनी में एक घर में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से एक यूनिट घटनास्थल पर पहुंची और पंपिंग कर आग बुझाना शुरू किया। अधिक आग फैल जाने के कारण दूसरी यूनिट को भी मौके पर बुलाया गया। दोनों ही फायर यूनिटों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। इस दौरान मौके पर मौजूद मकान स्वामी ने बताया कि उनका बेटा अंदर ही फंसा हुआ है। फायर यूनिट ने मकान में खोजबीन कर युवक को मकान की छत से सकुशल रेस्क्यू किया। फायर यूनिट ने बताया कि युवक को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। टीम में लीडिंग फायरमैन चंदन सिंह बिष्ट, फायरमैन अर्जुन सिंह, अमरीश कुमार, विनोद कुमार, कृपाल सिंह, आकाश गैरोला, सनी कुमार व चालक संदीप शर्मा, दीपक राठौर मौजूद रहे।

गले में जूतों की माला डालकर निकाला कैंडल मार्च

भगत सिंह चौक पर श्रद्धांजलि देते ओमप्रकाश वर्मा व उनकी पत्नी।

बाजपुर : कब तक दुष्कर्म में मारी जाती रहेंगी मासूम बेटियां ? इस प्रश्न के उत्तर में बाजपुर का एक परिवार लगातार मासूम बेटियों को श्रद्धांजलि देकर इन घृणित जघन्य अपराधों को रोकने की मांग करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि अपराध रोकने के लिए भले ही सरकार कानून पर कानून बना रही है, लेकिन बेटी का नरसंहार न हो इसकी भी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। कर्मयोग साधना समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा गले में जूतों की माला डालकर वार्ड नंबर-1 मझरा प्रभु से शहीद भगत सिंह चौक तक कैंडल मार्च निकाल कर शहीद-ए-आजम भगत सिंह की प्रतिमा के पास पहुंचे।

उपचार में खर्च की रकम मांगने पर भाई को पीटा

बाजपुर : उपचार पर लगाए गए हजारों रुपये वापस मांगने पर भाई ने भाई पर हमला करके लहूलुहान कर दिया। जिसे गंभीर हालत में उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। मामले की तहरीर कोतवाली में दी गई है। नगरपालिका के वार्ड-11 मोहल्ला पहाड़ी कॉलोनी निवासी रोहित पुत्र रामबिलास ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि सगे भाई शंकर की पत्नी लक्ष्मी के इलाज के लिए 40 हजार उधार लेकर और 15 हजार रुपये बाइक गिरवी रखकर दिए थे। आने-जाने में परेशानी के चलते सोमवार को जब भाई से कहा गया कि उसकी बाइक छुड़ा दे उसे बहुत जरुरत है। इस पर भाई द्वारा बाइक छुड़ाने से मना कर दिया गया और कहा गया कि हमारे पास कोई पैसा नहीं है। दोनों ने मिलकर रोहित पर हमला कर दिया जिससे उसके गंभीर चोटें आई हैं। वहीं पुलिस द्वारा घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

घायल रोहित।

अस्पताल में मरीज ने दूसरे बीमार को चाकू मारा

काशीपुर : एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय में ओएसटी केंद्र पर एक मरीज ने दूसरे मरीज पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे दूसरे मरीज के पेट में चोट आई है। ओएसटी केंद्र में तैनात महिला कर्मियों ने कटोराताल चौकी पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर सौंपी है। एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय के ओएसटी केंद्र प्रभारी डॉ. सुचेता सिंह ने कटोराताल पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि किसी बात को लेकर एक मरीज ने केंद्र पर तैनात काउंसलर के साथ अभद्रता कर दी। जिसके बाद दूसरे मरीज ने इसका विरोध किया। इस पर आरोपी ने दूसरे मरीज पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से दूसरा मरीज घायल हो गया। जिसको इमरजेंसी में ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसके पेट में हुए घाव पर टांके लगा दिए। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। एसआई विपुल जोशी ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

फौजदारी के दो मामलों में आरोपी दोषमुक्त

पंतनगर : विवि परिसर के टा-कॉलोनी शिवालय मंदिर में पुजारी जगदीश प्रसाद ने रुद्रपुर निवासी विशाल गुप्ता पर चार लाख रुपये लेने के बावजूद प्लॉट नहीं देने का आरोप लगाया था। बाद में विशाल ने जगदीश प्रसाद को रुपये वापस करने के नाम पर दो चेक (एक लाख और तीन लाख रुपये) जो बाउंस हो गए। हालांकि विशाल के पार्टनर ने जगदीश को प्लॉट की रजिस्ट्री कर दी थी। मामले में जगदीश ने विशाल के खिलाफ उधार लिए चार लाख रुपये के एवज में दिए दो चेक बाउंस होने की बात कहकर फौजदारी (138 बी) के तहत दो मुकदमे कर दिए। लगभग चार वर्ष चली मुकदमें की कार्रवाई, फिर सोमवार को दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद चतुर्थ सिविल जज सीनियर डिवीजन रुद्रपुर नदीम अहमद ने आरोपी विशाल गुप्ता को दोषमुक्त करार दिया। मुकदमे में विशाल की ओर से पैरवी एडवोकेट रिजवान खान ने की।

दहेज उत्पीड़न में सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

काशीपुर : दहेज में कार, एसी व नकदी की मांग करने का आरोप लगाते हुए एक विवाहिता ने पति समेत सात ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम बांसखेड़ा निवासी एक महिला ने कहा कि 1 फरवरी 2023 को उसकी शादी अरविंद सिंह निवासी मुरादाबाद से हुई थी। शादी के बाद ही पति समेत सास, ससुर, जेठ, जेठानी, देवर, ननद आए दिन उसे ताने देते हुए दहेज में आल्टो कार, एसी व 3 लाख रुपये की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते थे। पुत्र को जन्म देने के बाद भी ससुरालियों का उत्पीड़न जारी रहा। 29 मई को ससुरालियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। 1 जून 2024 की शाम पति व देवर ने उसके घर आकर अभद्रता व मारपीट की। तहरीर पर पुलिस ने सातों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में दो छात्र हुए लापता

काशीपुर : संदिग्ध परिस्थितियों में दो छात्र लापता हो गये। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की है। पुलिस को दी तहरीर में आवास विकास निवासी नीमा देवी पत्नी खड़कराम ने बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र भास्कर व उसके पड़ोस में उसके साथ पढ़ने वाला 14 वर्षीय उज्जवल पुत्र संजय सक्सेना बीती 3 अगस्त की दोपहर से लापता हैं। उसी दिन उनका फोन आया कि वह साथ हैं तब से अब तक उनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों छात्रों की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

शिक्षिकाओं के एडिट फोटो वायरल करने पर आक्रोश

संवाददाता, बाजपुर

- साइबर अपराधी पर कार्रवाई नहीं होने पर पुनः फोटो वायरल कर दी चुनौती

अमृत विचार: एक कॉलेज की अध्यापिकाओं के एडिट अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने से अध्यापिकाओं व प्रबंधन कमेटी में रोष है। इसमें अध्यापिकाओं द्वारा ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन साइबर अपराधी के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह पुनः फोटो वायरल कर खुली चुनौती दे रहा है।

आदर्श कन्या इंटर कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र खत्री, प्रबंधक सुनील खन्ना ने बताया कि चार माह पहले एक स्कूली अध्यापिका की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर डाली गई थी। इसकी तहरीर पांच अप्रैल को कोतवाली में रिसीव कराई गई जिसमें पुलिस ने मामला दर्ज किया है, लेकिन मामला साइबर क्राइम का होने के कारण अभी पुलिस को रिपोर्ट आने का इंतजार है, जबकि अपराधी अभी भी पोस्ट डाल रहा है जिससे अध्यापिकाओं को मानसिक पीड़ा के चलते शिक्षण कार्य भी प्रभावित हो रहा है। डॉ. खत्री ने कहा कि मामला स्कूल के स्वाभिमान का है। पुलिस द्वारा जल्द अपराधी को नहीं पकड़ा गया तो स्कूल का प्रबंध तंत्र न्यायपालिका के साथ जनआंदोलन भी किया जाएगा। कोतवाल नरेश चौहान का कहना है कि मामला साइबर क्राइम का है जिसमें जांच चल रही है, जल्द ही अपराधी तक पहुंचने का प्रयास होगा।

कांग्रेसियों का एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन

- दो अगस्त को परिवार पर हुआ था हमला
- कार्रवाई नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में जानलेवा हमला करने के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से भड़के लोगों ने कांग्रेस नेता के साथ एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और एसपी सिटी को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

सोमवार को कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा के साथ बड़ी संख्या में लोग एसएसपी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन करने के बाद एसपी सिटी मनोज कत्याल का घेराव किया। उनका कहना था कि 2 अगस्त को राजा कॉलोनी निवासी बुद्धसेन के परिवार पर दबंग पड़ोसी ने साथियों के साथ मिलकर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। जिसमें परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जबकि महिलाओं के साथ अभद्रता भी हुई।

आरोप था कि घटना की तहरीर दिए तीन दिन का समय हो चुका है। बावजूद पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। जिसकी वजह से हमलावर खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ितों को धमकी दे रहे हैं। उन्होंने एसपी सिटी ने मुकदमा दर्ज कर जल्द ही गिरफ्तारी की मांग की। एसपी सिटी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। इस मौके पर रामनिवास मौर्य, कलावती देवी, सुषमा देवी, सीमा शर्मा, नन्ही देवी, राजकुमारी, गंगा देवी, प्रमोद कुमार, सुधा देवी, आकाश पाल, पवन शर्मा, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

एसएसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते पीड़ित व कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

लाखों की ठगी कर महिला फरार

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: एक समूह की महिलाओं को लालच देकर आरोपी महिला लाखों रुपये की ठगी कर फरार हो गई। इसके चलते समूह की महिलाओं ने पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा के सामने हंगामा कर आरोपी महिला को पकड़ने व उनका पैसा वापस दिलाने की मांग की।

ग्राम पंचायत रेंहटा में सरकार द्वारा अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए बनाए गए प्रत्येक समूह को पचास हजार तक का ऋण रोजगार के लिए दिया गया जिसमें गांव की ही एक महिला ने नायाब तरीका निकाला और कहा कि वह पैसा दूसरे बिजनेस में लगाकर कमाई करती है, इसलिए महिलाओं को पचास हजार रुपये लगाने पर हजारों रुपये का फायदा होगा। किस्त वह लोग भरेंगे, पैसों के एवज में जमीन भी देने का लालच दिया गया। धीरे-धीरे महिला के झांसे में आकर एक-एक व्यक्ति ने दो-दो समूह से किस्त पर धनराशि उठाकर इंद्रजीत कौर को रुपये दे दिए। चर्चा के चलते आसपास के लोग भी उन्हें पैसा देने लगे। आरोप है कि सोमवार की सुबह लोगों को पता चला कि आरोपित कथित महिला परिवार सहित अपने सभी मवेशी व सामान बेचकर गायब हो गई है और उसके घर में ताला लगा हुआ है। इस पर लोग ग्राम प्रधान मनोज राठौर की अगुवाई में पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा पहुंच गए और उनके अन्य परिजनों को पकड़कर महिला की जानकारी लेने की बात कही गई। इस मौके पर जगजीत सिंह, चरण सिंह, महेंद्र सिंह, सुखविंदर सिंह मौजूद रहे।

बन्नाखेड़ा में पुलिस चौकी के बाहर जमा पीड़ित ग्रामीणों की भीड़।

खैर के 11 लट्ठे पकड़े, बोलेरो सीज

शांतिपुरी: तराई पूर्वी प्रभागीय वनाधिकारी और एसडीओ गौला रेंज के निर्देश पर सोमवार को टीम ने सुबह चार बजे ऊंचा गांव द्वितीय बीट से खैर के तीन पेड़ काटकर ले जा रहे महिंद्रा बोलरो को पकड़कर चालक रविंद्र कुमार को हिरासत में लिया। वाहन से खैर के 11 लट्ठे बरामद किए गए। वाहन को डौली रेंज लालकुआं में खड़ा कर सीज कर दिया गया, वहीं चालक रविंद्र को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। वन क्षेत्राधिकारी नवीन सिंह पंवार ने बताया कि वन अपराध में संलिप्त अन्य आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार किया जाएगा। टीम में डिप्टी रेंजर मनोज जोशी व शिव सिंह डांगी, वन आरक्षी दीपक कुमार, कैलाश भाकुनी, नवल किशोर पलड़िया शामिल थे।

घर में घुसकर चाकू की नोक पर महिला से दुष्कर्म

संवाददाता, काशीपुर

दुस्साहस

- घर में घुसे युवक ने पति को चाकू मारा
- आरोपी के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अमृत विचार: घर में घुसे एक युवक ने चाकू की नोक पर एक महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच घर पहुंचे महिला के पति पर चाकू से वार कर आरोपी फरार हो गया। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

एक महिला ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पति कारपेंटर का काम करता है। 30 जुलाई को उसका पति काम से गया था और बच्चे स्कूल गये हुए थे। दोपहर 12 बजे प्रदीप मनोचा उसके दरवाजे पर आया और पति के बारे में पूछने लगा। पति के बाहर होने की बात कहने पर प्रदीप जबरन घर में घुस आया और अन्दर से दरवाजा बन्द कर दिया। आरोप है कि प्रदीप ने चाकू की नोक पर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान उसका पति आ गया। कई बार खटखटाने पर भी दरवाजा न खुलने पर पति ने धक्का देकर दरवाजा खोला। प्रदीप ने उसके पति पर चाकू से हमला कर दिया और वहां से भाग गया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रदीप के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

खटीमा महाविद्यालय में अभाविप ने की तालाबंदी

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रों ने विभिन्न मांगों को लेकर कालेज में प्रदर्शन किया और तालाबंदी की। उन्होंने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा।

हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अभाविप के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के प्रवेश पत्र के पोर्टल को पुनः खोले जाने की मांग की है। उन्होंने स्नातकोत्तर कक्षाओं के जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक और रसायन विज्ञान की सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। बाद में उन्होंने महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर तालाबंदी की। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। तालाबंदी करने वालों में हर्षित सिंह, शुभम् पटवा, अर्पित कालोनी, सैफ़ अली, निखिल चंद, रोहित, मोहित पोखरिया, रोहन आदि शामिल रहे।

खटीमा महाविद्यालय में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते अभाविप के छात्र।

काशीपुर में धरना प्रदर्शन करते छात्र। ● अमृत विचार

मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे छात्र

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: विभिन्न मांगों को लेकर राधेहरि डिग्री कॉलेज के छात्र भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। इस दौरान छात्रों ने जमकर नारेबाजी भी की।

सोमवार को राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गेट पर नूर मोहम्मद, मोहम्मद दानिस, फिरोज सैफी, योगेंद्र कुमार (बंटी), जतिन शर्मा भूख हड़ताल पर बैठे।

इस दौरान छात्रों ने जमकर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। छात्रों ने कहा कि अभी भी बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रवेश से वंचित रह गए हैं। वह रोज महाविद्यालय के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने यूजी-पीजी में प्रवेश के लिए पोर्टल खोलने, सीट बढ़ाने, टैबलेट वितरण मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, महाविद्यालय गेट पर सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति कराने की मांग की है। उधर, एबीवीपी के बैनर तले छात्रों ने नारेबाजी कर महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में तालाबंदी की। उन्होंने पोर्टल खुलवाने, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती कराने की मांग की है। वहां पर अमन शर्मा, अमन चौधरी, मुकेश बिष्ट, मुकेश रावत, सौरभ माहरा आदि मौजूद रहे।

बस की टक्कर से वृद्धा की मौत

खटीमा: रोडवेज बस की चपेट में आकर वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

गोदावरी देवी।

कुमरहा निवासी गोदावरी देवी (60) पत्नी भजन सिंह सोमवार को घर से खटीमा आने के लिए निकली थी। वह खटीमा और बाईपास के तिराहे पर निर्माणाधीन टंकी के पास वाहन का इंतजार कर रही थी। सुबह करीब 10 बजे खटीमा की ओर से आ रही रोडवेज बस ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायल को नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मिल में पल्लेदार की ट्रक की चपेट में आने से मौत

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: हिमालय फूड पार्क स्थित एक मिल में पल्लेदार की ट्रक की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंचे परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर फैक्ट्री के गेट पर हंगामा किया। पुलिस ने बमुश्किल परिजनों को शांत कराया।

अजय कुमार।

रविवार की शाम मुरादाबाद थाना भगतपुर उद्योपुरा पूर्वी निवासी 24 वर्षीय अजय कुमार पुत्र चंद्रपाल हिमालय फूड पार्क में स्थित एक मिल में लोडिंग अनलोडिंग के लिए आया था। देर रात उसने अपने तीन अन्य पल्लेदार साथियों के साथ ट्रक में लोडिंग कर दी। इसके बाद वह ट्रक के पीछे आराम करने लगा। लेकिन रात में ही ट्रक चालक ने ट्रक पीछे की तरफ किया तो पल्लेदार अजय की ट्रक की चपेट में आकर मौके पर ही मौत हो गई। कंपनी प्रबंधन की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामले की सूचना परिजनों को भी दे दी। सोमवार की सुबह परिजन मिल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कंपनी के गेट पर हंगामा करने लगे। साथ ही मुआवजे की मांग भी की। वहां पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। मृतक अपने पीछे पत्नी दो पुत्र व दो पुत्रियों को रोता बिलखता छोड़ गया। खबर लिखे जाने तक कंपनी प्रबंधन और परिजनों के बीच वार्ता जारी थी। पैगा चौकी प्रभारी अनिल उपाध्याय ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

काव्यशास्त्रविनोदेन कालो गच्छति धीमतां।
व्यसनेन च मूर्खाणां निद्रया कलहेन वा॥

बुद्धिमान लोग काव्य-शास्त्र का अध्ययन करने में अपना समय व्यतीत करते हैं। जबकि मूर्ख लोग निद्रा, कलह और बुरी आदतों में अपना समय बिताते हैं।

संपादकीय

बांग्लादेश में संकट

बांग्लादेश में कोटा (आरक्षण) को लेकर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच सोमवार को प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा। सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमान ने कहा कि अब सेना अंतरिम सरकार बनाएगी। ढाका में हालात बेकाबू हैं। करीब चार लाख लोग कर्फ्यू तोड़कर सड़कों पर हैं। अवामी लीग का मुख्यालय जला दिया गया। बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी हिंसक आंदोलन गत जून माह से जारी है। अशांति में 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिससे यह बांग्लादेश के इतिहास में नागरिक अशांति का सबसे घातक दौर बन गया है। रविवार को देश भर में हुई हिंसक झड़पों में करीब 100 लोग मारे गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हसीना को सेना प्रमुख की ओर से 45 मिनट का अल्टीमेटम दिए जाने के बाद जबरन निर्वासित कर दिया गया। बांग्लादेश में राजनीतिक संकट के बाद असम, बंगाल और पूर्वोत्तर की सीमाओं पर संकट गहराया है। सरकार ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर हाई अलर्ट जारी किया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों ने कहा कि बीएसएफ ने पड़ोसी देश में घटनाक्रम के मद्देनजर सोमवार को 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी सभी संरचनाओं में हाई अलर्ट जारी किया। बीएसएफ देश के पूर्वी हिस्से पर भारतीय मोर्चे की रक्षा करता है, जो पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय, असम और मिजोरम से होकर गुजरता है।

गौरतलब है कि शेख हसीना ने बांग्लादेश अवामी लीग (एएल) के संसदीय चुनावों में बड़ी जीत हासिल करने के बाद इस वर्ष जनवरी में देश की प्रधानमंत्री के रूप में लगातार चौथी बार कार्यकाल संभाला था। आरक्षण विरोधी आंदोलन ने सत्तारूढ़ अवामी लीग को हिलाकर रख दिया था। हालात ऐसे बने कि सोमवार को सेना सड़कों पर तैनात थी लेकिन वह आंदोलनकारियों को रोक नहीं रही थी। इसका मतलब है कि शेख हसीना की सरकार को सेना का समर्थन हासिल नहीं था। साफ है कि बांग्लादेश में हिंसक आंदोलन से सैनिक शासन का रास्ता बना। बांग्लादेश में सैनिक शासन का होना भारत के लिए चिंता की बात है। हालांकि बांग्लादेश सेना प्रमुख ने कहा है वे देश के लिए समाधान ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं, हमें कुछ समय दीजिए। वहां हुए बदलाव के निहितार्थ को समझकर भारत को वहां के नए सत्ताधारियों के साथ भी संपर्क कायम करना होगा, क्योंकि हमें अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी है।

भारतीय पुलिस की दशा 'व्हिपिंग ब्वाय' जैसी

महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

इसी प्रकार वर्ष 2004 में लखनऊ में उच्च न्यायालय के सामने एक वकील की गाड़ी सेना के एक ट्रक से टकरा गई, तो वकीलों का हुजूम उस ट्रक के ड्राइवर पर पिल पड़ा। इस पर एक पुलिस के दरोगा ने बीच में पड़कर उस मिलिट्री वाले को बचाने का प्रयत्न किया और कानूनी कार्यवाही हेतु दोनों पार्टियों से थाने में रिपोर्ट लिखाने को कहा।

भारतीय पुलिस की दशा एक 'व्हिपिंग ब्वाय' जैसी है। अंतर केवल इतना है कि 'व्हिपिंग ब्वाय' का अर्थ चुपचाप पिटने वाले लड़के से लगाया जाता है, पर हमारी पुलिस जहां एक ओर राजनैतिक नेताओं, उनकी संतानों, उनके चमचों व प्रशासन, पुलिस, न्यायपालिका के अधिकारियों व उच्च कनेक्शंस वाले अपराधियों, माफियाओं और छात्र, वकील, व्यापारी और धार्मिक समूहों के द्वारा अपमानित किए जाने, अनुचित रूप से दंडित किए जाने तथा अन्य प्रकार से प्रताड़ित किए जाने पर चुपचाप सहते रहने को बाध्य है, वहीं दूसरी ओर वह निर्धन, निर्बल और सामर्थ्यहीन से दुर्व्यहार करने और उन्हें प्रताड़ित करने को स्वतंत्र है। अनेक नेता, पुलिस, प्रशासन और न्याय विभाग के उच्चाधिकारी जहां-तहां पुलिसजन की वर्दी उतरवाने की उसे धमकी देने लगते हैं, अनुशासनहीन छात्र उन्हें 'मामा' कहकर चिढ़ाते हैं और उपद्रवी प्रकृति के धार्मिक व्यक्ति, वकील, मजदूर आदि के समूह प्रायः पुलिस पर टूट पड़ते हैं। अतः अनुशासन के नियमों में बंधी पुलिस शक्तिशाली से अक्सर प्रताड़ना प्राप्त करती है और उससे उपजे फ्रस्ट्रेशन में शक्तिहीन को ब्याज सहित प्रताड़ना देती है। इस कारण पुलिस अन्य विभागों से अधिक बदनाम है। आप किसी भी पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के रिकार्ड्स का अचानक अवलोकन करें, आप को निश्चित रूप से दर्जनों पुलिसजन सस्पेंडेड (निलंबित) मिलेंगे, जबकि अन्य किसी विभाग में एक दो निलंबन भी बड़ी बात समझे जाते हैं।

अन्य विभागों की अपेक्षा ढेर सारे पुलिसजनों के निलंबित पाए जाने का मुख्य कारण यह है कि केवल पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों में ही अपने अधीनस्थों को सस्पेंड करने का साहस बचा है, अन्य विभागों के अधिकारी या तो अपने अधीनस्थों से मिलीभगत रखने के कारण अथवा उनके द्वारा घेराव, मारपीट, फंसाए जाने आदि के भय के कारण उन्हें सस्पेंड करने का जोखिम कम ही उठाते हैं। पुलिसजनों के सस्पेंशन का एक और मजेदार कारण है जिसे कम ही लोग जानते हैं। वह यह है कि अनेक अवसरों पर पुलिसजनों का सस्पेंशन शासकों के द्वारा शक्तिशाली व्यक्तियों का क्रोध शांत करने अथवा उनका मान रखने हेतु किया जाता है। वर्ष 1995 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वकीलों ने उग्र हड़ताल की थी और मुख्य न्यायाधीश की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय कक्ष में घुसकर तोड़-फोड़ कर दी थी। मीडिया ने खबर फैला दी कि मुख्य न्यायाधीश महोदय इतने नाराज हो गए हैं कि राष्ट्रपति को प्रदेश शासन को बरखास्त करने को लिखने जा रहे हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री महोदय को अपनी कुर्सी हिलती लगी, तो उन्होंने मुख्य न्यायाधीश महोदय को शांत करने के उद्देश्य से आईजी जोन इलाहाबाद को निलंबित कर दिया था। तोड़-फोड़ करने वाले वकीलों के विरुद्ध कार्यवाही की फिक्र न तो शासन को थी और न माननीय उच्च न्यायालय के प्रशासन को।

> बहरहाल यह बात 'बियोंड ऐनी शेडो ऑफ डाउट' निश्चित है कि शासन चाहे किसी का हो, राजनैतिक, प्रशासनिक अथवा आर्थिक लाभ उठाने के लिए कुछ पुलिस वालों को सदैव बिना किसी दोष के सस्पेंड किया ही जाता रहेगा।

इसी प्रकार वर्ष 2004 में लखनऊ में उच्च न्यायाल्य के सामने एक वकील की गाड़ी सेना के एक ट्रक से टकरा गई, तो वकीलों का हुजूम उस ट्रक के ड्राइवर पर पिल पड़ा। इस पर एक पुलिस के दरोगा ने बीच में पड़कर उस मिलिट्री वाले को बचाने का प्रयत्न किया और कानूनी कार्यवाही हेतु दोनों पार्टियों से थाने में रिपोर्ट लिखाने को कहा। उसका यह कहना वकील साहबानों को इतना नागवार गुजरा कि उस दरोगा पर ही पिल पड़े और फिर उसकी रक्षा हेतु आए पुलिस उपाधीक्षक और सिटी मजिस्ट्रेट पर भी हमला किया। फिर वकीलों द्वारा अन्य पुलिसजनों पर ईंट-पत्थर, लाठी-भाला और आग-बंदूक से हमला किया गया और अपना कोप अनेक सरकारी और गैर-सरकारी कारों, बसों आदि को अग्नि में स्वाहा कर शांत किया गया। इन सब 'वकीलोचित' कार्यवाहियों के साथ-साथ पुलिसजनों के निलंबन और बंदीकरण हेतु धरने दिए गए और हड़ताल कर जुलूस निकाले गए। अब ऐसे में अगर मुख्यमंत्री महोदय ने वकीलों को खुश करने के लिए पहले उनके द्वारा पीटे गए दरोगा को निलंबित कर उसके विरुद्ध मुकदमा कायम करा दिया और बाद में पुलिस के डीआईजी समेत तमाम अधिकारियों को दंडित करने और वकीलों द्वारा की गई तोड़-फोड़ और मारपीट के संबंध में उनके विरुद्ध कायम हर मुकदमें को वापस ले लेने का आश्वासन दे दिया।

अंग्रेजों के जमाने में पुलिस का उपयोग स्वतंत्रता के आंदोलन को बलपूर्वक दबाने हेतु होता था। अतः जब भारत स्वतंत्र हुआ, तब भी जनसाधारण में पुलिस सहयोगी के रूप में न देखी जाकर जनविरोधी के रूप में देखी गई और उसकी भय पैदा करने वाली छवि के कारण उसके विरुद्ध सच्ची अथवा काल्पनिक शिकायतों का अंबार लगने लगा। उच्चाधिकारियों की कम संख्या के कारण सभी शिकायतों पर भलीभांति जांच संभव नहीं थी। अतः नेताओं के माध्यम से कराई गईं शिकायतों पर अधिक ध्यान दिए जाने के शासकीय आदेश निर्गत हुए। स्थिति यह है कि अनेक प्रकरणों में वे नेता जो किसी पुलिस कर्मचारी को निलंबित या स्थानांतरित कराने के लिए हिंसात्मक आंदोलन तक कर देते हैं, वे ही स्थानांतरण या निलंबन हो जाने के कुछ दिन बाद उसी पुलिस कर्मचारी को किसी प्रकार के दंड से बचाने में एड़ी-चोटी का जोर लगाते देखे गए हैं। जनसाधारण में शिकायत की वास्तविकता अथवा उसके कारणों को जानने की न तो ललक रहती है और न धैर्य। व्यक्ति के रूप में वे प्रायः सत्य की अपेक्षा स्वार्थ को अधिक महत्व देते हैं और समूह का अंग होने पर भावनात्मक आवेग मे बह जाते हैं। छात्रों, मज़दूरों, वकीलों आदि के समूह अथवा धार्मिक समूह स्वयं हिंसात्मक कार्यवाही करते हैं और पुलिस द्वारा रोकथाम करने पर छात्र एकता, मजदूर एकता जैसे नारे लगाकर अथवा धार्मिक जुनून फैलाकर पुलिस के विरुद्ध प्रतिशोधात्मक कार्यवाही करते हैं और राजनैतिक स्वार्थ के माहौल में उन्हीं को दंडित भी करा लेते हैं।

प्रायः देखा गया है कि सत्तादल का नेता अपने द्वारा की गई शिकायत पर पुलिसजन के विरुद्ध अविलंब निलंबन अथवा स्थानांतरण की कार्यवाही न होने पर समझता है कि जिस व्यक्ति के कहने पर उसने शिकायत की है, उसके समक्ष उसकी हेठी हो रही है और स्थानांतरण/ निलंबन को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेता है। मंत्रीगण अपनी कुर्सी को हिलने से बचाने के निहित उद्देश्य से नेता की 'प्रतिष्ठा' कायम रखते हुए पुलिसजन के स्थानांतरण/ निलंबन का आदेश कर देते हैं। पुलिसजन का स्थानांतरण/निलंबन नेता की 'प्रतिष्ठा' का प्रश्न कई अन्य कारणों से भी बनता देखा गया है जैसे, पुलिसजन द्वारा नेता के यहां हाजिरी न बजाना, नेता को पुलिस की गाड़ी का दुरुपयोग न करने देना, नेता द्वारा चलाई जाने वाली अवैध गाड़ियों, अफीम चरस की दुकानों अथवा अन्य प्रकार के अवैध व्यापार मे दखलंदाजी करना, नेता द्वारा कराई जाने वाली बूथ कैप्चरिंग की रोकथाम करना अथवा नेता द्वारा मांगी रकम पहुंचाने में कोताही करना। इन कारणों से पुलिसजन अपने उच्चाधिकारियों के प्रति तथा सन्मार्ग पर चलने की सीख के प्रति अनास्था से ग्रस्त हो जाते हैं। वे सोचते हैं कि जब अंत में असत्य का ही वर्चस्व रहना है तो स्वयं सत्यनिष्ठ बनकर रहने से क्या लाभ? एक ऐसी सम्राज्ञी भी शासन कर चुकी हैं, जिनको तब तक नींद ही नहीं आती थी जब तक वह अगले दिन सस्पेंड किए जाने वाले पुलिस अधिकारियों की सूची अपने मन में नहीं बना लेतीं थीं। जानकारों का कहना है कि इस सूची में कुछ तो उन पुलिस अधिकारियों के नाम होते थे, जिनका कमाऊ स्थान पर अपनी नियुक्ति बनाए रखने हेतु निर्धारित माहवारी योगदान देने में देर हो रही होती थी और कुछ वे लोग होते थे, जिन्हें सजातीय वोटरों को प्रभावित करने हेतु सस्पेंड करना आवश्यक होता था।

बहरहाल यह बात 'बियोंड ऐनी शेडो ऑफ डाउट' निश्चित है कि शासन चाहे किसी का हो, राजनैतिक, प्रशासनिक अथवा आर्थिक लाभ उठाने के लिए कुछ पुलिस वालों को सदैव बिना किसी दोष के सस्पेंड किया ही जाता रहेगा। ऐसी स्थिति में मेरा सुझाव है कि सभी पुलिसजनों को निलंबन मुआवजा दिए जाने का शासनादेश निर्गत कर दिया जाए। तब पुलिस वालों को कम से कम इतना संतोष तो रहेगा कि निलंबित हुए सो हुए, निलंबन मुआवजा तो मिला। अंग्रेजी की वह कहावत भी चरितार्थ हो जाएगी 'व्हेन रेप इज इन्एवीटेबिल व्हाई नॉट टु एंज्वाय इट?'

प्रसंगवश

आंतरिककरण पर विचार करें

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> एंथ्रोपोलॉजी से जूलोजी तक के विषयों पर लाखों किताबें हैं अंग्रेजी में। अंग्रेजी में टेक्नोलॉजी की लाखों किताबें हैं। हजारों वैज्ञानिक जर्नल्स छप रहे हैं, जो अंग्रेजी वाङ्मय को धनी बना रहे हैं।

हमारे सामाजिक और बौद्धिक जीवन में एक प्रॉसेस चलता रहता है, जिसे आंतरिककरण (इंटर्नलाइजेशन) कहते हैं। किसी समय पर जो बातें हमारी परिधि से बाहर रहती हैं, उन्हें हम अपनी परिधि का विस्तार करके अंदर कर लेते हैं। यह भाषा में होता है, सामाजिक रीति रिवाजों में होता है, अध्ययन के फील्ड में होता है, इत्यादि। यह प्रक्रिया संस्कृत भाषा में हुई है, हिंदी में हुई है, अंग्रेजी में हुई है।

संस्कृत मुख्यतः विश्वविद्यालयों की भाषा थी। वहां दूर-दूर से विद्यार्थी आते थे, जिनकी घरेलू भाषाएं अलग-अलग थीं। उनके शब्दों को संस्कृत ने इंटर्नलाइज किया। इससे संस्कृत की शब्दावली बहुत विशाल हुई। इसके अलावा, संस्कृत में प्रचुर शोधग्रंथ भी लिखे गए, किताबें लिखी गईं। इससे संस्कृत का कलेवर बढ़ता गया। इस भाषा को मजबूत और संगठित करने वालों में पाणिनि भी थे और वैयाकरण भी थे।

संस्कृत में इंटर्नलाइजेशन की प्रक्रिया बड़े पैमाने पर हुई, लेकिन ऐसा नहीं है कि संस्कृत में अपवाद के उदाहरण नहीं हैं। हां, इंटर्नलाइजेशन ने उनकी संख्या नगण्य कर दी है। हम भारतीय, खासकर हिंदीभाषी भारतीय, अक्सर अंग्रेजी का मजाक उड़ाया करते हैं और संस्कृत तथा हिंदी को अनावश्यक महिमा मंडित करते हैं। हम भूल जाते हैं कि अंग्रेजी का वाङ्मय संस्कृत या हिंदी से छोटा नहीं, बड़ा है।

एंथ्रोपोलॉजी से जूलोजी तक के विषयों पर लाखों किताबें हैं अंग्रेजी में। अंग्रेजी में टेक्नोलॉजी की लाखों किताबें हैं। हजारों वैज्ञानिक जर्नल्स छप रहे हैं, जो अंग्रेजी वाङ्मय को धनी बना रहे हैं। संस्कृत या हिंदी कहीं नहीं टिकती हैं अंग्रेजी के सामने। हम इस स्थिति को पसंद करें या न करें, लेकिन हो यही रहा है। हम मिथ्यागौरव से मुक्त होकर विचार करें तो सही करेंगे।

कोटे के अंदर कोटे का सुप्रीम निर्णय



डॉ. आशीष वशिष्ठ
लखनऊ

> वर्तमान में दलित और आदिवासियों को शिक्षा और नौकरियों में क्रमश: 15 फीसदी और 7.5 फीसदी आरक्षण हासिल है। संविधान पीठ के दो कथन महत्वपूर्ण हैं।

सुप्रीम कोर्ट की 7 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एक अहम फैसले में यह साफ कर दिया है कि राज्यों को आरक्षण व्यवस्था में कोटे के भीतर भी कोटा बनाने का अधिकार है। यानी राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग में भी आरक्षण के लिए अलग-अलग श्रेणियां बना सकती हैं। यह अधिकार अभी तक राष्ट्रपति के पास ही सुरक्षित था। संसद में ही प्रस्ताव पारित कर, किसी भी जाति को, आरक्षण के दायरे में लाया जा सकता था अथवा जाति को आरक्षण से बाहर भी किया जा सकता था।

इस फैसले के बाद इन वर्गों में हाशिए पर पड़ी जातियों को आरक्षण का फायदा मिलने की उम्मीद है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि यह बात भी लगातार उठाई जा रही थी कि समुचित अवसर नहीं मिलने के कारण आरक्षित अजा-अजजा वर्ग में भी ऐसी कई जातियां हैं, जो सामाजिक और आर्थिक तौर पर पिछड़ेपन से उबर नहीं पा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय पर राजनीतिक दल, सामाजिक कार्यकर्ता और अन्य समूह दो भागों में बंटते दिखाई दे रहे हैं। राजनीतिक दल अपने नफे नुकसान के हिसाब से इस फैसले पर बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस जैसे बड़े दलों ने इस मुद्दे पर लगभग चुप्पी साध रखी है। राजनीतिक चश्मे से इतर देखें तो संविधान पीठ का फैसला सामाजिक न्याय के लिए 'मील का पत्थर' साबित हो सकता है।

वर्तमान में दलित और आदिवासियों को शिक्षा और नौकरियों में क्रमशः 15 फीसदी और 7.5 फीसदी आरक्षण हासिल है। संविधान पीठ के दो कथन महत्वपूर्ण हैं। एक, एससी-एसटी के कोटे में कुछ जातियों का उप-वर्गीकरण करने से संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 341 का उल्लंघन नहीं होता। समानता का सिद्धांत यथावत रहेगा। दूसरे, आरक्षण एक पीढ़ी तक सीमित कर देना चाहिए। यदि पहली पीढ़ी आरक्षण का लाभ लेकर उच्च स्थिति तक पहुंच गई है तो दूसरी पीढ़ी को आरक्षण का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई ने एससी-एसटी पर भी, ओबीसी की तरह, 'क्रीमीलेयर' लागू करने की बात कही है। यह विवादास्पद मुद्दा बन सकता है। आरक्षण के आधार पर, जो दशकों से राजनीति करते आ रहे हैं अथवा आरक्षण के कारण ही राजस्थान की एक खास जाति में पीढ़ी-दर-पीढ़ी आईएएस अफसर बनते रहे हैं, वे अपने हिस्से को बंटने क्यों देंगे?

अनुसूचित जाति समूह के भीतर जातियों को आरक्षण के लाभ से वंचित करने का इतिहास दशकों पुराना है। 1 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले से वर्ष 2004 के 'ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र' वाले मामले में दिए गए अपने फैसले का फैसले को पलट दिया है, जिसमें कहा गया था कि राज्य सरकारें आरक्षण के लिए अनुसूचित जातियों व जनजातियों की सब-कैटेगरी नहीं बना सकतीं। सुप्रीम कोर्ट ने अब कहा है कि राज्यों को सब-कैटेगरी देने से पहले एससी और एसटी श्रेणियों के बीच क्रीमीलेयर की पहचान करने के लिए एक पॉलिसी बनानी चाहिए। बेहतर होता कि क्रीमीलेयर पर भी न्यायिक फैसला सुनाया जाता। मंडल आयोग के बाद यह दूसरा ऐतिहासिक फैसला है। 'मील का पत्थर' तभी साबित हो सकता है, जब क्रीमीलेयर वाला फैसला लागू किया जाएगा।

जाहिर है कि फैसले को धरातल पर लागू कराने के लिए राज्यों को काफी काम करने की जरूरत है। एससी-एसटी की गणना उपलब्ध है, लिहाजा जातीय जनगणना अनिवार्य नहीं है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कह दिया है कि सब-कैटेगरी का आधार उचित होना चाहिए। राज्य अपनी मर्जी से या राजनीतिक आधार पर सब-कैटेगरी तय नहीं कर सकें इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक सुरक्षा का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखा है।

इस फैसले के बाद पर्याप्त संभावना है कि एससी-एसटी अब एक समूह नहीं रह जाएगा। उनके भीतर ही अलग-अलग वर्ग खड़े हो जाएंगे और फिर उनसे जुड़ी नई राजनीति उबलने लगेगी। संविधान निर्माता बाबा अंबेडकर के पौत्र प्रकाश अंबेडकर ने संविधान पीठ के फैसले की आलोचना की है और इसे 'सामाजिक पूर्वाग्रह' करार दिया है। उनकी आशंका है कि दलितों का कोटा कम होने लगेगा। केंद्र सरकार में ही एनडीए की सहयोगी लोजपा (रामविलास) ने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है, ताकि एससी-एसटी वर्ग में भेदभाव न हो और वे कमजोर न पड़ें। चूंकि इसे राज्य लागू कर सकेंगे, अतएव यह प्रश्न प्रासंगिक है कि कब तक यह निर्णय लागू किया जा सकेगा।

सोशल फोरम

ऐसा होता है प्रेम

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

बहुधा प्रेम को स्त्री-पुरुष के बीच के दैहिक आकर्षण का पर्याय मान लिया जाता है। प्रेम में दैहिक आकर्षण की भूमिका होती है, लेकिन हर दैहिक आकर्षण प्रेम नहीं होता है। आकर्षण की उम्र छोटी होती है। यौन आवेग उतर जाने के बाद यह लुप्त होने लगता है।

इस आकर्षण से अहंकार का उपनिवेश निर्मित होता है। आपको जो आकर्षित करता है, आप चाहते हैं कि वह सदा आपकी संपत्ति बनकर आपके साथ रहे। आपकी आकांक्षा के अनुरूप चले। आपके अहंकार को सहलाता रहे और आपको विशिष्ट होने का गौरव दे। इच्छाएं पूरी न होने पर यह आकर्षण हिंसा का रूप भी धर सकता है। इसके विपरीत प्रेम दो अलग व्यक्तित्वों के मिलने से उपजी एक आंतरिक खुशबू है, जो उनके बिछड़ जाने के बाद भी उनके व्यक्तित्व में सदा के लिए बची रह जाती है।

प्रेम बेड़ियां नहीं, मुक्ति देता है। वह एकाधिकार नहीं मांगता। जिस किसी ने आपको दो घड़ी, दो दिन भी प्रेम के अनुभव दिए तो आप सदा के लिए उसके कृतज्ञ हो जाते हैं। प्रेम की सफलता पा लेने में नहीं, फासलों और अतृप्तियों में है। दांपत्य में नहीं, उन नाजुक और बेशकीमती संवेदनाओं में है, जिन्हें आपके व्यक्तित्व में भरकर आपके महबूब ने आपको अनमोल कर दिया। प्रेम हमारा स्वभाव है। प्रेम को कुरेदकर जगाने में सबसे बड़ी भूमिका हमारे जीवन में विपरीत सेक्स की होती है। एक पुरुष का स्त्री से या स्त्री का पुरुष से प्रेम स्वाभाविक है, लेकिन यह प्रेम के उत्कर्ष तक पहुंचने का रास्ता भर है, मंजिल नहीं। एक बार प्रेम में पड़ जाने के बाद प्रेम व्यक्ति केंद्रित नहीं रह जाता। वह हमारी मनः स्थिति बन जाता है।

एक बार आप प्रेम में हैं तो आप हमेशा के लिए प्रेम में हैं। आप एक के प्रेम में पड़े तो आप सबके प्रेम में पड़ जाते हैं। समूची मानवता के प्रेम में। सृष्टि के तमाम जीव-जंतुओं के प्रेम में। समूची प्रकृति के प्रेम में। अवनि से अंबर तक आपको प्रेम ही नजर आएगा। सोचकर देखिए कि आप सचमुच प्रेम में हैं कि प्रेम के नाम पर अपने अहंकार के उपनिवेश निर्मित करना चाहते हैं?

-फेसबुक वॉल से

धर्म को आवश्यक मानते थे विवेकानंद



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

> स्वामीजी ने पश्चिम के निवासियों को संयम और त्याग की शिक्षा दी, किंतु भारत में दरिद्रता का साम्राज्य था, अतएव भारतवासियों में उन्होंने कर्म की भावना को आंदोलित करने की, उनको प्रवृत्ति के कर्म-मार्ग पर आरूढ़ करने का प्रयास किया।

रामधारी सिंह दिनकर के अनुसार विवेकानंद के विदेश जाने के स्पष्ट उद्देश्य थे: पहला, भारतवासियों के इस अंधविश्वास को दूर करना कि समुद्र पार नहीं करना है, दूसरा, भारत पश्चिम को क्या दे सकता है, इसे देखना-समझना और तीसरा, चूंकि सभी धर्म मूलतः एक हैं, इसलिए धार्मिक एकता की बात करना। विवेकानंद के अनुसार, "विश्व के दूसरे देशों से हमारा अलगाव ही हम लोगों के पतन का कारण बना।" शिकागो सम्मेलन से उत्साहित होकर स्वामीजी अमेरिका और इंग्लैण्ड में तीन साल रह गए और इस अवधि में उन्होंने हिन्दू धर्म के सार को सारे यूरोप में फैलाया। जब भारतवासियों ने यह सुना कि सारा पश्चिम जगत स्वामी जी के मुख से हिन्दुत्व का आख्यान सुनकर गद्गद हो रहा है, तब हिन्दू भी अपने धर्म और संस्कृति के गौरव का अनुभव तीव्रता से करने लगे।

अमेरिका की जीवनी शक्ति, वहां की स्वच्छता, वहां की सौंदर्य भावना और वहां के वैज्ञानिक साधनों का उपयोग, ये बातें स्वामीजी को बहुत पसंद आईं थीं, किंतु यूरोप और अमेरिका में जो जातीय अहंकार है, स्वार्थ साधन और विलासिता के लिए जो पारस्परिक होड़ हैं, धर्म और संस्कृति के मामले में वहां जो भयानक असहिष्णुता है, गरीबों के आर्थिक शोषण का जो विकराल भाव तथा राजनैतिक चालबाजियां और हिंसा के जो उद्वेग हैं, उन्हें स्वामीजी यूरोपीय सभ्यता के पाप कहते थे और पश्चिमी देशों के श्रोताओं के सामने वे इनका खुलकर उल्लेख करते थे। यह भी ध्यान देने की बात है कि स्वामी जी ने बौद्धों और जैनियों की अहिंसा की कभी खुलकर प्रशंसा नहीं की। इतना ही नहीं अपने अमेरिकी प्रवास के दौरान किसी भी प्रकार के भोजन से उन्हें परहेज नहीं था। उन्हें अंधविश्वासों से नफरत थी और उन्होंने बल देकर कहा कि "मैं चाहूंगा कि तुम में से अधिकांश अंधविश्वासी मूर्ख बनने के बजाए नास्तिक बन जाओ, क्योंकि नास्तिक जीवंत होता है और तुम उससे कुछ निर्माण कर सकते हो। हम अपने बारे में ही सोचें कि पिछले छह-सात सौ वर्षों में हमने क्या किया है? उनके अनुसार हमने तमाम निरर्थक बातें की हैं-इस गिलास को दाएं हाथ से लें या बाएं हाथ से? हम अपने हाथ दो बार धोएं या तीन बार?

स्वामी विवेकानंद ने भारतीयों को बहुत ललकारा, बहुत उकसाया और एक बात वह बार-बार कहते रहे "निर्भीक और मजबूत बनो।" उन्होंने कमजोर लोगों को पूजा करने के बजाए फुटबाल खेलने की बात कही। स्वामी जी के अनुसार, "मैं इस दृष्टि से समाजवादी हूं कि रोटी न मिलने की तुलना में आधी-आधी रोटी सबको मिले"। व्यक्ति और समाज, दोनों की रक्षा और शांति के लिए स्वामीजी धर्म को आवश्यक मानते थे। अतएव यूरोप को धर्म से विमुख होते देखकर उन्हें चिंता हुई। स्वामी जी के अनुसार "धर्म मनुष्य के भीतर निहित देवत्व का विकास है।" "धर्म जीवन का अत्यंत स्वाभाविक तत्व है। पूर्णता, ज्ञान और आनंद की खोज जीवन के उच्च स्तर पर की जानी चाहिए। जीवन का स्तर जहां हीन है, इन्द्रियों का आनंद वहीं अत्यंत प्रखर होता है। कुत्तों और भेड़ियों का सारा आनंद उनकी इन्द्रियों में केन्द्रित होता है। यूरोप और अमेरिका के निवासियों पर स्वामीजी ने यह प्रभाव डालना चाहा कि व्यक्ति अथवा समूह के जीवन की सफलता उसकी आधिभौतिक समृद्धि अथवा बौद्धिक उपलब्धियों पर निर्भर नहीं, उसकी आध्यात्मिक उन्नति पर निर्भर करती है। अतएव मनुष्य को चाहिए कि पहले वह पवित्रता, भक्ति, विनयशीलता, सच्चाई, निःस्वार्थता और प्रेम का विकास करे तथा बाद को अन्य गुणों का।

स्वामीजी ने पश्चिम के निवासियों को संयम और त्याग की शिक्षा दी, किंतु भारत में दरिद्रता का साम्राज्य था, अतएव भारतवासियों में उन्होंने कर्म की भावना को आंदोलित करने की, उनको प्रवृत्ति के कर्म-मार्ग पर आरूढ़ करने का प्रयास किया। भारतवर्ष को वे संन्यासियों का देश बनाना नहीं चाहते थे, न उनका यही उद्देश्य था कि यहां के लोग धर्म की साधना करते हुए निर्धनता और गुलामी का दंश सहें। अपने एक शिष्य द्वारा यह पूछे जाने पर कि संन्यासियों को मांस-मछली खानी चाहिए या नहीं, स्वामीजी ने कहा, "हां, निंदा का भय माने बिना मांस-मछली तुम जी भर खा सकते हो। शाक-पात खाकर जीने वाले आमाशय के रोगी साधुओं से सारा देश भर गया है।

'ना' कहने की स्वाधीनता

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

एक छोटा-सा शब्द है 'ना', पर जब यह किसी अन्याय या दमन के समय कहा जाता है, एक असाधारण शब्द हो जाता है। किसी समाज में 'नहीं' कहने की स्वाधीनता उस समाज की जीवंतता का चिह्न है, हालांकि यह शब्द अकसर नीरवता के अंधेरे में रहता है। किसी भी शिक्षालय में 'नहीं' कहने की शिक्षा नहीं दी जाती। इसे नकारात्मकता का चिह्न माना जाता है। इसलिए आदमी प्रायोजित अज्ञानता को अपनी अज्ञानता बना लेता है और जो असह्य होना चाहिए उसे सहता है।

देखा जाता है कि अन्याय होता देखकर भी ज्यादातर लोग स्वभाववश चुप रहते हैं। इसे कई बार भद्रता कहते हैं। कोई भय से चुप रहता है। कोई दुविधा में होने की वजह से सोचता है, जैसा चल रहा है चलने दो। कोई सुख में चुप रहता है। खासकर इन दिनों बिल्कुल सामने घटित होते हुए भी बहुतों को समझ में नहीं आता कि क्या सत्य है। एक घटना यह है कि वर्तमान दौर में उदार सामाजिक मंच कम होते जा रहे हैं और ज्यादातर लोग चुप हैं। आखिर वे कहां खड़ा होकर बोलें? धूमिल ने लिखा था, 'इंकार से भरी हुई एक चीख/ और एक समझदार चुप/ दोनों का मतलब एक है- भविष्य गढ़ने में चुप और चीख/ अपनी-अपनी जगह एक ही किस्म से/अपना फर्ज अदा करते हैं।' (मोचीराम)। इस युग में चुप्पी के पीछे 'समझदारी' से ज्यादा 'दुविधा' और 'उदासीनता' है। इसलिए कोई स्त्री सड़क पर लांछित की जा रही होती है तो लोग गोल घेरे में बस चुप देख रहे होते हैं या वीडियो बना रहे होते हैं। भीड़ से निकलकर कोई व्यक्ति नहीं कहता- 'ना'!

प्रह्लाद ने सबसे पहले कहा था- 'ना'! उसके पिता हिरण्यकश्यप ने विष्णु की उपासना करते देखकर उससे कहा, 'मुझे सर्वशक्तिमान मानो, मैं ईश्वर हूं!' प्रह्लाद ने दृढ़ता से कहा- 'ना'! इसे पौराणिक कथारूप में ही सही, सत्याग्रह का पहला बिंब माना जाता है। हिरण्य का अर्थ है स्वर्ण। हिरण्यकश्यप था भौतिक संपदाओं का अहंकार से भरा स्वामी। प्रह्लाद का 'ना' नकारात्मक न था, उसके पीछे थी सादगी, शांति और प्रेम की कामना। इसके लिए उसे हाथियों से कुचला गया, पहाड़ से फेंका गया, पर 'नारायण' का नाम लेना उसने नहीं छोड़ा। इसी तरह जटायु की कथा है। जब रावण सीता का हरण करके ले जा रहा था, यह जानते हुए भी कि वह बलशाली है, जटायु ने अकेले प्रतिरोध किया और कहा- 'ना'। रामकथा में जटायु कम महत्वपूर्ण चरित्र नहीं है, भले उसके मंदिर नहीं बने।

सार-संक्षेप

मुंशी प्रेमचंद का साहित्यिक योगदान याद किया

काशीपुर : चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को अजीम प्रेम जी फाउंडेशन द्वारा हिन्दी उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की 130वीं जयन्ती मनाई गई। इस दौरान उनके साहित्यिक योगदान से अवगत कराया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के ब्लॉक कार्डिनेटर संजय यादव व मुनेन्द्र ने मुंशी प्रेमचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। यहां प्राचार्या डॉ. कीर्ति पंत, डॉ. दीपिका आत्रेय, डॉ. वंदना सिंह, डॉ. मंजू सिंह, डॉ. रमा अरोरा, डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. गीता मेहरा आदि मौजूद रहे।

शांतिपुरी में रामलीला मंचन के लिए बैठक आज

शांतिपुरी : विगत तीस वर्षों के लंबे अन्तराल के बाद मंगलवार सायं पांच बजे पंचायत भवन परिसर शांतिपुरी नंबर दो में खुली बैठक बुलाई गई है। यह बैठक आसपास के कई गांवों में रामलीला के डायरेक्टर रहे शांतिपुरी नंबर एक निवासी भुवन चंद्र पाण्डे तथा पूर्व रामलीला प्रेमी एवं कलाकार जवाहरनगर निवासी लक्की पेंटर, शांतिपुरी नंबर चार निवासी गोबिन्द सिंह रौतेला व शांतिपुरी नंबर दो निवासी हास्य कलाकार जगत सिंह पाल द्वारा शांतिपुरी में पुनः श्री रामलीला का मंचन कराने हेतु आहूत की गयी है।

खटीमा में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर में आंखों की जांच करते चिकित्सक।

निशुल्क चिकित्सा शिविर में हुई आंखों की जांच

खटीमा : भारतीय जनता युवा मोर्चा के शशांक वर्मा के नेतृत्व में प्रभु नेत्रालय के सहयोग से मेलाघाट रोड पर एक प्रतिष्ठान पर निशुल्क आंखों की जांच का शिविर आयोजित किया गया। कैंप में दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य भी पहुंचे। इस अवसर पर सतीश गोयल, जिला मंत्री किशोर जोशी, झनकट मंडल अध्यक्ष विमला बिष्ट, रमेश जोशी, प्रियाकांत सिंह, नायक प्रेम सिंह, बबलू, किशन, हीरा बोरा, किशन ज्वाला, प्रवीण गुप्ता, डॉ. अजीत, प्रिया, अमीषा, राहुल, जतिन, नरेश गिरी आदि उपस्थित रहे।

गदरपुर में नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत करते प्रदेश अध्यक्ष करम सिंह पड्डा।

विक्रम सिंह गोराया बने कुमाऊं महासचिव

गदरपुर : भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक सोमवार को गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा की। बैठक में विक्रम सिंह गोराया सहित दर्जनों किसानों ने भारतीय किसान यूनियन की सदस्यता ली। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा द्वारा विक्रम सिंह गोराया को कुमाऊं महासचिव, हैपी विर्क को जिला सचिव, हरीश शर्मा को कुमाऊं प्रवक्ता, काशीपुर से जितेंद्र सिंह गोराया को जिला सचिव नियुक्त किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष करम सिंह पड्डा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा किसानों को यूनियन से जोड़ने की बात कही गई। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुमाऊ मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, जिला अध्यक्ष गुरसेवक सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह निज्जर, बाजपुर ब्लॉक अध्यक्ष गगन सिंह, मनदीप सिंह, करमजीत सिंह रंधावा, गुरप्रीत सिंह, कुलवीर सिंह, पलविंदर सिंह मौजूद थे।

नवनियुक्त संयोजक का स्वागत करते पत्रकार व अन्य।

संयोजक बनने पर सुल्तान भारती का स्वागत

जसपुर। जसपुर-काशीपुर मार्ग स्थित नेताजी कांप्लेक्स में सोमवार को स्थानीय पत्रकारों ने स्टेट यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के प्रदेश पार्षद के साथ-साथ जसपुर का संयोजक बनाए जाने पर सुल्तान भारती का भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की हर समस्या का निस्तारण करना उनका कर्तव्य है। वे अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभायेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सुशील चौहान, दिनेश कौशिक, शहजाद सिद्दीकी, शौकत राही, महेंद्र राही, विबुधेश शर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव, समीर परवेज, पराग अग्रवाल, सुमित चौधरी, अजय सागर आदि मौजूद रहे।

खटीमा में कलश यात्रा निकालतीं बंडिया गांव की महिलाएं।

बंडिया में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

खटीमा। बंडिया गांव की महिलाओं ने सावन के सोमवार को पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लिए बंडिया से शारदा नहर झनकईया तक कलश यात्रा निकाली। झनकईया पहुंचकर महिलाओं ने शारदा से कलश में जल भरकर वापस खुदागंज शिव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। इस दौरान महिलाओं सहित अन्य श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कालश्री, रेखा, मिथलेश्वरी, मंत्रना, मंटू, रविन्द्र, राजेन्द्र, दिनेश, रविन्द्र आदि मौजूद थे।

सितारगंज में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं।

पांच दिवसीय रुद्राभिषेक व रुद्र यज्ञ कार्यक्रम आरंभ

सितारगंज। सावन माह में मौनी बाबा मंदिर में प्रतिवर्ष होने वाले चार दिवसीय रुद्राभिषेक व रूद्र यज्ञ के आरंभ को लेकर सोमवार को महिलाओं ने मंदिर से कलश यात्रा निकाली। 200 महिलाओं ने कलश उठाकर यात्रा का शुभारम्भ किया। मंदिर के महंत आनंद बोरा ने बताया कि सोमवार से मंदिर में पांच दिवसीय रुद्राभिषेक व रुद्र यज्ञ का आयोजन आरम्भ हो गया है, जो 9 अगस्त तक नियमित संचालित रहेगा। कलश यात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, संदीप गुप्ता सोनू, महंत नितिन अरोरा, महेश मित्तल मौजूद रहे।

तीज स्पर्धा की विजेता बनीं तानिया

प्रतियोगिता में उपविजेता बनीं हेमा शर्मा और तृतीय विजेता का खिताब रजनी हांडा के नाम रहा

आयोजन

- भाजपा महिला मोर्चा की ओर से हुई हरियाली तीज प्रतियोगिता
- डांस प्रतियोगिता में हेमा, मेहंदी में अंजू रहीं प्रथम

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : भाजपा महिला मोर्चा की ओर से हरियाली तीज विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

सोमवार को मोहल्ला संजय कॉलोनी स्थित श्रीबालाजी घाटा मंदिर में आयोजित प्रतियोगिता में इस साल की तीज की विजेता तानिया बंसल रहीं, जबकि उपविजेता हेमा शर्मा, तृतीय विजेता का खिताब रजनी हांडा के नाम रहा।

इसके अलावा डांस प्रतियोगिता में हेमा सरना, वैशाली व आयुषी बंसल, मेहंदी प्रतियोगिता में अंजू सिंघल, पूनम अग्रवाल, सुधा तलवार क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहीं।

तीज प्रतियोगिता में मुख्य जज के रूप में समाजसेविका डा.पूनम पांडेय, आभा तीलरा, गीता खत्री, चंद्रिका फोगाट, मोर्चा की मंडल अध्यक्ष पूजा जिंदल, तारा शर्मा शामिल रहीं। इस मौके पर वानी दिवाकर, पूनम अग्रवाल, अनीता सिंह, सविता शर्मा, रीमा सरना, एकता, सुनीता गोयल, मीनू बंसल, निकिता जिंदल, नेहा जिंदल, तान्या भटनागर, मनीषा जैन, ममता जैन, समीक्षा जैन, लता गोयल, एकता बंसल, अपूर्वा, रेखा कालड़ा, कृतिका, आकांक्षा मित्तल, सूची मित्तल, कल्पना, खुशी, शशिवाला गर्ग, ऊषा मित्तल, टीना मित्तल, उमा गुप्ता, अनीता ग्रोवर, गीता, मोनिका गर्ग, सुनीता गुप्ता आदि मौजूद रही।

बाजपुर में तीज प्रतियोगिता की विजेता को सम्मानित करतीं समाजसेविका, मोर्चा की जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी। ● अमृत विचार

गदरपुर में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत

संवाददाता, गदरपुर/जसपुर

अमृत विचार : पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना के आवास पर पहुंचे। जहां भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके उपरांत कोश्यारी बाबा भूमन शाह के डेरे पर पहुंचे। जहां उन्होंने शहीद ऊधम सिंह सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, रविंद्र बजाज, नरेश हुड़िया, मंडल महामंत्री अनिल जेटली, अभिषेक वर्मा, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बेहड़ मौजूद थे।

जसपुर में पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी भाजपा नेता पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल के आवास पर पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, भाजपा जिला महामंत्री डॉ. सुदेश कुमार, मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, वीरेंद्र चौहान, सिद्धार्थ मोहन सिंघल, अनिल नागर, अंकुर सक्सेना आदि मौजूद रहे।

कोश्यारी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

शिव मंदिर रामबाग भोले के जयकारों से गूंज उठा

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: सावन माह के तीसरे सोमवार को प्राचीन शिव मंदिर रामबाग व क्षेत्र के सभी मंदिरों में उपवास रखकर शिवभक्तों ने पूजा-अर्चना के साथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस मौके पर कांवड़ियों ने भी पूजा-अर्चना के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान महिलाओं द्वारा शिव भजनों से माहौल भक्तिमय हो उठा।

श्रावण मास के तीसरे सोमवार को प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में प्रातः 5 बजे मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व पुजारन मंतो देवी ने पूजा- अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। तत्पश्चात सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कतारों में खड़े होकर जलाभिषेक किया। प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में शिव भक्तों द्वारा सामूहिक भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष राकेश सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, युवा व्यापारी नेता चेतन सुखीजा, अनिल सिंह रौतेला, विशंभर लाल मिगलानी, सागर सिंह, अमित अग्रवाल, सुनील बंसल, राहुल बाठला, दीनबंधु विश्वास, पवन अग्रवाल, मान सिंह कोरंगा, अशोक कालड़ा, सागर सिंह आदि मौजूद थे।

प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में जलाभिषेक के बाद कीर्तन करती महिलाएं।

मेधावी विद्यार्थियों का किया अभिनंदन

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों का अभिनंदन समारोह आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री जितेंद्र शर्मा सोनू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। नेता प्रतिपक्ष आर्य ने महाविद्यालय को छह लाख रुपये देने की घोषणा की।

सोमवार को महाविद्यालय सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि अनुशासन, कठिन मेहनत, लग्न तथा समर्पण से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। आर्य ने महाविद्यालय को नैक द्वारा बी डबल प्लस ग्रेड मिलने पर हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान महविद्यालय के 24 मेधावी विद्यार्थियों को आर्य द्वारा चेक वितरित किए गए। इसके अलावा महविद्यालय के विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को को प्रशस्ति पत्र एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा कुमाऊंनी, गढ़वाली, पंजाबी गीत-संगीत तथा नृत्य के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष प्रशांत भट्ट व सचिव आदर्श ने महविद्यालय में यूजी व पीजी में नए विषय खोलने, महाविद्यालय आवगमन के लिए मुख्य सड़क का निर्माण, मैदान का सुंदरीकरण एवं टिनशेड पार्किंग की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.केके पांडेय व संचालन वरिष्ठ प्राध्यापिका डा.रीता सचान ने किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि डीके जोशी, डा.मनुहार आर्या, डा.खेमकरण, डा.अनिल सैनी, डा.आदर्श कुमार चौधरी, डा.विकास रंजन, डा.मनप्रीत सिंह, डा.संध्या चौरसिया, डा.सूरजपाल सिंह, डा.अतुल उप्रेती आदि मौजूद रहे।

बाजपुर महाविद्यालय में अभिनंदन समारोह में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का स्वागत करते छात्रसंघ पदाधिकारी एवं विद्यार्थी।

हर घर पहुंचाया जा रहा पानी

- भाजपा कार्यकर्ताओं की मंडी समिति में बैठक

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक में राज्य मंत्री दिनेश आर्य ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पेयजल निगम एवं जल संस्थान के माध्यम से विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। हर घर नल हर घर जल मिशन के अंतर्गत हर घर में पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कृषि उत्पादन मंडी समिति में हुई बैठक में राज्यमंत्री आर्य ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता विभागीय अधिकारियों से सामंजस्य बनाकर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आम जनता को दिलाने का प्रयास करें।

बैठक में कार्यकर्ताओं ने असंगठित कामगार बोर्ड का सदस्य नियुक्त होने पर कैलाश मनराल का फूल मालाओं से स्वागत किया। अपने संबोधन में मनराल ने कहा कि वह शासन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे।

संचालन जिला महामंत्री सतीश गोयल ने किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, मोहनी पोखरिया, विमला बिष्ट, दिगंबर कन्याल, मनोज वाधवा, इंद्रपाल सिंह, किशोर जोशी, जानकी गोस्वामी, नीलू गुप्ता, अंजू देवी, अनीता ज्वाला, संगीता राणा, राहुल सक्सेना, सूरज धामी, करण यादव, इकबाल अहमद, राजू कुरैशी आदि रहे। इधर राज्य मंत्री दिनेश आर्य ने जल संस्थान एवं पेयजल निगम, जल निगम के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने अधिकारियों से लंबित कार्य को तीन माह में पूर्ण कर प्रगति रिपोर्ट दें। उन्होंने जल संस्थान के नव निर्माण कार्यालय का निरीक्षण भी किया।

खटीमा में राज्यमंत्री दिनेश आर्य और कैलाश मनराल का स्वागत करते कार्यकर्ता।

कई लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

काशीपुर। वार्ड नंबर 13 कविनगर में कांग्रेस की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सोमवार को बैठक की अध्यक्षता शक्ति सिंह सक्सेना की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान चौधरी नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में नरेंद्र राना, सुनील कुमार, महेंद्र सिंह, राजीव शर्मा, राजेंद्र सैनी, रविंद्र सिंह, पंकज चौहान, दिनेश सिंह चौहान, राजपाल, धर्मपाल सिंह, भूपेंद्र कुमार, चंद्र पाल सिंह, ललित शर्मा कमल कुमार ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। महानगर जिला अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने सभी सदस्यों से पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष संदीप सहगल, विमल गुड़िया, महेंद्र चौधरी, राजेंद्र पाल सिंह, राजीव शर्मा, महेंद्र लोहिया, हनीफ गुड्डू, मंसूर अली मंसूरी, मो. आरिफ मौजूद रहे।

अपनी भूमि की जांच जरूर कराएं किसान

- गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी ने दी किसानों को जानकारी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : गन्ना किसान गोष्ठी में किसानों को नवीनतम तकनीक के आधार पर कृषि करने का जानकारी दी गई।

गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र काशीपुर द्वारा बाजपुर क्षेत्र के ग्राम महेशपुर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए गन्ना विभाग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक कृषक को नवीनतम तकनीक के आधार पर गन्ने की खेती करनी चाहिए। हमें अपनी भूमि की जांच करानी चाहिए। भूमि में 16 प्रकार के सूक्ष्म पोषक तत्व पाए जाते हैं। अतः जांच करने पर हमें पता चलेगा कि भूमि में कौन से तत्व की कमी है और उसकी पूर्ति करने से जमीन की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

किसानों को गन्ने की नई प्रजातियों की जानकारी देते अधिकारी। ● अमृत विचार

अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

पंतनगर। आवास-विकास किच्छा निवासी शुभम भट्ट ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 27 जुलाई की शाम उसके पिता महादेव प्रसाद भट्ट अपनी स्कूटी से हल्द्वानी जा रहे थे। उनके साथ खटीमा निवासी महेश सिंह भी थे, जो कि स्कूटी चला रहे थे। किच्छा-हल्द्वानी मार्ग पर पर शांतिपुरी के पास अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में उसके पिता का दाहिना हाथ शरीर से कटकर अलग हो गया। जिन्हें 108 एंबुलेंस से एसटीएच हल्द्वानी ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया, वहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। एसएचओ मनोज रतूड़ी ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बोले विधायक पांडे | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिनेशपुर व गूलरभोज का मानक के आधार पर होगा उच्चीकरण

केंद्रीय सड़क अवस्थापना निधि से बनेगा मटकोटा मार्ग

संवाददाता, गूलरभोज

अमृत विचार: पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक अरविंद पांडेय ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि मटकोटा से दिनेशपुर होते हुए गदरपुर 16 किलोमीटर क्षतिग्रस्त मार्ग का केंद्रीय सड़क स्थापना निधि से निर्माण किया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिनेशपुर व गूलरभोज का मानक पूर्ण होने पर सरकार उच्चीकरण के लिए कार्रवाई कर रही है।

बंगाली समाज की उपजातियां, राय सिख एवं अनुसूचित जाति व जनजाति समाज के बच्चों की छात्रवृत्ति नई शिक्षा नीतियों के तहत रुकी हुई थी। छात्रवृत्ति शीघ्र ही बच्चों के खातों में आएगी। सोमवार को कैम्प कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि मटकोटा से दिनेशपुर होते हुए गदरपुर 16 किलोमीटर क्षतिग्रस्त मार्ग पर दुर्घटनाओं में हुई मौतों से वह स्वयं दुखी है। उन्होंने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा छह माह पूर्व उनका प्रयास पीपीमोड व सिडकुल से मार्ग का निर्माण करवाने का था। लेकिन आचार संहिता लगने व अन्य दिक्कतों के चलते निर्माण कार्य नहीं हो पाया। फिलहाल गड्ढा मुक्त मार्ग बनाने के लिए लोनिवि द्वारा पैच वर्क करवाया जा रहा है। विधायक पांडेय ने बताया कि दो दिन पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनकी देहरादून में वार्ता हुई। मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मटकोटा-गदरपुर 16 किलोमीटर मार्ग सेंट्रल सड़क अवस्थापना निधि से बनवाने के प्रस्ताव भेजा। केंद्रीय मंत्री से बरसात के बाद शीघ्र मार्ग बनवाने का आश्वासन मिला है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के उच्चिकरण के लिए दिनेशपुर व गूलरभोज स्वास्थ्य केंद्र के प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। ग्राम पंचायत धीमरी ब्लॉक, श्रीरामपुर व विजयनगर के क्षतिग्रस्त मार्गो का लोनिवि द्वारा सर्वे करवाया जा रहा है। जिसके निर्माण का बजट विधानसभा सत्र के दौरान पास करवाया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह पानू, मंडल अध्यक्ष अनादिरंजन मंडल, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु सरकार, विधायक प्रतिनिधि सुकोमल मंडल, तरुण दुबे, योगेश पानू मौजूद थे।

गूलरभोज कैंम्प कार्यालय में प्रेस वार्ता करते विधायक अरविंद पांडेय।

राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली पर प्रशिक्षण दिया

पंतनगर। निदेशक कोषागार पेंशन एवं हकदारी देहरादून के निदेशक दिनेश चंद्र लोहनी ने राज्य में पहली अक्टूबर 2005 से लागू राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को सुगमतापूर्वक लागू किए जाने के लिए एनपीएस संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किए जाने का आदेश दिया था। इसी परिप्रेक्ष्य में सोमवार को जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के गांधी हॉल में विवि के सभी लेखा कर्मियों के लिए एनपीएस संबंधी कार्य और उनके उत्तरादायित्वों पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। एनएसडीएल के प्रशिक्षक रमेश चंद्र और कोषागार पेंशन हकदारी देहरादून के लेखाधिकारी योगेंद्र कुमार ने एनपीएस के सभी पहलुओं से लेखा कर्मियों को अवगत कराया। इस प्रशिक्षण में लेखाधिकारी सतीश चंद्र, रजनीश कुमार, घनश्याम सिंह, चमन वर्मा मौजूद रहे।

रमेश चंद्र।

सार-संक्षेप

टैगोर नगर दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारी व ग्रामीण। ● अमृत विचार

पूजा कमेटी के अशोक मंडल बने अध्यक्ष

शक्तिफार्म : टैगोर नगर में दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए पूजा कमेटी का गठन किया गया। अशोक मंडल अध्यक्ष बने। बंगाली समाज का सबसे बड़ा त्योहार दुर्गा पूजा महोत्सव टैगोर नगर में पिछले 60 वर्षों से मनाया जा रहा है। इस वर्ष भी मां दुर्गा की पूजा धूमधाम से मनाने के लिए रविवार को मंदिर प्रांगण में सभा का आयोजन किया गया। सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन किया गया। इसमें अशोक मंडल अध्यक्ष, चंद्रकांत दास उपाध्यक्ष, सुबल विश्वास सचिव, रिपुसुदन मंडल उप सचिव, नारायण विश्वास कोषाध्यक्ष बनाए गए। किशोर राय, बाबूलाल विश्वास ऑडिटर, सुनील विश्वास, राम मित्र, अमल सरकार, सुनील सरकार, अजीत हालदार, बाबूराम हालदार ,बाबू दास, रवि मजूमदार, तारक मंडल, विश्वजीत हालदार, सब्यसाची हालदार, असीम हीरा संरक्षक बने।

नानकमत्ता में वर्कशॉप में जानकारी देते एक्सपर्ट। ● अमृत विचार

नानकमत्ता पब्लिक स्कूल में हुई माइंड पावर वर्कशॉप

नानकमत्ता : नानकमत्ता पब्लिक स्कूल में माइंड पावर कार्यशाला माइंडफुल मोमेंटम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएलपी एक्सपर्ट व कोच दीपक पांडेय ने छात्रों के व्यक्तित्व विकास सहित उनकी बौद्धिक क्षमता को विकसित करने को लेकर तमाम उपाय सुझाए। कार्यशाला में 120 से अधिक छात्रों व अध्यापकों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति से कमलेश अटवाल, चंद्र शेखर अटवाल मौजूद रहे।

जसपुर के काली माता मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु ।

काली माता मंदिर में आयोजित भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

जसपुर : जसपुर-अफजलगढ़ मार्ग पर सूत मिल पुलिस चौकी के पास स्थित ऐतिहासिक काली माता मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने काफी संख्या में पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया।

बंद घर से लाखों के जेवरात उड़ाए

पांच दिन पहले बच्चों से मिलने हल्द्वानी गया था गृहस्वामी, चोरों ने खिड़की-दरवाजे तोड़े

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: चारुबेटा गांव में बंद घर के खिड़की और दरवाजे तोड़कर चोरों ने लाखों की नकदी और जेवरात चुरा लिए। गृहस्वामी को चोरी का सोमवार को पता चला जब वह घर पहुंचे। उन्होंने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी है।

चारुबेटा निवासी भूपाल सिंह बिष्ट ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि वह अपने बच्चों से मिलने के लिए एक अगस्त को हल्द्वानी चले गए थे। उन्होंने कहा है कि सोमवार को जब वह घर पहुंचे तो देखा कि घर की कांच की खिड़की और दरवाजे टूटे हुए हैं। उन्होंने जब अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। गृहस्वामी बिष्ट ने बताया कि घर से सोने-चांदी के जेवर व नकदी चोरी हो गए हैं। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

खटीमा के चारुबेटा में चोरों द्वारा खंगाला गया कमरा। ● अमृत विचार

दुकान का ताला तोड़कर 18 किलो कॉपर तार चुराया

नानकमत्ता : बीती रात चोरों ने मंडी में स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान का ताला तोड़कर 18 किलो कॉपर तार चोरी कर लिया। सितारगंज रोड पर स्थित मंडी में दुकान नंबर दो में विडोरी निवासी मनजीत सिंह की इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है। रविवार की रात मनजीत सिंह अपनी दुकान बंद कर कर चला गया था। सोमवार को जब वह अपनी दुकान पर आया तो देखा दुकान का ताला टूटा हुआ था। वहीं दुकान में रखा कीमती कॉपर तार 18 किलो गायब था। दुकानदार ने दुकान में चोरी होने की सूचना पुलिस को दी, दुकान में चोरी होने की घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। अभी पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

चोरी बाइक के साथ दो नेपाली नाबालिग दबोचे

खटीमा : थाना झनकईया ने नगरा तराई से चोरी हुई बाइक को पुलिस ने 48 घंटे से कम समय में बरामद कर लिया है। पुलिस ने चोरी करने वाले दो नेपाली नाबालिग बच्चों को गिरफ्तार किया है। नगरा तराई निवासी मिथुन पाल निवासी खेलड़िया ने थाना झनकईया को सूचना दी थी कि उसकी बाइक दो अगस्त को नगला तराई से चोरी हो गई है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा को सौंप दी। इसी दौरान रविवार शाम के समय पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग चलाया जा रहा था। इसी दौरान लोहियाहेड रोड सूखापुल के पास दो नेपाली नाबालिग नागरिकों के कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद कर ली। पुलिस ने अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी कर उक्त दोनों नाबालिगों को पुलिस प्रभार में लिया गया जिन्हें न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया जाएगा।

पाकिस्तान बंटवारे से प्रभावित परिवार होंगे सम्मानित

किच्छा : भारत-पाकिस्तान बंटवारे के दौरान विभाजन की विभीषिका से प्रभावित लोगों को आगामी 14 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा। क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों द्वारा सामूहिक रूप से की गई बैठक में यह निर्णय लिया गया। नगर स्थित एक राइस मिल में तमाम संभ्रांत नागरिकों की संपन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 अगस्त 1947 को भारत पाकिस्तान के बंटवारे की विभीषिका से प्रभावित उन परिवारों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने बंटवारे के दौरान अपना सब कुछ छोड़कर भारत में आकर शरण ली और अथक परिश्रम के बाद खुद को स्थापित किया। 14 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में बंटवारे की त्रासदी से संबंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई जाएगी।

म्यांमार में फंसे लोगों के परिजनों से मिलने पहुंची एनआईए की टीम

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: लखनऊ से आई दो सदस्यीय एनआईए की टीम ने कुटरा के म्यांमार में फंसे रोहित बोरा के परिवार से मुलाकात की। इससे पहले टीम के दोनों सदस्य चंपावत के बनबसा नगर पंचायत से म्यांमार गए ललित सौद के परिवार से भी मिले।

रोहित बोरा के भाई राहुल बोरा ने बताया कि लखनऊ से रश्मि शुक्ला और एक अन्य अधिकारी उनसे मिलने आए थे। दोनों अधिकारियों ने उनसे उनके भाई के जाने से लेकर पासपोर्ट, वीजा आदि उपलब्ध कराने और वर्तमान में चल रही बातचीत के बारे में पूछताछ की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से म्यामार में फंसे उत्तराखंड के लोगों को सुरक्षित निकालने का अनुरोध किया था। कोतवाल प्रकाश सिंह दानू ने बताया कि रविवार को एनआईए के दो अधिकारी यहां आए थे। जिन्होंने म्यांमार में फंसे युवाओं के परिजनों से वार्ता की है। खटीमा से कुटरा निवासी रोहित बोरा, गौरव बिष्ट, दीपक बोरा, कमलेश सोन, विकास सोन टूरिस्ट वीजा पर 70 हजार रुपये महीने की नौकरी के लिए 28 अप्रैल को दिल्ली और वहां से 25 मई को बैंकॉक चले गए। बैंकॉक से म्यांमार ले जाकर इन लोगों को बंधक बना लिया गया। इस मामले में मई माह में खटीमा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। भाई राहुल बोरा ने पूछताछ में एनआई के अधिकारियों को पासपोर्ट बनाने से लेकर वीजा लगने और वहां से मिल रही सूचनाओं की जानकारी दी।

सार-संक्षेप

वरिष्ठ भाजपा नेता की जयंती पर पौधरोपण करते वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ।

भाजपा नेता सामंती की जयंती पर किया पौधरोपण

रुद्रपुर : रुद्रपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी वीरेंद्र सिंह सामंती की जयंती पर भाजपाइयों ने वार्ड नंबर 19 में पौधरोपण कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान भाजपाइयों ने स्व. सामंती की स्मृति में एक पेड़ दोस्त के नाम पर पौधारोपण किया। सोमवार को कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ और वर्तमान पार्षद और प्रमोद शर्मा ने कहा कि वीरेंद्र सिंह सामंती पार्टी के सच्चे सिपाही थे और भारतीय जनता पार्टी में महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष पद पर रहे। इसके अलावा वह रुद्रपुर मंडी समिति के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने कहा कि सामंती सदैव समाज के छोटे से लेकर बड़े कार्यों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते थे। इस अवसर पर बिट्टू शर्मा, पवन शर्मा, संदीप अवस्थी, नारायण जोशी, गौरव शर्मा, ओमकार पाठक, हरदेव सिंह, नीलकंठ राणा, राज कोली आदि मौजूद थे।

किच्छा में पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। ● अमृत विचार

आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस पर किया पौधरोपण

किच्छा : महिला योग समिति एवं पतंजलि समिति के तत्वावधान में आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस के मौके पर महिलाओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। पतंजलि योग समिति की तहसील प्रभारी जानकी तिवारी के नेतृत्व में तमाम महिलाओं ने पौधों रोपण किया और आचार्य बालकृष्ण के दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर वरिष्ठ नेत्री दया डसीला, शैली फुटेला, प्रेमलता चौहान, दया डसीला, कुसुम नारंग, विभा देवी, गीता, दीपा कांडपाल, सोनम सिडाना, कमला देवी, माधुरी विसेन आदि मौजूद रहे।

मजदूरी के लाखों रुपये का भुगतान नहीं करने का आरोप

काशीपुर : एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोपराइटर पर मजदूरी के लाखों रुपये का भुगतान न करने का आरोप लगाते हुए श्रमिकों व ठेकेदारों ने एसडीएम से शिकायत की है। एसडीएम ने पुलिस को जांच करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को बसपा महानगर अध्यक्ष एमए राहुल के नेतृत्व में ठेकेदार व श्रमिकों ने एसडीएम कार्यालय में प्रार्थना-पत्र देकर कहा कि हेमपुर इस्माईल और ग्राम मानपुर निवासी दो लोग मिलकर एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में 40 मिस्त्री व मजदूरों से कार्य करा रहे थे। श्रमिक वहां करीब चार माह से काम कर रहे हैं। उनका कुल भुगतान 16,99,093 रुपये हुआ। काम के बीच-बीच में कंपनी के प्रोपराइटर ने उन्हें 8,06,500 रुपये दे दिये। वहीं ठेकेदार ने कंपनी में 27,53,250 रुपये की सटरिंग दी। बची हुई रकम मांगने पर कंपनी का प्रोपराइटर कोई जवाब नहीं दे रहा है। उसके द्वारा दिए गए चेक भी बाउंस हो चुके हैं। उन्होंने एसडीएम से रकम दिलाने की गुहार लगाई है।

धर्म दर्शन

वैदिक देवमंडल में विष्णु

यह दुखद आश्चर्य है कि आजकल संस्कृत भाषा से सर्वथा अपरिचित अथवा अल्पज्ञ वेदों और शास्त्रों पर संस्कृत भाषा से सर्वथा अपरिचित पाश्चात्यों की मनमानी टिप्पणी को आधार मान तथ्यों को तोड़-मरोड़कर अपना शाही फरमान जारी करने लगे हैं। ऐसे ही एक तथाकथित 'मनीषी' वैदिक देवमंडल के "विष्णु" के उद्धार या उन पर उपकार कर 'वैष्णव धर्म' की स्थापना का श्रेय किसी जाति विशेष को दे दिया है। वह सज्जन इस वास्तविक कटु सत्य को पूरी तरह भूल जाते हैं कि वेदों में "वर्ण" का निर्धारण जन्म से नहीं कर्म से होता है। जन्म आधारित आगे चलकर भारत को विखंडित करने वाली "जाति व्यवस्था" उत्तर वैदिक एवं परवर्ती विशेषकर सूत्र, स्मृति तथा परवर्ती पौराणिक युग की देन है। यही कारण है कि ऐसे तथाकथित लेखक संदर्भ ग्रंथों या लेखकों को जानबूझकर संदर्भित नहीं करते हैं। संस्कृत का 'देवता' शब्द यों तो स्त्रीलिंग है, किंतु हिंदी भाषा में यह पुल्लिंग के रूप में प्रयुक्त होता है। वहां 'देव' शब्द पुल्लिंग तथा 'देवी' शब्द स्त्रीलिंग वाचक है। 'देव' शब्द हिन्दू धरा का एक महत्वपूर्ण तत्व है। यास्क के 'निरूक्त' के अनुसार दया, दान, दीपन, द्योतन, द्युस्थान के अर्थ में यह शब्द प्रयुक्त होता है। वेदों में ईश्वरीय शक्ति के विभिन्न रूपों की कल्पना 'देव' शब्द में की गई है। यह सुस्पष्ट है, "एकं सद्विप्राः बहुधा वदंति, अग्निं यमं मातरिश्वामंमाहुः"। (अर्थात सत्ता एक ही है, विद्वान लोग इसको विविध प्रकार से अग्नि, यम, मातरिश्वा आदि देवताओं के रूप में कहते हैं।) ऋग्वेद के पुरुष सूक्त के मंत्र 17 के अनुसार परमेश्वर ने मनुष्य शरीर आदि की रचना की है, अतः मनुष्य भी दिव्य कर्म करके देव कहलाते हैं और जब उपासना से विद्या, विज्ञान आदि उत्तम गुणों को प्राप्त होते हैं तब उन मनुष्यों का नाम या संबोधन देव हो जाता है, क्योंकि कर्म से उपासना और ज्ञान उतम हैं। ऐसे गुणों वाला जो मनुष्य परमेश्वर की प्राप्ति रूप मोक्ष की इच्छा करके उत्तम कार्य उपासना और ज्ञान से पुरुषार्थ करता है, वह उत्तम "देव" कहलाता है।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

वैदिक देवमंडल में अनेक देवताओं की गणना है। प्रारंभ में परिवार क्रम से मुख्यतः 33 देवतिम में 12 अदिति+8 वसु+11 रूद्र+द्यावा तथा पृथ्वी की गणना की गई है। वृद्धिक्रम में अंततः उनकी संख्या 33 कोटि तक पहुंचा दी गई। स्थान क्रम से वैदिक देवताओं के तीन प्रमुख भागों, पृथ्वी (स्थानीय या इह लौकिक), (2) अंतरिक्ष स्थानीय तथा (3) व्योम स्थानीय में गणना की गई। इन्हीं को क्रमशः द्युस्थानीय (ऊपरी आकाश में रहने वाले), (2)अंतरिक्ष स्थानीय (मध्य आकाश के वासी) तथा (3) पृथ्वी स्थानीय (पृथ्वी के वासी) भी कहा गया है। ऋग्वेद के सूक्तों में विशेष रूप से विभिन्न देवताओं की स्तुतियों की अधिकता है। प्रमुख देवताओं में अग्नि, वायु, इन्द्र, वरुण, मित्रा वरुण, अश्विनी कुमारों, विश्वे देवा, सरस्वती, ऋत्त, मरुत, त्वष्टा, ब्रह्मणस्पति, सोम, दक्षिणा, ऋभु, इन्द्राणी, दक्ष्यानी, द्यो, पृथ्वी आदि के नाम हैं। निरुक्त के अनुसार देवता तीन हैं, द्युस्थानीय, पृथ्वी स्थानीय और अंतरिक्ष। इनमें अग्नि पृथ्वी स्थानीय, इनमें इन्द्र एवं वायु अंतरिक्ष तथा सूर्य का स्थान द्युलोक है। प्राचीन भारतीय धर्म शास्त्री ऋग्वैदिक देवताओं की संख्या को ध्यान में रखकर ऋग्वैदिक समाज को 'बहु देववादी' मानते हैं, जो लोग देवताओं की अनेकता को नहीं मानते उनके अनुसार देवों के विभिन्न नाम एक सर्वोत्तम सत्ता परमेश्वर का ही विभिन्न स्वरूप बता सभी स्तुतक को एक ही परमात्मा परक मानते हैं। उनके अनुसार सभी देवता और संपूर्ण सृष्टि एक ही परमात्मा की विभूति है।

रुद्राभिषेक

रुद्राभिषेक में भौतिक पदार्थों से ज्यादा प्रभावी होती है, आंतरिक पवित्रता आस्था, निष्ठा, विनम्रता एवं समर्पण आदि ऐसे भाव हैं कि इसके जरिए व्यक्ति हर जगह सम्मान ही नहीं परस्पर सानिध्य एवं भरपूर सहयोग भी प्राप्त कर लेता है। इन्हीं सद्गुणों के बल पर पूजा पाठ तथा धार्मिक कार्यक्रमों में अपने ईष्टदेव तक की कृपा का भी द्वार खुलता है। इसीलिए धार्मिक कार्यक्रमों में अपने ईष्टदेव के प्रति पूर्ण विश्वास एवं समर्पण की सराहना की गई है। धर्म ग्रंथों में अनेक दृष्टांत मिलते हैं कि बड़े-बड़े ऋषि-मुनि-तपस्वी तथा सम्राट ईश्वरीय कृपा नहीं प्राप्त कर सके, जबकि अत्यंत दीन-हीन अवस्था में रहने वालों को ईश्वर की कृपा सहज एवं सरल ढंग से मिल गई। सावन के महीने में दीनों के नाथ भगवान शिव के रुद्राभिषेक के लिए यदि पास में धन का अभाव है तब भी किया जा सकता है। यह भारी भरकम द्रव्य और वस्तु से भी ज्यादा प्रभावी हो सकता है। रुद्राभिषेक में जिस प्रकार अलग-अलग ग्रहों को अनुकूल करने के लिए अलग-अलग पदार्थों यथा दूध, शहद, गन्ने के रस आदि से अभिषेक किया जाता है। यदि इन वस्तुओं में खुद के पास कुछ न हो तो मानसिक अभिषेक के वक्त सूर्य की अनुकूलता के लिए यह संकल्प लिया जाए कि उपासक हर जगह प्रकाश उसी तरह फैलाएगा जिस तरह सूर्य के उदित होते अंधकार दूर हो जाता है। यह प्रकाश बहुआयामी होना चाहिए। इसी तरह चन्द्रमा ग्रह के लिए हमेशा मन शीतल रखने का तथा मंगल ग्रह के लिए वचनों तथा आचरण में उग्रता की जगह विनम्रता का भाव रखने का संकल्प लेना चाहिए। बुद्ध एवं गुरु ग्रह की अनुकूकता के लिए बौद्धिक ज्ञान वृद्धि तथा शुक्र ग्रह के लिए भौतिक धरातल पर अभावों में जीने वालों को भौतिक समृद्धि का रास्ता दिखाने का भाव मन में रखना चाहिए। इसके बाद शनि ग्रह की कृपा के लिए किसी का हक-हिस्सा न छीनने का संकल्प एवं राहु एवं केतु ग्रह को अनुकूल करने के लिए आलस्य त्याग तथा दूसरों के आगे हाथ न फैलाकर खुद पुरुषार्थी बनने का संकल्प लेना चाहिए।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 अगस्त मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 19 .52 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 19 .44 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

मेष — आज रियल एस्टेट से संबंधित व्यवसाय में आपको लाभ प्राप्त होगा। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। समाज से आपका यश बढ़ेगा। आपका स्वास्थ्य कुछ नरम सा हो सकता है। धार्मिक कार्यों में आप विशेष रुचि लेंगे।

वृष — आज दोपहर के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। विवाह योग्य जातकों के विवाह तय होने में बाधा आ सकती है। विद्यार्थियों की अध्ययन के प्रति रुचि कम हो सकती है। उच्च पदासीन लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा।

मिथुन — आज भाइयों और मित्रों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। प्रियजन के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से आय में वृद्धि होगी। आपको कई शुभ समाचार एक साथ मिल सकते हैं। अपनी कार्यप्रणाली में विशेष सुधार आने का प्रयास करेंगे।

कर्क — आज घरेलू काम के दबाव के कारण थोड़ी थकावट महसूस करेंगे। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। हृदय रोगियों को तनाव लेने से बचना चाहिए। निजी रिश्तों में प्रेम भाव कुछ कम रहेगा। स्वार्थी रवैये के कारण संबंध प्रभावित हो सकते हैं।

सिंह — आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। नया वाहन खरीदने का विचार बनाएंगे। ऑनलाइन कारोबार में लाभ होगा। परिवार के बड़े लोगों की सलाह लेनी चाहिए। परिवार को आप पर्याप्त समय देंगे। जीवनसाथी को आप कोई गिफ्ट दे सकते हैं।

कन्या — आज नींद में कमी के कारण चिड़चिड़ेपन और अवसाद जैसा महसूस करेंगे, किंतु अपनी वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखें। यात्रा के दौरान परेशानियां हो सकती है। किसी को धन उधार न दें। वरना आपका धन वापस मिलने में कठिनाई होगी।

तुला — आज बेरोजगार लोगों को नया रोजगार मिल सकता है। जीवनसाथी आपको उपहार दे सकता है। कारोबारी यात्रा से लाभ प्राप्त होगा। समाज में आपका यश बढ़ेगा, जिसके कारण आपके बहुत से काम बिना रुकावट के हो जाएंगे।

वृश्चिक — आज नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। भविष्य को लेकर नई योजना बनाएंगे। आपके सम्मान को कुछ लोग ठेस पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। योजना बनाकर काम करना बेहतर होगा।

धनु — आज आपको सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से काम करना चाहिए। बच्चों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। युवाओं को करियर में शानदार परिणाम मिलेंगे। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। घर के बड़े-बुजुर्गों की बात अवश्य मानें।

मकर — आज दांपत्य जीवन में आपसी समझ में कमी आ सकती है। अपने सहयोगियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। बेवजह की यात्राओं के कारण परेशानी हो सकती है। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। उच्च शिक्षा में अवरोध आने की आशंका है।

कुंभ — आज मानसिक रूप से काफी सुकून का अनुभव करेंगे। जीवनसाथी के सहयोग से आपका मनोबल और आत्मविश्वास बढ़ेगा। पारिवारिक खुशियों में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उन्नति होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। शत्रुओं पर आप हावी रहेंगे।

मीन — आज आप अपने शौक को पूरा करने में लगे रहेंगे। परिवार के साथ डिनर के लिए जा सकते हैं। पुराने अनुभवों का आपको भरपूर लाभ मिलेगा। आपके खर्चे कम होने की संभावना बन रही है। बढ़ते हुए कर्जों को चुकाने के लिए तत्पर रहेंगे।

वर्ग पहेली-153

बाएं से दाएं

1.(उर्दू साहित्य) वह कविता जिसमें दो-दो चरण एक साथ रहते हैं और दोनों में तुकांत मिलाया जाता है।

4.1.अच्छा-बुरा परखने वाला 2.तेज़ नज़र रखने वाला, चालाक 3.नज़र लड़ाने वाला, आंख लड़ाने वाला।

6.1.चिपकना 2.किसी जीव का दूसरे जीव या पदार्थ को अच्छी तरह पकड़कर उसके साथ सटना, लिपटना 3.बहुत बुरी तरह से किसी के पीछे पड़ना और जल्दी उसका पिंड न छोड़ना।

ऊपर से नीचे

1.1.मैल, गंदगी 2.गुह, विष्ठा 3.पाप, दुर्गुण, बुराई 4.मनोविकार।

2.महल या हवेली के सामने या चारों ओर स्थित बाग।

3.1.आटे या बेसन के घोल से बनाया गया मीठा या नमकीन पकवान, चिल्ला, उलटा।

4.1.बात-बात में क्रोधित होने वाला, तुनकमिज़ाज, चिड़चिड़ा, बदमिज़ाज 2.घमंडी।

5.रटने की क्रिया, धुन।



वर्ग पहेली -152 का हल

1 औं	2 व	■	3 धुँ	■
■	न	■	ध	■
5 रु	प	ह	ला	■
■	शु	■	प	■
6 दा	■	7 ज	न	8 लो
शे	■	■	■	लु
र	■	9 लं	क	प

क
नु
सू
च
क
ति

सुडोकू-66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1		9		3				7
	4			2	7		9	
7						8		
		6			5			9
4			2				7	
9				1			6	
		4			3		2	
6			5			7		
					6			4

सुडोकू -65 का हल

8	1	7	2	9	3	6	4	5
5	9	3	1	6	4	8	7	2
4	2	6	7	5	8	1	3	9
6	5	8	3	7	2	9	1	4
9	3	2	6	4	1	7	5	8
1	7	4	9	8	5	3	2	6
2	8	1	4	3	6	5	9	7
7	4	5	8	1	9	2	6	3
3	6	9	5	2	7	4	8	1

आज की फिल्में

अकेले हम अकेले तुम
सुबह : 09 .57
प्लेटफॉर्म
रात : 07 .00

टॉइलेट-एक प्रेम कथा
सुबह : 11 .05
नाम शबाना
रात : 08 .00

जर्नी 2
सुबह : 11 .06
वंडर वुमन 1984
रात : 09 .00

मिली
सुबह : 10 .36
भैरवकोना
रात : 08 .00

गालोडु
दोपहर : 12 .58
गॉड फादर
रात : 07 .59

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर-जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..!!
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं..
पति- (कोमेन्टरी के अंदाज़ में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल!!

सभी शिव मंदिरों में सुबह से लगी रही लंबी कतारें, जागेश्वर धाम में लोगों ने कराया पार्थिव पूजन

अल्मोड़ा में भोले के जयकारों से गूंजे शिव मंदिर

▸▸ सावन के सोमवार पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : श्रावण मास के तीसरे सोमवार को जिले भर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। शिवालयों में देर शाम तक श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने सुख और शांति की प्रार्थना की। सोमवार को जागेश्वर धाम में सुबह से दर्शन को श्रद्धालुओं की चहल पहल रही। दिनभर बड़ी संख्या में लोगों ने पार्थिव पूजन कराये। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को बेल पत्र, फल-फूल आदि अर्पित कर जलाभिषेक किया और महिलाओं ने दीप जलाकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। इधर, नगर के बेतालेश्वर, बद्रेश्वर, एनटीडी शिव मंदिर, विश्वनाथ, देवस्थल आदि शिवायल बम-बम भोले के जयकारों से गूंज उठे। शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने पहुंचे।

जागेश्वर धाम में सावन के तीसरे सोमवार पर श्रद्धालुओं की कतार लगी रही।

जागेश्वर धाम में सावन के तीसरे सोमवार पर पार्थिव पूजन कराते श्रद्धालु।

चरस तस्करी के दो अभियुक्तों को 20-20 साल का कारावास

संवाददाता, बागेश्वर

▸▸ विशेष सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र दत्त ने एक-एक लाख का अर्थदंड भी सुनाया

अमृत विचार: विशेष सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र दत्त ने चरस तस्करी के दो अभियुक्तों को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास और एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड सुनाया है। अर्थदंड न देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

मामले के अनुसार 12 अगस्त 2022 को थाना झिरौली के निरीक्षक कैलाश सिंह नेगी ने वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कोडा कार को रोका। चेकिंग के दौरान कार चालक व उसमें बैठा व्यक्ति वाहन के कागज नहीं दिखा सके। इस दौरान उनके पास एक बैग बरामद हुआ, जिसमें चालक ने चरस होना बताया। पूछने पर चालक सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम परविन्दर सिंह राणा निवासी जोशीमठ चमोली तथा चालक के बगल में बैठे दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम पुष्कर सिंह ग्राम बाछम जिला बागेश्वर हाल भराडी कपकोट बताया। पुलिस निरीक्षक की सूचना पर मौके पर पहुंचे सीओ शिवराज सिंह राणा ने बैग से चरस बरामद की। बरामद चरस का कुल वजन 7.038 किलोग्राम निकला। पुलिस ने मामला पंजीकृत कर आरोपियों को विशेष सत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता गोविन्द बल्लभ उपाध्याय एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंचल सिंह पपोला ने कुल बारह गवाह न्यायालय परीक्षित कराये। विशेष सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र दत्त ने गवाहों के बयानों, विधि विज्ञान प्रयोगशाला की परीक्षण रिपोर्ट और अन्य दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त परविन्दर सिंह राणा और पुष्कर सिंह को दोषी पाते हुए 20-20 वर्ष का कठोर कारावास तथा एक-एक लाख रुपये का अर्थदंड सुनाया।

एक नजर

पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने की मांग मुखर

अल्मोड़ा : एनएमओपीएस संगठन पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर मुखर हो गया है। सोमवार को संगठन की अल्मोड़ा जिला कार्यकारिणी ने वर्चुअल बैठक कर आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। एक स्वर में गैरसैंण विधानसभा सत्र में अपनी बात को पुरजोर तरीके से रखवाने का आह्वान किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों और कर्मचारियों को आजीवन सेवा के बावजूद पेंशन से वंचित रखा जा रहा है। कहा कि उनकी मेहनत की कमाई को शेयर बाजार के हवाले किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में हिमाचल राज्य के कर्मचारियों की तरह ही जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके अलावा बैठक में आगामी गैरसैंण विधानसभा सत्र में अपनी बात पुरजोर तरीके से रखने का आह्वान किया गया। यहां बैठक में धीरेंद्र पाठक, गणेश भंडारी, पुष्कर सिंह भैसोड़ा, जीवन तिवारी, मनोज पाठक, दीपक पांडे, मोहन जोशी, दीपक बिष्ट, राजू लटवाल, संजय जोशी, रमेश मेहरा, कैलाश जोशी, जीवन मेहरा, गोपाल रावत, मीनाक्षी जोशी, प्रीति अधिकारी आदि रहे।

गांवों को पालिका में मिलाने का जोरदार विरोध

परिसीमन के विरोध में ग्रामीणों ने गांधी पार्क में धरना दिया, प्रस्ताव वापस नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी

▸▸ सरकार पर ग्रामीणों से भेदभाव पूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: हवालबाग ब्लॉक की 25 ग्राम पंचायतों को नगर पालिका में शामिल करने के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को 25 ग्राम पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीणों ने सरकार के खिलाफ धरना दिया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की। गांवों को जबरन पालिका में शामिल करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। वहीं, क्षेत्रीय विधायक व कांग्रेस ने भी ग्रामीणों के धरने को अपना समर्थन दिया।

सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण यहां मालरोड स्थित गांधी पार्क में एकत्र हुए। जहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि गांवों को पालिका में शामिल करने का प्रस्ताव बगैर उनकी सहमति के शासन को भेजा गया है। मामले में उनसे कोई भी राय नहीं ली गई। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों पर अनावश्यक बोझ डालने की मंशा से ग्राम पंचायतों को जबरन पालिका में मिलाने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने सरकार को चेताया कि अगर गांवों को पालिका में शामिल किया गया तो समस्त ग्रामीण सड़क से लेकर कानूनी स्तर पर अपनी लड़ाई लड़ेंगे। जल्द प्रस्ताव को वापस नहीं लिया गया तो समस्त ग्रामीण चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान धरने में क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी और कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज ने भी अपना समर्थन दिया।

कहा कि वह ग्रामीणों के साथ है। किसी भी स्थिति में गांवों को पालिका में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष धीरेंद्र गैलाकोटी, पूर्व प्रधान संगठन अध्यक्ष हरीश कनवाल, देवेंद्र सिंह बिष्ट, किशन सिंह बिष्ट, हरीश रावत, मनोज लटवाल, राजेंद्र सिंह, नवीन बिष्ट, गोपाल सिंह बिष्ट, देव सिंह भोजक, हरेंद्र प्रसाद शैली, पंकज खुल्बे, हरीश राम, बहादुर सिंह, कृपाल राम, महेंद्र बिष्ट, सुंदर सिंह, जीवन सिंह, अजय बिष्ट, गौरल लाल, भानू सिंह, दिवस तिवारी, रमा तिवारी, प्रकाश चंद्र जोशी, गोविंद सिंह मेहरा, गीता मेहरा, नवीन, राधा देवी, हर्ष कनवाल, नंदा बल्लभ पांडे, महेंद्र सिंह जीना, विजय कनवाल, भाष्कर कनवाल, अजय कनवाल, आशीष सिंह, सागर सिंह बिष्ट, जगदीश सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अल्मोड़ा गांधी पार्क में सोमवार को परिसीमन के विरोध में नारेबाजी करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

बुजुर्ग ने सरयू नदी में छलांग लगाकर दी जान, शव बरामद

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : बाराकोट ब्लाक के घाट स्थित पुराने पैदल पुल से एक बुजुर्ग ने सरयू नदी में छलांग लगा दी, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को नदी से निकालकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए लोहाघाट मोर्चरी भेज दिया।

बाराकोट चौकी प्रभारी हरीश प्रसाद ने बताया कि लोगों की सूचना के बाद मौके में पहुंची पुलिस ने शव को नदी किनारे से बरामद कर कब्जे में लिया। मृतक की पहचान बहादुर सिंह (74) पुत्र लक्ष्मण सिंह, निवासी ग्राम सुनघर मैलटा, बांस मैतोली (पिथौरागढ़) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक के स्वजनों को सूचना दे दी गई है। घाट पुल के पास होटल चलाने वाले एक युवक ने पुलिस को बताया कि बुजुर्ग सोमवार सुबह उनके होटल में खाना खाने आए थे। थोड़ी देर बाद वह घाट के पुराने पुल की ओर गए और नदी में छलांग लगा दी। चौकी प्रभारी ने बताया कि बुजुर्ग द्वारा नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या करने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को नदी से बरामद करने वाली पुलिस टीम में नरेश कुमार, ध्यान सिंह, सुरेंद्र कुमार, प्रकाश सिंह, पवन मौजूद रहे

पेड़ से लटका मिला महिला का शव

लोहाघाट : गुमदेश क्षेत्र में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थिति में पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहाघाट भेजा। पंचेश्वर कोतवाली प्रभारी हेमंत कठैत ने बताया कि पुल्ला क्षेत्र के जंगल में एक महिला का शव पेड़ पर लटके होने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि महिला की शिनाख्त बिल्दे गांव निवासी गीता देवी (43) पत्नी हरीश चंद्र के रूप में हुई है। सोमवार सुबह स्कूल जा रहे बच्चों ने पेड़ में महिला का शव लटका देखा। उन्होंने सरपंच मनोज और ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके में पहुंच गए। परिजनों ने पंचेश्वर कोतवाली में घटना की जानकारी दी। कोतवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

सार-संक्षेप

सत्यापन न कराने पर चार मकान मालिकों का चालान

बनबसा : पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर पुलिस श्रमिकों, घरेलू नोकरों व किराएदारों के सत्यापन के लिए चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण के नेतृत्व में नई बस्ती शारदा बैराज क्षेत्र में 416 लोगों का सत्यापन किया गया। साथ ही चार मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न करने पर पुलिस एक्ट में 10-10 हजार रुपये का कोर्ट चालान किया गया।

रानीखेत विकास संघर्ष समिति ने शुरू किया धरना- प्रदर्शन

रानीखेत : रानीखेत विकास संघर्ष समिति ने सोमवार से गांधी चौक स्थित गांधी पार्क में पुन: तम्बू गाड़ दिया है। निर्णय लिया गया है कि अब प्रतिदिन दोपहर एक घंटे समिति के सदस्य यहां बैठकर रानीखेत की समस्याओं पर चर्चा करेंगे और समाधान के माध्यम तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। समस्याओं के समाधान न होने तक प्रतिदिन धरना और प्रदर्शन किया जाएगा। गौरतलब है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन से पूर्व, छावनी नागरिक क्षेत्र को नगर पालिका में शामिल करने की मांग पर रानीखेत विकास संघर्ष समिति गांधी पार्क में एक साल तक सांकेतिक धरना दे चुकी है। अब पुन: समिति ने सोमवार से इसी स्थल पर क्रमिक बैठकें करने का निर्णय लिया है। हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिदिन दोपहर बारह बजे से एक बजे तक बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें नगर की समस्याओं पर चर्चा होगी। बैठक में कैलाश पांडे, गिरीश भगत, जीवन चंद्र पांडे, बसंत बिष्ट,एलडी पांडे,अनिल वर्मा,किरन लाल साह,पूरन चंद्र पांडे, भुवन साह, मुकेश साह, अशोक पाण्डे, विपिन चौधरी, हरीश अग्रवाल, दीपक गर्ग, हरीश मैनाली, चंद्रशेखर गुर्रानी रहे।

कुलपति ने शिक्षा, वाणिज्य और विधि संकाय का निरीक्षण किया

अल्मोड़ा : सोबन सिंह जीना विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने सोमवार को परिसर के शिक्षा, वाणिज्य एवं विधि संकाय औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों में शिक्षकों व कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज न होने पर संकायाध्यक्षों को कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने शिक्षा संकाय में निरीक्षण के दौरान एमएड के विद्यार्थियों को अनुशासित रहने, नियमित रूप से पुस्तकालय में अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संकायों में स्वच्छता बनाये रखने, विभाग के कार्यालयों को व्यवस्थित रखने, अकादमिक गतिविधियों का संचालन करने, विभाग के जीर्ण भवन के नवीनीकरण को लेकर प्रस्ताव भेजने आदि के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने शिक्षकों से टाइम टेबल के अनुसार कक्षाएं लेने, शैक्षणिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने और उपस्थिति पंजिका में नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज कराने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते कुलपति।

हाल क्या है दिलों का न पूछो सनम...

लोहाघाट : प्रसिद्ध पार्श्व गायक स्व. किशोर कुमार के जन्मदिन पर नगर पालिका सभागार में गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे नवनीत पांडेय ने- हाल क्या है दिलों का न पूछो सनम..., द्वितीय स्थान पर रही वैदही पाटनी ने-आपकी आंखों में कुछ..., तृतीय स्थान पर रहे कमल ओझा ने- मेरे नैना सावन भादो..., जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे मंयक नाथ ने-अकेला गया था मैं..., द्वितीय स्थान पर रही निवेदिता पांडेय ने चला जाता हूं किसी की धुन में...और तृतीय स्थान पर रहीं कृतिका चतुर्वेदी ने-पल-पल दिल के पास तुम रहती हो..., गीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इससे पूर्व हीरा भट्ट कौशल संगीत कला केन्द्र के अध्यक्ष अजय कलखुड़िया की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रहलाद मेहता और मुकेश साह रहे। निर्णायक निशांत पुनेठा, जगदीश राय और प्रदीप कुमार रहे। इस दौरान थानाध्यक्ष अशोक कुमार, एसओजी प्रभारी मनीष खत्री, एसएसआई चेतन रावत, एसआई कुंदन बोहरा, जीवन मेहता, प्रकाश राय, भैरव राय, भूपेन्द्र देव आदि रहे।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को मिली जमानत, आंदोलन खत्म

▸▸ पुलिस ने कार्यकर्ताओं पर लगाई संगीन धाराएं हटाईं

संवाददाता, बागेश्वर

अमृत विचार: अभाविप व एनएसयूआई कार्यकर्ताओं के बीच हुए विवाद के बाद गिरफ्तार छह एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर लगाई संगीन धाराएं पुलिस ने वापस ले ली हैं। धारा हटाने के बाद न्यायालय ने सभी छह छात्रों को जमानत दे दी। इसके बाद कांग्रेस का आंदोलन भी समाप्त हो गया है।

बता दें कि एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद उन पर पुलिस ने लूट, गुंडा एक्ट जैसी धाराएं लगाई थी जिस कारण उनकी जमानत नहीं हो पा रही थी। छात्रों से संगीन धाराएं हटाने की मांग को लेकर कांग्रेस ने एसपी कार्यालय में धरना शुरू कर दिया था। पांचवे दिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ने भी आंदोलन स्थल पर पहुंचकर अपना समर्थन दिया। इधर पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने आंदोलनकारियों को वार्ता के लिए बुलाया जिस पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण व पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी, पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र टंगणियां आदि ने एसपी से वार्ता की। एसपी ने उन्हें बताया कि जांच के बाद गिरफ्तार छात्रों पर लगाई संगीन धाराएं हटा दी गई हैं। जिसके बाद नेताओं ने कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी दी। जिस पर आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की गई। इस दौरान कवि जोशी, गीता रावल, गोकुल परिहार, गोपा धपोला, सुनील भंडारी, मुन्ना पांडे रहे।

आंदोलन समाप्त होने से पूर्व धरना स्थल पर मौजूद कांग्रेस नेता। ● अमृत विचार

मुआवजा न मिलने से आपदा पीड़ितों में रोष

बनबसा : नगर क्षेत्र में आपदा का मुआवजा न मिलने से लोगों में प्रशासन के खिलाफ रोष है। विगत माह 8 जुलाई को आई आपदा से लोगों का खासा नुकसान हुआ था।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रशासन ने टीम गठित कर नुकसान का आकलन किया। सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में प्रशासन द्वारा आपदा पीड़ितों को मुआवजे के चेक बांटे गए। लेकिन सैकड़ों आपदा पीड़ित मुआवजे से वंचित रह गए। वंचित आपदा पीड़ितों का कहना है कि सर्वे टीम द्वारा नुकसान का सही आकलन न करने से उन्हें मुआवजा नहीं मिल सका। व्यापार मंडल अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विमला सजवान, महामंत्री अभिषेक गोयल, उपाध्यक्ष आशीष गर्ग, कोषाध्यक्ष कमल गुप्ता, सभासद पंकज भट्ट, मोनू ठाकुर ने मुआवजे से वंचित आपदा पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है।

सार-संक्षेप

मरीज में एलाइजा टेस्ट की रिपोर्ट निगेटिव, राहत

अल्मोड़ा : कार्ड टेस्ट में डेंगू पॉजिटिव निकले युवक की एलाइजा जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। एलाइजा जांच रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि नहीं होने से स्वास्थ्य विभाग ने राहत की सांस ली। हल्द्वानी से लौटे एक युवक ने बीमार होने पर एक निजी लैब में डेंगू की जांच कराई। यहां कार्ड टेस्ट से युवक की डेंगू जांच की गई। जिसमें युवक डेंगू पाजिटिव निकला। जिसके बाद युवक उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचा। जहां जांच रिपोर्ट देखने के बाद डाक्टरों ने युवक को एहतियातन अस्पताल में भर्ती कर लिया। वहीं डेंगू की जांच रिपोर्ट पाजिटिव आने से स्वास्थ्य विभाग की भी परेशानी बढ़ गई थी। इधर, सोमवार को डेंगू संदिग्ध मरीज के एलाइजा टेस्ट के लिए सैंपल लिए गए। जिला अस्पताल में मरीज की एलाइजा से डेंगू जांच की गई। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट में डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है। एलाइजा टेस्ट जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद ही डेंगू की पुष्टि की जाती है। इधर, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. कमलेश ने बताया कि संदिग्ध मरीज का एलाइजा टेस्ट किया गया था, जिसमें रिपोर्ट निगेटिव निकली है।

निलंबन वापसी की मांग को गरजे मिनिस्ट्रीयल कर्मी

अल्मोड़ा : चारधाम मार्ग पर हुई सड़क दुर्घटना मामले में निलंबित कार्मिकों की बहाली नहीं होने से परिवहन विभाग के मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नाराज कर्मचारियों ने उत्तराखंड परिवहन मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदर्शन किया। सोमवार को भी कार्मिक दो घंटे कार्य बहिष्कार पर रहे। वक्ताओं ने कहा कि उच्चाधिकारियों के आश्वासन के बाद भी कर्मचारियों की बहाली नहीं की गई है। चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कर्मचारियों की बहाली नहीं की गई तो 6 अगस्त से पूर्ण कार्य बहिष्कार पर जाने को बाध्य होंगे। यहां शुभम जोशी, वसीम अहमद, ममता पंत, ज्योति, मनोज रावत, कुलदीप जलाल, अजय नौटियाल, राजकुमार शाहनी रहे।

अल्मोड़ा आरटीओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते कार्मिक।

पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

अल्मोड़ा : पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने हवालबाग ब्लॉक के ग्राम पंचायत रौन में सोमवार को ग्रामीणों के बीच चौपाल लगाई। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की तमाम समस्याओं को सुना और निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर ग्रामीणों ने बताया कि धामस स्थित एएनएम सेंटर की उनके ग्राम रौन से दूरी काफी है। जिस कारण कोई भी कर्मचारी ग्राम रौन में नहीं आता है। जिससे उपचार एवं दवाइयां के लिए ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा ग्रामीणों ने क्षेत्र में बिजली, पानी आदि समस्याओं को भी पूर्व दर्जा राज्य मंत्री के सामने रखा। जिस पर पूर्व दर्जा मंत्री ने सभी समस्याओं का जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। यहां देवेंद्र प्रसाद कर्नाटक, कमलेश कर्नाटक, हेम जोशी, भूपेंद्र भोज, मनोज कुमार, सुधीर कुमार, दिनेश लाल, नरेंद्र कुमार, प्रकाश लाल, राजेंद्र लाल, त्रिलोक राम, बचुली देवी, साबुली देवी, दीपा देवी आदि मौजूद रहे।

टनकपुर में चलाया जन जागरूकता अभियान

टनकपुर : सोमवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय वार्ड नं. 3 में नगर पालिका के प्रशासक आकाश जोशी एवं अधिशासी अधिकारी भूपेन्द्र प्रकाश जोशी के दिशा-निर्देश पर श्रृष्टि सामाजिक विकास संस्था देहरादून द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाध्यापक नीरज पंत एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी शामिल हुए। संस्था के अध्यक्ष आरके मिश्रा ने स्कूल के बच्चों को साफ-सफाई एवं सूखा व गीला कूड़ा की जानकारी दी। शहर को साफ-स्वच्छ शहर बनाने के लिए सभी बच्चों को अपने-अपने घर से ही इसकी शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को अपने घरों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई संबंधी पोस्टर या स्लोगन तैयार कर टांगने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका के ईओ भूपेन्द्र प्रकाश जोशी, वरिष्ठ लिपिक बसंत राज चन्द, प्रिया बिष्ट, शिक्षक सुभाष सामंत, प्रकाश कुमार यादव, नवेन्द्र सिंह दरियाल, निशा जहीर आदि रहे।

तैयारी मेले का मुख्य आकर्षण 19 अगस्त को होगा पाषाण युद्ध, डीएम ने दिए व्यवस्थाओं के निर्देश

16 से 26 अगस्त तक चलेगा बग्वाल मेला

▸▸ देवीधुरा में होने वाले बग्वाल मेले को लेकर डीएम ने ली बैठक

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: चम्पावत के देवीधुरा में 16 से 26 अगस्त तक कुल 11 दिनों तक चलने वाले आषाड़ी रक्षाबंधन बग्वाल मेले को भव्य रूप देने के लिए डीएम नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। मेले का मुख्य आकर्षण फल-फूलों से खेले जाने वाला बग्वाल (पाषाण युद्ध) 19 अगस्त को होगा।

प्रसिद्ध मां वाराही धाम में बग्वाल मेला-2024 के सफल संचालन के लिए बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा, पानी, बिजली व्यवस्था के साथ-साथ वाहन पार्किंग व सफाई आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बाजार क्षेत्र में पूर्व में लगाए सीसीटीवी कैमरों का कंट्रोल रूम पुलिस चौकी में स्थापित करने के निर्देश दिए। मेला अवधि में यातायात व्यवस्था के लिए विभिन्न स्थानों तथा मार्गों पर कुल 6 बैरियर लगाए जाएंगे। विभिन्न स्थानों पर अस्थाई पार्किंग बनाई जाएगी, जिससे यातायात व्यवस्था ठीक बनी रहे। डीएम ने कहा कि मुख्य मेला (पाषाण युद्ध) जो 19 अगस्त को होगा उस दिन अतिरिक्त चिकित्सकों व मेडिकल स्टाफ तथा मोबाइल वैन भी तैनात रहेगी। उन्होंने मेले के दौरान हल्द्वानी और लोहाघाट से अतिरिक्त रोडवेज बसों का संचालन किया जाने के लिए उत्तराखंड परिवहन निगम को निर्देश दिए। डीएम ने 21 अगस्त को बहुउद्देशीय शिविर लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में एसपी अजय गणपति ने बताया कि मेले के दौरान एक पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित होगा, प्रत्येक पुलिस कर्मी के पास वॉकी टॉकी सेट भी रहेगा। मेला क्षेत्र में दो फायर वाहन तैनात रहेंगे। बैठक का संचालन उप जिला अधिकारी रिंकु बिष्ट तथा मंदिर समिति के हयात सिंह ने किया। बैठक में विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख पाटी सुमनलता, अध्यक्ष मंदिर कमेटी मोहन सिंह, सीओ वंदना वर्मा, संरक्षक मंदिर कमेटी लक्ष्मण सिंह लमगड़िया, सदस्य जिला पंचायत सीमा विश्वकर्मा, वाराही मंदिर के पीठाचार्य कीर्ति बल्लभ जोशी, गहरवार खाम के त्रिलोक सिंह, वालिक खाम के बद्री सिंह, लमगड़िया खाम के वीरेंद्र लमगड़िया, चम्याल खाम के गंगा सिंह आदि मौजूद रहे।

मां वाराही धाम देवीधुरा में मेले को लेकर बैठक लेते डीएम नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	78,759 .40	24,055 .60
गिरावट	2,222 .55	662 .10
प्रतिशत में	2 .74	2 .68

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, मंगलवार, 6 अगस्त 2024

एक नजर

जापान का सूचकांक निक्की 12.4% लुढ़का

तोक्यो। जापान का सूचकांक निक्की-225 सोमवार को बिकवाली से 12% प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में नरमी से यह गिरावट आई। सूचकांक निक्की 4,451 .28 अंक गिरकर 31,458 .42 अंक पर आ गया। इसमें शुक्रवार को 5 .8% की गिरावट आई थी। पिछले दो कारोबारी सत्रों में 18 .2% की गिरावट के साथ यह अभी तक की सबसे अधिक दो दिवसीय गिरावट दर्ज कर चुका है। निक्की में अक्टूबर 1987 में 3,836 अंक या 14 .9% की गिरावट आई थी जिसे ब्लैक मंडे करार दिया गया था।

कोल इंडिया, गेल बंगाल में लगाएंगी गैसीकरण संयंत्र

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने पश्चिम बंगाल में कोयले से कृत्रिम प्राकृतिक गैस परियोजना स्थापित करने के लिए गेल इंडिया लिमिटेड के साथ संयुक्त उद्यम लगाने का समझौता किया है। सीआईएल ने सोमवार को शेयर बाजार को इस समझौते की सूचना दी। समझौते के तहत गठित होने वाले संयुक्त उद्यम में कोल इंडिया के पास 51 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी। बाकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी देश में गैस परिवहन एवं वितरण की सबसे बड़ी कंपनी गेल इंडिया के पास रहेगी।

हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5700 मसूरी- 5500 बासमती- 9400 परमल- 3500

दाल दलहन :काला चना- 7500 साबुत चना दाल- 8500 मूंग साबुत- 10600 राजमा- 12500 दाल उड़द- 10600 साबुत मसूर दाल- 7500 मसूर दाल- 8500 उड़द साबुत- 11600 काबुली चना- 13500-12700 अरहर दाल- 16500-17000 लोबिया/ करमानी- 9000 सोयाबीन- 4600 मूंगफली- 11500 मटर (सूखी)- 6500 मक्का- 2400

भारतीय अर्थव्यवस्था के 7-7.2% की दर से बढ़ने की संभावना

डेलॉयट इंडिया ने मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे और घरेलू नीति सुधारों पर जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

डेलॉयट इंडिया ने सोमवार को कहा कि मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे और घरेलू नीति सुधारों में निरंतरता से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था सात से 7.2% की दर से बढ़ने की उम्मीद है। डेलॉयट के अगस्त के भारत आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, केंद्रीय बजट 2024-25 में कृषि उत्पादकता में सुधार, युवाओं के लिए रोजगार सृजन, विनिर्माण तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए वित्त तक पहुंच की चुनौती का समाधान करने की दिशा में की गई कई पहलों से आपूर्ति पक्ष की मांग में सुधार, मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

डेलॉइट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वर्ष के पहले छह महीनों में अनिश्चितता के दौर के बाद भारत दूसरी छमाही में मजबूत वृद्धि दर्ज करेगा। रिपोर्ट में कहा गया, मजबूत आर्थिक बुनियाद वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी की वृद्धि दर 7 से 7.2% के बीच रहेगी। शहरी-ग्रामीण उपभोक्ता व्यय अंतर, मुद्रास्फीति तथा रोजगार संबंधी चिंताओं से प्रभावी ढंग से निटपने से ग्रामीण उपभोक्ताओं की सामर्थ्य में वृद्धि हो सकती है। डेलॉइट इंडिया का वृद्धि अनुमान आरबीआई के अनुमान के बराबर है। आरबीआई ने 2024-25 में 7.2% की वृद्धि का अनुमान लगाया है। यह वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में लगाए अनुमान से अधिक है, जिसमें जीडीपी विस्तार का अनुमान 6.5 से 7% के बीच लगाया गया है।

- मुद्रास्फीति पर अंकुश और ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा से मिलेगी मदद

भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर में मामूली गिरावट

नई दिल्ली। भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि जून की तुलना में जुलाई में थोड़ी धीमी रही। मासिक सर्वेक्षण में मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60 .3 रही जबकि जून में यह 60 .5 थी। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर का मतलब गतिविधियों में विस्तार और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है।

प्रमुख बंदरगाहों पर माल ढुलाई 5.92% बढ़कर हुई 700 लाख टन : आईपीए

मुंबई। देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों पर माल ढुलाई जुलाई में 5.92% बढ़कर 700.8 लाख टन हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 661.7 लाख टन थी। प्रमुख बंदरगाहों के शीर्ष निकाय भारतीय बंदरगाह संघ (आईपीए) के अनुसार, इनमें से 10 बंदरगाहों के माल ढुलाई परिचालन में वृद्धि हुई, जबकि दो में गिरावट आई।

ये 12 प्रमुख बंदरगाह दीनदयाल (कांडला), मुंबई, मार्मुगाओ, न्यू मेंगलोर, कोचीन, चेन्नई, एन्नौर (कामराजार), तूतीकोरिन (वीओ चिदंबरनार), विशाखापत्तनम, पारादीप तथा कोलकाता (हल्दिया सहित) और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह हैं। जुलाई में कोचीन में माल ढुलाई में सालाना आधार पर 24.77% की वृद्धि हुई। विशाखापत्तनम में 10.80% , जेएन में 9.07%, चेन्नई में 8.89%, दीनदयाल और वीओ चिदंबरनार बंदरगाह में क्रमशः 7.13 व 6.74% की वृद्धि हुई। पारादीप में 3.60%, कोलकाता में 2.26%, कामराजर में 0.69% और न्यू मैंगलोर में 0.18% की वृद्धि हुई। मुंबई बंदरगाह पर माल ढुलाई में सालाना आधार पर 1.23 प्रतिशत और मार्मुगाओ बंदरगाह पर एक प्रतिशत गिरावट आई।

- मुंबई और मार्मुगाओ बंदरगाह पर क्रमशः 1.23 व 1% की गिरावट

ई-वाणिज्य निर्यात को 350 अरब डॉलर बढ़ाना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कुछ सीमा शुल्क तथा बैंकिंग नियमों में सुधार और चीन के समान प्रोत्साहन जैसे उठाने होंगे कदम

भारत को ई-वाणिज्य से अपने निर्यात को 2030 तक बढ़ाकर 350 अरब डॉलर पहुंचाने के लिए कुछ सीमा शुल्क तथा बैंकिंग नियमों में सुधार, ऋण तक पहुंच और चीन के समान प्रोत्साहन जैसे कदम उठाने होंगे।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में दो प्रकार के ई-वाणिज्य निर्यात प्रत्यक्ष निर्यात और विदेशी गोदाम मॉडल को समर्थन देने के लिए अलग-अलग विनियमन तथा परिवेश बनाना, प्रमुख विदेशी शहरों में गोदाम खोलने के लिए कंपनियों को समर्थन देना, भौतिक पोत परिवहन के बराबर निर्यात प्रोत्साहन, विपणन समर्थन और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) के लिए क्षेत्रीय केंद्रों के निर्माण का सुझाव दिया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि चीन के ई-वाणिज्य निर्यात (2023 में 330 अरब अमेरिकी डॉलर) का 60% से अधिक हिस्सा तेजी से आपूर्ति के लिए विदेशी गोदामों का इस्तेमाल करता है। उनके पास विशेष नियम और सहायता प्रणालियां हैं जो उनके ई-वाणिज्य क्षेत्र को बढ़ने में मदद करती हैं। यदि ऐसे उपाय नहीं अपनाएंगे तो हमारा ई-वाणिज्य निर्यात 2030 तक 25 अरब डॉलर ही पहुंच पाएगा, जबकि 350 अरब डॉलर तक पहुंचने की क्षमता है।

इंडिगो 12 घरेलू मार्गों पर बिजनेस क्लास की सेवाएं करेगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

विमानन कंपनी इंडिगो नवंबर के मध्य में 12 घरेलू मार्गों पर उड़ानों में बिजनेस क्लास सीट की सेवा शुरू करेगी। इंडिगो उड़ान सेवा के 18 वर्ष पूरे होने पर दिल्ली में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में एयरलाइन के सीईओ पीटर एल्बर्स ने यह बात कही।

एल्बर्स ने कहा कि सीट के लिए बुकिंग मंगलवार से शुरू होगी। बिजनेस क्लास सीट की सेवाएं व्यस्ततम मार्गों के साथ व्यावसायिक मार्गों पर भी उपलब्ध होंगी, जिनमें दिल्ली से चुनिंदा उड़ानें भी हैं। सीईओ ने कहा कि नवंबर के मध्य से 12 घरेलू मार्गों पर बिजनेस क्लास सीट की सेवा उपलब्ध होंगी। वर्तमान में, टाटा समूह की एअर इंडिया, एअर इंडिया एक्सप्रेस और विस्तारा बिजनेस क्लास की सेवाएं देती हैं। एल्बर्स ने कहा कि एयरलाइन 2024-25 में सात और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेगी।

नई दिल्ली में 18वीं वर्षगांठ में इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स और सह-संस्थापक राहुल भाटिया।

आईईएक्स ने 13.25 करोड़ यूनिट का किया व्यापार, गत वर्ष से 56% अधिक

नई दिल्ली। इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) ने जुलाई 2024 में अब तक का सर्वाधिक 13,25 करोड़ यूनिट (एमयू) का कुल व्यापार किया। यह पिछले साल की समान अवधि से 56% अधिक है। आईईएक्स के अनुसार, कुल व्यापार मात्रा में अक्षय ऊर्जा प्रमाणपत्र और ऊर्जा-बचत प्रमाणपत्र शामिल हैं।

बिजली की मात्रा 1009.3 एमयू तक पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में 29% की वृद्धि को दर्शाता है। अक्षय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) में उछाल देखा गया, जिसकी मात्रा सालाना आधार पर 405% बढ़कर 315 एमयू तक पहुंच गई। समीक्षाधीन माह में हरित बिजली की मात्रा 259% बढ़कर एक अरब यूनिट हो गई। गौरतलब है कि 31 जुलाई 2024 को कारोबारी सत्र में 120 रुपये प्रति प्रमाण पत्र पर आरईसी बाजार ने अब तक का सबसे निचला मूल्य दर्ज किया।

म्यूचुअल फंड नियमों में सेबी ने किया संशोधन

- फ्रंट रनिंग, भेदिया कारोबार पर अंकुश लगाना चाहता है बोर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड मानदंडों में संशोधन किया है, जिसके तहत परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) को प्रतिभूतियों में फ्रंट-रनिंग और भेदिया कारोबार की पहचान करने तथा रोकने के लिए संस्थागत तंत्र स्थापित करना होगा। इसके अतिरिक्त एएमसी का प्रबंधन संस्थागत तंत्र की दक्षता सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा।

नियामक ने एएमसी को व्हिसल-ब्लोअर तंत्र बनाने का निर्देश दिया है। सेबी का यह निर्णय एक्सिस एएमसी और एलआईसी से जुड़े फ्रंट-रनिंग मामलों के संबंध में दो आदेश पारित करने के बाद आया है। सेबी ने एक अगस्त की गजट अधिसूचना में कहा कि परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां बोर्ड द्वारा निर्दिष्ट संस्थागत तंत्र स्थापित करेंगी, ताकि प्रतिभूतियों में फ्रंट-रनिंग और भेदिया कारोबार सहित संभावित बाजार दुरुपयोग की पहचान तथा रोकथाम की जा सके।

कारोबार के लिए समान समयसीमा का प्रस्ताव

नई दिल्ली। सेबी ने बोनस शेयर को खाते में जमा करने और कारोबार सुनिश्चित करने के लिए समान समयसीमा का प्रस्ताव रखा। सेबी ने कहा कि रिकॉर्ड तिथि के बाद ऐसे शेयरों के टी+2 यानी सौदे वाले दिन के अलावा दो दिन में कारोबार को सक्षम करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए ऐसा जरूरी है। इस समय आईसीडीआर (पूंजी जारी करना और खुलासा) नियम बोनस निर्गम के कार्यान्वयन के संबंध में समग्र समयसीमा तय करते हैं। निर्गम की रिकॉर्ड तिथि से बोनस शेयरों को खाते में जमा करने और इसके व्यापार के लिए कोई विशिष्ट समयसीमा नहीं है।

राष्ट्रीय

एक नजर

पटना में पंजाब नेशनल बैंक से 20 लाख की लूट

पटना। बिहार में पटना जिले के दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र में अपराधियों ने सोमवार को पंजाब नेशनल बैंक से करीब 20 लाख रुपये लूट लिये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बाइक पर सवार चार संख्या में अपराधियों ने कोरेया गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में धावा बोला। इसके बाद अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर बैंक के कर्मचारी और ग्राहकों को बंधक बना लिया और करीब 20 लाख रूपये लूटकर फरार हो गये। सूत्रों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं।

पटरियों पर पत्थर गिरने से हुई मालगाड़ी बेपटरी

अजमेर। राजस्थान में उत्तर पश्चिमी रेलवे के अजमेर मंडल के अधीन ब्यावर जिले में रायपुर के निकट रेलवे पटरियों पर पहाड़ से बड़े पत्थर गिरने से एक मालगाड़ी बेपटरी हो गई। गनीमत रही की हादसे में किसी तरह के जन-धन हानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्यावर के हरीपुर रेलवे स्टेशन से करीब 20 किमी दूर अमरापुरा-सेंदड़ा के बीच बारिश के दौरान मालगाड़ी पर पहाड़ से पत्थर टूटकर गिर गए। इससे मालगाड़ी का इंजन एवं एक डिब्बा पटरी से उतर गये।

सेना ने घुसपैठियों पर चलाई गोली, तलाश जारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के अखनूर और सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास रविवार आधी रात को संदिग्ध घुसपैठियों के दो समूहों की गतिविधि का पता लगने के बाद सेना के जवानों ने उन पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि दूसरी तरफ से गोलीबारी की कोई सूचना नहीं है, लेकिन सीमा पार से घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए अखनूर और सुंदरबनी सेक्टर में बड़े पैमाने पर तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है।

एसएफआईओ कर रहा सहारा मामले की जांच

लोकसभा में बोलीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, रिपोर्ट आने के बाद होगी आगे की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय (एसएफआईओ) सहारा समूह की कंपनियों से संबंधित मामले की जांच कर रहा है और इसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सदन में सीतारमण ने यह भी कहा कि सहारा समूह के पूरे मामलों की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा की जा रही है और सरकार उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि यह सच है कि केवल छोटे निवेशक ही रिफंड का दावा करने के लिए आगे आए हैं। एसएफआईओ पूरे मामले की जांच कर रहा है। यह भी देख रहा है कि सभी निवेशक रिफंड का दावा करने के लिए आगे क्यों नहीं आए और वे कहां हैं। मंत्री ने कहा कि एसएफआईओ के विस्तृत विश्लेषण के बाद पूरी तस्वीर साफ हो जायेगी और कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि सहारा समूह की कंपनियों में 3.7 करोड़ निवेशक हैं और अब तक 19,650 लोग रिफंड का दावा करने के लिए आगे आए हैं।

उनके मुताबिक, इन दावों में से 17,250 दावों का निपटारा कर दिया गया जबकि बाकी आवेदकों को और कागजात उपलब्ध कराने के लिए कहा गया ताकि उनके दावों का निपटारा किया जा सके।

- सुप्रीम कोर्ट कर रहा निगरानी, सरकार कोर्ट के निर्देशों पर कर रही काम

सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार चाहकर भी सहारा समूह की कंपनियों के मामले में कुछ नहीं कर सकती क्योंकि हर चीज की निगरानी उच्चतम न्यायालय द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम उच्चतम न्यायालय को लगातार रिपोर्ट कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि दिसंबर, 2023 में वित्त मंत्रालय द्वारा संसद को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, सहारा समूह की तीन कंपनियों के मामलों की जांच 31 अक्टूबर, 2018 को एसएफआईओ को सौंपी गई थी।

मुद्रा ऋण पर बैंकों का एनपीए घटकर 3.4% हुआ

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की मुद्रा ऋण श्रेणी से जुड़ी गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर 3 .4% रह गयी है। उन्होंने प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि यह 2020-21 में 4 .77%, 2019-20 में 4 .89% और 2018-19 में 3 .76% रहा। सीतारमण ने मुद्रा ऋण से जुड़े एनपीए के संबंध में सवालों को जवाब दिया। वित्त मंत्री ने सदन को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मुद्रा लोन पर एनपीए घटकर 3 .4 % हो गया है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंकों में मुद्रा ऋण एनपीए 2020-21 में 1.77% के उच्चतम स्तर और 2018-19 में 0 .67% से गिरकर 2023-24 में 0 .95%हो गया। मुद्रा ऋण की ब्याज दरों पर कहा कि वे विभिन्न बैंकिंग क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 9 .15से 12 .80% के बीच दर है, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों में यह 6 .96 से 28 % तक है।

संविधान के अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त करने की पांचवीं वर्षगांठ के मौके पर श्रीनगर के लाल चौक पर एकत्र लोग। ● एजेंसी

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं को सरकार करेगी पूरा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख के लोगों को विश्वास दिलाया कि केंद्र सरकार उनके लिए काम करती रहेगी और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करेगी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि संसद ने पांच साल पहले आज ही के दिन अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को निरस्त किया था जो ऐतिहासिक क्षण था।

उन्होंने कहा कि यह जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख में प्रगति और समृद्धि के नए युग की शुरुआत थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ उन महिलाओं, युवाओं, पिछड़ों, आदिवासियों और हाशिए के समुदायों को सुरक्षा, गरिमा और अवसर मिला जो विकास के लाभ से वंचित थे।

फैसला थोपने के बजाय सहमति से लेना चाहते थे

प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद-370 निरस्त करने के फैसले पर कहा कि मेरे मन में यह बात स्पष्ट थी कि इस फैसले के क्रियान्वयन के लिए जम्मू कश्मीर की जनता को विश्वास में लेना आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी ने 370 : अनडूइंग द अनजस्ट, ए न्यू फ्यूचर फॉर जम्मू कश्मीर नामक किताब की प्रस्तावना में ये टिप्पणियां की हैं।

लोकतंत्र मजबूत हुआः शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के पांच वर्ष पूरे होने पर सोमवार को कहा कि इससे जम्मू कश्मीर और लद्दाख में जमीनी स्तर पर लोकतंत्र मजबूत हुआ है। शाह ने सोशल मीडिया पर कहा कि युवाओं ने सामाजिक-आर्थिक विकास और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को प्रेरित किया है, जिससे विकास को बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों को सफलता मिली है।

जीडीपी का 2.5% स्वास्थ्य सेवाओं पर होगा खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार जीडीपी का 2.5% बजट स्वास्थ्य क्षेत्र में आवंटित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है और उसने दस साल में स्वास्थ्य बजट आवंटन में 164% की वृद्धि की है। नड्डा ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर लोकसभा में कहा कि सरकार ने पूरी ईमानदारी के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है।

स्वास्थ्य मंत्री के जवाब के बाद विपक्षी सांसदों के कटौती प्रस्तावों को अस्वीकृत करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान मांगों को पारित किया। नड्डा ने स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट आवंटन कम होने के विपक्ष के दावों पर कहा कि 2013-14 में स्वास्थ्य बजट 33,278 करोड़ का था जो आज 90,958 करोड़ रुपये है। बजट में दस वर्ष में 164% प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने 2017 में जीडीपी का 2.5% स्वास्थ्य पर खर्च करने का लक्ष्य तय किया था और इस दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। सरकार ने इस बजट में जीडीपी का 1.9% स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया है। नड्डा ने कहा कि पीएम जन-आयुष्मान योजना के तहत 12 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ लोग, पांच लाख रुपये सालाना स्वास्थ्य कवरेज का लाभ उठा रहे हैं। टीएमसी सदस्य कल्याण बनर्जी और कुछ अन्य सदस्यों के हंगामा करने पर नड्डा ने कहा कि मैं राजनीतिक दृष्टि से लाभ नहीं उठाना चाहता लेकिन पूछना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल सरकार डेंगू की रजिस्ट्री केंद्र सरकार से क्यों छिपाती है, क्यों केंद्र को नहीं भेजती।

- दस साल में स्वास्थ्य बजट आवंटन में 164% की हुई वृद्धि
- विपक्षी सांसदों के कटौती प्रस्तावों को किया गया अस्वीकृत

प. बंगाल से पिछड़ेपन के कारणों के आंकड़े सुप्रीम कोर्ट ने मांगे

ओबीसी सूची मामला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प. बंगाल सरकार से सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन तथा नौकरियों में पिछड़ी जातियों के अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर परिणाम के कारणों के आंकड़े देने के लिए कहा। प. बंगाल सरकार ने कई जातियों को आरक्षण देने के लिए उन्हें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में शामिल किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने उन निजी वादियों को भी नोटिस जारी किया, जिन्होंने 77 जातियों को ओबीसी की सूची में शामिल करने के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिन 77 जातियों को सूची में शामिल किया गया, उनमें ज्यादातर मुस्लिम हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि (राज्य सरकार द्वारा दायर निर्णय) स्थगन सहित नोटिस जारी करें।

न्यायालय ने पानी की गुणवत्ता की जांच करने का आदेश दिया

आश्रय गृह में मौतों का मामला

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि विक्षिप्त लोगों के लिए शहर की सरकार द्वारा संचालित आशा किरण आश्रय गृह में रह रहे 14 लोगों की हाल में हुई मौत एक अजब संयोग है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि सभी मृतक टीबी से पीड़ित थे। पीठ ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को आश्रय गृह में पानी की गुणवत्ता और सीवर पाइपलाइन की स्थिति की जांच करने तथा इस संबंध में रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। पीठ ने समाज कल्याण विभाग के सचिव को भी छह अगस्त को आश्रय गृह का दौरा करने और एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

प्रसारण विधेयक से डिजिटल मीडिया पर ताला लगाना चाहती है सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक के माध्यम से डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया और निजी हैसियत में लिखने-बोलने वालों की 'जुबान पर ताला लगाना चाहती' है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह प्रयास पूरी तरह अस्वीकार्य है।

प्रियंका गांधी ने महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रेस की आजादी से जुड़े कथनों का हवाला देते हुए एक्स पर पोस्ट किया, ये दो उदाहरण बताते हैं कि हमारे नागरिकों को अभिव्यक्ति और प्रेस की स्वतंत्रता यूं ही नहीं मिली है। इसके लिए वर्षों तक लाखों लोगों ने लड़ाई लड़ी है। प्रेस की आजादी शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत है तथा भारत के इतिहास में कोई सरकार स्वतंत्रता को कुचलने के बारे में सोच भी नहीं सकती थी।

- कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा- सरकार का यह प्रयास पूरी तरह अस्वीकार्य है

जान जोखिम में डाल लोगों को बचाने वाला ख़ुद लापता

वायनाड त्रासदी

वायनाड, एजेंसी

वायनाड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र मुंडक्कई में युवक प्रजीश ने अपनी जीप को दो बार खतरनाक पहाड़ी रास्ते से ऊपर तक पहुंचाया और कई असहाय लोगों को लेकर लौटा, लेकिन अब वह खुद लापता है। इससे पहले कि वह सुरक्षित स्थान पर पहुंच पाता, उसे तीसरे मिशन के लिए फोन आया। तीसरे मिशन पर निकला, सुपर हीरो के नाम से लोकप्रिय यह व्यक्ति अब खुद गायब है। चूरलमाला में उसकी क्षतिग्रस्त जीप देखी गई। अपनी जान जोखिम में डालकर, प्रजीश ने तीसरी बार जीप को पहाड़ी पर चढ़ाया, लेकिन वह बीच रास्ते में बाढ़ के पानी, कीचड़ और पहाड़ों से लुढ़कते पत्थरों के बीच फंस गया, जिससे बाद से वह लापता है।

एक मौत, तीन मजदूर लापता

मुंडक्कई और चूरलमाला के भूस्खलन में तीन प्रवासी मजदूर लापता हैं और एक की मौत हो गई है। सरकार ने कहा कि 406 श्रमिकों को राहत शिविरों में भेजा गया है। राज्य सरकार ने कहा कि ये मजदूर असम, मध्य प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से हैं।

राहत शिविरों में रह रहे 2,500 से अधिक लोग

वायनाड में 599 बच्चों और छह गर्भवती महिलाओं समेत 2,500 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में आश्रय ले रखा है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, मेप्पडी और अन्य ग्राम पंचायतों में भूस्खलन प्रभावित लोगों के लिए कुल 16 राहत शिविर बनाए गए हैं।

बचाव कर्मियों के लिए ड्रोन से भेजा जा रहा भोजन

त्रासदी में जीवित लोगों और शवों की तलाश जारी रहने के बीच प्राधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में भोजन पहुंचाने के लिए मानव रहित ड्रोन की मदद ले रहे हैं। जीवित लोगों की तलाश में लगे कर्मियों के लिए भी भोजन पहुंचाने के लिए आधुनिक ड्रोन का प्रयोग हो रहा है।

मरने वालों की संख्या हुई 222

भूस्खलन में मरने वालों की संख्या 222 तक पहुंच गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, मृतकों में 97 पुरुष, 88 महिलाएं और 37 बच्चे हैं। 222 मृतकों में से 172 की पहचान उनके रिश्तेदारों ने कर ली है। विभिन्न स्थानों से 180 मानव अंग मिल चुके हैं।

कांस्य के लक्ष्य को पूरा करने में चूके 'लक्ष्य'

पेरिस में पांचवीं बार चौथे स्थान पर रहकर पदक से दूर रहा भारत, मलेशिया के ली से हारे वंडरब्वॉय सेन

71 मिनट तक चला कांस्य पदक का मुकाबला

21-13 16-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा लक्ष्य को

कांस्य पदक मुकाबले में शॉट खेलते मलेशिया के ली जी जिया। ● एजेंसी


<< कांस्य पदक मुकाबले में मलेशिया के ली जी जिया के खिलाफ शॉट लगाते लक्ष्य सेन। ● एजेंसी

पेरिस, एजेंसी

लक्ष्य सेन पहला गेम जीतने और दूसरे में बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन की पुरुष एकल स्पर्धा के कांस्य पदक के प्ले ऑफ मुकाबले में सोमवार को यहां मलेशिया के ली जी जिया के खिलाफ तीन गेम में हारकर इस स्पर्धा में पदक जीतने वाला पहला भारतीय खिलाड़ी बनने से चूक गए।

सेमीफाइनल की तरह कांस्य पदक के प्ले ऑफ में भी दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने बढ़त गंवाई और उन्हें 71 मिनट चले कांस्य पदक मुकाबले में लक्ष्य को ली जी जिया से 21-13, 16-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। सातवीं वरीयता प्राप्त ली जी जिया पहला गेम हार गए लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए अगले दो गेम आसानी से अपने नाम कर लिए। इस हार के बावजूद लक्ष्य ने ओलंपिक खेलों में पुरुष एकल बैडमिंटन में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया।

इस हार के साथ लक्ष्य साइना नेहवाल (लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य) और पीवी सिंधू (रियो ओलंपिक 2016 में रजत और तोक्यो 2020 में कांस्य) के बाद ओलंपिक पदक जीतने वाला तीसरा भारतीय खिलाड़ी बनने से भी चूक गए। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य की ली के खिलाफ छह मैचों में यह दूसरी हार है। ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य को रविवार को अंतिम चार के मुकाबले में रियो ओलंपिक के कांस्य और तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा था।

महेश्वरी-नरूका स्कीट मिश्रित टीम में एक अंक से कांस्य पदक से चूके

शेटराउ, एजेंसी

भारतीय निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंत जीत सिंह नरूका पेरिस ओलंपिक स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक के मुकाबले में सोमवार को यहां चीन की यितिंग जियांग और लियू जियानलिन की जोड़ी से एक अंक से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय जोड़ी को 48 निशाने के फाइनल मैच में 44-43 से शिकस्त मिली। महेश्वरी अपने 24 निशाने में से तीन में चूक गईं जबकि नरूका दो निशाने चूक गए। चीन की यितिंग चार निशाने चूक गईं लेकिन उनके पुरुष खिलाड़ी जियानलिन ने अपने सभी निशाने सटिक लगाकर इसकी भरपाई कर दी। इससे पहले क्वालीफिकेशन में भारतीय जोड़ी ने 146 स्कोर कर कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था। भारतीय जोड़ी क्वालीफिकेशन के पहले चरण के बाद 49 अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर थी। पहले दौर में नरूका ने 25 में से 25 और महेश्वरी ने 24 अंक बनाए। दूसरे दौर में महेश्वरी ने 25 अंक बनाए लेकिन नरूका दूसरी और पांचवीं सीरिज में चूककर 23 अंक ही बना सके। तीसरे दौर में महेश्वरी ने 25 और नरूका ने 24 अंक बनाए।

स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में निशानेबाज महेश्वरी चौहान। ● एजेंसी

खेल डायरी

बैडमिंटन पुरुष एकल में स्वर्ण जीतने के बाद जश्न मनाते डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ● एजेंसी >>

डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने बैडमिंटन पुरुष एकल का स्वर्ण जीता

पेरिस। डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने सोमवार को यहां थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न को सीधे गेम में हारकर पुरुष एकल ओलंपिक खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए स्वर्ण पदक जीता। एक्सेलसन ने फाइनल में वितिदसार्न को सिर्फ 52 मिनट में 21-11, 21-11 से हराकर लगातार दूसरा स्वर्ण और ओलंपिक में लगातार तीसरा पदक जीता। एक्सेलसन बैडमिंटन में लगातार दो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले यूरोप के पहले खिलाड़ी हैं।

द. कोरिया की एन से यंग ने जीता महिला एकल का स्वर्ण

पेरिस। दक्षिण कोरिया शीर्ष रैंक की शटलर एन से यंग ने पेरिस ओलंपिक में महिला एकल बैडमिंटन के फाइनल मुकाबले में चीन की हे बिंगजियाओ को 21-13, 21-16 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। ला चैपल एरिना में सोमवार को 52 मिनट तक चले मुकाबले में 22 वर्षीय दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी ने चीन की बिंगजियाओ को हराकर मुकाबला अपने नाम किया। हे बिंजियाओ को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग ने कांस्य पदक जीता।

नौकायन के बुनियादी ढांचे को मिले मजबूती : बलराज

पेरिस। पेरिस ओलंपिक में पुरूषों की एकल स्कल स्पर्धा में 23वें स्थान पर रहे भारतीय नौकायन खिलाड़ी बलराज पंवार ने देश में नौकायन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और जूनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धायें बढ़ाने की मांग की है ताकि भविष्य में भारत का प्रदर्शन बेहतर हो सके। पेरिस ओलंपिक में एकमात्र भारतीय नौकायन खिलाड़ी पंवार रेपेचेज के जरिये क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे और फिर ग्रुप सी और डी में सेमीफाइनल खेलकर 23वें स्थान पर रहे। पंवार ने इंडिया हाउस में पीटीआई से कहा हमें नौकायन में बुनियादी ढांचा मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा हमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तीन चार क्लबों की जरूरत है और जूनियर स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धायें चाहिए। उन्होंने कहा मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा। भविष्य में यह अनुभव मेरे काम आएगा।

फ्रांस के पोंट अलेक्जेंड्रे तृतीय में ट्रायथलॉन प्रतियोगिताओं के मिश्रित रिले में सीन नदी में गोता लगाकर शुरुआत करते एथलीट। ● एजेंसी

सीन में तैरने के बाद बीमार पड़ी खिलाड़ी, बेल्जियम हटा

पेरिस। बेल्जियम की एक खिलाड़ी सीन नदी में तैरने के बाद बीमार पड़ गई जिस कारण उसकी टीम पेरिस ओलंपिक खेलों की मिश्रित रिले ट्रायथलॉन से हट गई। बेल्जियम ओलंपिक समिति ने बयान में कहा कि बुधवार को महिला ट्रायथलॉन में भाग लेने वाली उसकी खिलाड़ी क्लेयर मिशेल दुर्भाग्य से बीमार पड़ गई है जिसके कारण उनकी टीम को मिश्रित रिले ट्रायथलॉन से हटना होगा। पेरिस ओलंपिक खेलों के आयोजकों ने मिशेल की बीमारी को लेकर तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया लेकिन कहा कि यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी। बेल्जियम की ओलंपिक समिति ने भी उनकी बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। सीन के पानी की गुणवत्ता पर शुरू से ही चिंता व्यक्त है। इस कारण पहले ट्रायथलॉन के अभ्यास सत्र रद्द करने पड़े थे।

दिनेश कार्तिक एसए 20 लीग के लिए दूत नियुक्त



जोहानिसबर्ग। भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक को सोमवार को एसए20 लीग का लीग दूत (एम्बेसडर) नियुक्त किया गया। कार्तिक दक्षिण अफ्रीका में खेले जाने वाले इस फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट से जुड़ने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस साल की शुरुआत में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था। एसए20 की ओर से जारी मीडिया विज्ञप्ति में कार्तिक के हवाले से कहा इस लीग के शुरुआती दो सत्र कमाल के रहे हैं जिसमे दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ रोमांचक युवा प्रतिभाओं ने वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन किये है। कार्तिक लीग के वैश्विक प्रशंसक आधार को मजबूत करने और भारत तथा इंग्लैंड के प्रमुख रणनीतिक बाजारों में ब्रांड जागरूकता को मजबूत करने में मदद करने के लिए साथी खिलाड़ी और एसटी20 के अन्य दूत एबी डिविलियर्स और प्रबंधन टीम के साथ मिलकर काम करेंगे।

गोल्डन ब्वॉय नीरज को पेरिस ओलंपिक में चमकने का इंतजार

पेरिस, एजेंसी

● अपने दूसरे ओलंपिक में नीरज आज शुरू करेंगे स्वर्ण का सफर

भारतीय एथलेटिक्स के लिए कई कीर्तिमान रच चुके नीरज चोपड़ा अपने दूसरे ओलंपिक में एक बार फिर अपने भाले से इतिहास रचना चाहेंगे चूंकि 140 करोड़ भारतीयों को उनसे एक बार फिर पीले तमगे की उम्मीद है। उनकी अप्रतिम निरंतरता की एक बार फिर परीक्षा होगी क्योंकि पूरे सत्र में वह जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में (एडक्टर) परेशानी से जूझते आए हैं। नीरज मंगलवार को क्वालीफिकेशन दौर में उतरेंगे और फाइनल 8 अगस्त को खेला जाएगा।

चोपड़ा अगर स्वर्ण जीतते हैं तो ओलंपिक के इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवें खिलाड़ी हो जाएंगे। इसके साथ ही ओलंपिक व्यक्तिगत वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय भी बनेंगे। ओलंपिक की पुरूष भालाफेंक स्पर्धा में अभी तक एरिक लेमिंग (स्वीडन 1908 और 1912), जोन्नी माइरा (फिनलैंड 1920 और 1924), चोपड़ा के आदर्श जान जेलेंजी (चेक गणराज्य 1992 और 1996) और आंद्रियास टी (नॉर्वे 2004 और 2008) की ओलंपिक में खिताब बरकरार रख सके हैं।

दोहा डायमंड लीग में मई में चोपड़ा ने 88.36 मीटर का थ्रो फेंका। वहीं एडक्टर में असहजता के कारण 28 मई को ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक में एहतियात के तौर पर भाग नहीं लिया। उन्होंने जून में फिनलैंड में पावो नुरमी खेलों में 85.97 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण के साथ वापसी की। इसके बाद सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया। तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश, जर्मनी के जूलियन वेबर और पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स उन्हें फिर चुनौती देंगे। भारत के किशोर जेना भी दौड़ में हैं जिन्होंने पिछले साल एशियाई खेलों में 87.54 मीटर का थ्रो फेंककर क्वालीफाई किया था लेकिन उसके बाद से 80 मीटर तक भी नहीं पहुंच पाए हैं।

किरण पहल ने महिलाओं की 400 मीटर रेपेचेज में जगह बनाई

पेरिस। भारतीय धाविका किरण पहल ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा के पहले दौर में हीट 5 में शानदान प्रदर्शन करते हुए रेपेचेज में जगह बना ली है। आज यहां स्टेड डी फ्रांस में किरण ने 52 .51 सेकेंड का समय के साथ अपनी हीट में सातवें और कुल मिलाकर 39वें स्थान पर रहीं। हालांकि किरण पहल आज सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाईं, लेकिन कल रेपेचेज राउंड में उनके पास एक और मौका होगा। महिलाओं का 400 मीटर रेपेचेज राउंड मंगलवार को होगा।

पदक तालिका

देश				कुल
चीन	21	17	14	52
अमेरिका	19	29	27	75
ऑस्ट्रेलिया	13	11	8	32
फ्रांस	12	15	18	45
द. कोरिया	11	8	7	26
ग्रेट ब्रिटेन	10	13	17	40
जापान	10	5	11	26
इटली	9	10	6	25
नीदरलैंड	6	5	4	15
जर्मनी	6	5	3	14
भारत	0	0	3	3

तेलंगाना के अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल पेरिस रवाना

हैदराबाद। तेलंगाना के खेल अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को ओलंपिक 2024 खेलों का दौरा करने के लिए पेरिस रवाना हुआ। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के निर्देशों के बाद प्रतिनिधिमंडल में तेलंगाना खेल प्राधिकरण के अध्यक्ष के शिवसेन रेड्डी, सरकारी सलाहकार (खेल) जितेन्द्र रेड्डी, सदस्य महेश कुमार गौड़, वीसी और एमडी ए सोनी बालादेवी-आईएफएस, एन प्रकाश रेड्डी-आईपीएस, पूर्व केंद्रीय मंत्री एस वेणुगोपाल चारी और एम रविंदर रेड्डी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य खेल स्टेडियमों, भविष्य में ओलंपिक के आयोजन की संभावनाओं का पता लगाना है।

चोटिल निशा क्वार्टर फाइनल में हारीं

पेरिस, एजेंसी

68 किग्रा स्पर्धा के अंतिम 16 के मैच में यूक्रेन की तेतियाना को हराकर पहुंची थी क्वार्टर फाइनल में, मैच के पहले ही पीरिएड में दाहिना हाथ गंभीर रूप से हो गया था चोटिल

महिलाओं की फ्रीस्टाइल 68 किग्रा कुश्ती क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान उत्तर कोरिया की सोल गम पाक से प्रतिस्पर्धा करती हुई भारत की निशा। ● एजेंसी

भारतीय पहलवान निशा दहिया दायें हाथ में चोट के कारण शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और महिला 68 किग्रा कुश्ती मुकाबले के क्वार्टर फाइनल में सोमवार को उत्तर कोरिया की पाक सोल गम से हार गईं। सोल गम ने निशा को 10-8 से शिकस्त दी।

एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पहलवान निशा ने उत्तर कोरिया की पहलवान के खिलाफ शुरुआती कुछ सेकेंड में ही 4-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने इसके बाद तीन मिनट के शुरुआती पीरियड में रक्षात्मक रवैया अपनाकर उत्तर कोरिया की पहलवान को कोई मौका नहीं दिया। सोल गम ने दूसरे पीरियड में आक्रामक शुरुआत कर एक अंक हासिल किया लेकिन निशा ने उन्हें रिंग से बाहर निकल कर अपनी बढ़त 6-1 कर ली। उन्होंने दो और अंक के साथ अपनी बढ़त मजबूत की लेकिन इस दौरान उनका दाहिना हाथ गंभीर रूप से चोटिल हो गया। अभी मुकाबले में एक मिनट बचा था और निशा दर्द से कराहने लगी थी। उन्होंने इलाज के बाद खेल शुरू किया लेकिन उत्तर कोरिया की पहलवान को रोकने में सफल नहीं रही। वह नम आंखों के साथ मैट से नीचे उतरी। इससे पहले 25 साल की इस पहलवान ने अंतिम 16 के मैच में यूक्रेन की तेतियाना सोवा के खिलाफ विजयी शुरुआत की थी। निशा ने यूक्रेन की पहलवान को 6-4 से हराया। निशा शुरुआत में तेतियाना से पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने 4-4 से बराबरी करने के बाद आखिरी कुछ सेकेंड में तेतियान को मैट से बाहर निकाल कर दो अंक हासिल कर जीत दर्ज की।

सेमीफाइनल मुकाबला आज रोहिदास पर लगा प्रतिबंध

पेरिस, एजेंसी

भारतीय हॉकी टीम के प्रमुख डिफेंडर अमित रोहिदास जर्मनी के खिलाफ मंगलवार को होने वाले सेमीफाइनल मैच में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि उन पर लगाए गए एक मैच के निलंबन के खिलाफ दायर की गई हॉकी इंडिया की अपील को विश्व संस्था एफआईएच ने खारिज कर दिया।

रोहिदास को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ रविवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान रेड कार्ड मिला था जिसके कारण एफआईएच ने उन्हें एक मैच के लिए निलंबित कर दिया था। इसका मतलब है कि इस महत्वपूर्ण मैच के लिए भारत के केवल 15 खिलाड़ी ही उपलब्ध रहेंगे जो आठ बार के ओलंपिक चैंपियन के लिए करारा झटका है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने आधिकारिक बयान ने कहा भारत और ग्रेट ब्रिटेन के बीच चार अगस्त को खेले गए मैच के दौरान अमित रोहिदास को एफआईएच आचार संहिता के उल्लंघन के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया था। बयान के अनुसार,निलंबन का असर मैच नंबर 35 (जर्मनी के खिलाफ भारत का सेमीफाइनल मैच) पर पड़ेगा, जिसमें अमित रोहिदास भाग नहीं लेंगे और भारत केवल 15 खिलाड़ियों की टीम के साथ खेलेगा। हॉकी इंडिया ने रोहिदास के निलंबन के खिलाफ अपील दर्ज की थी लेकिन एफआईएच की जूरी बेंच ने उसे नामंजूर कर दिया।

● हॉकी इंडिया की अपील खारिज डिफेंडर अमित को जर्मनी के मुकाबले में मिला था रेड कार्ड

रोमानिया को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम

पेरिस, एजेंसी

स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा की अगुआई में भारत ने सोमवार को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला टेबल टेनिस टीम स्पर्धा में अपने से ऊंची रैंकिंग वाले रोमानिया को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत 2-0 से आगे चल रहा था लेकिन रोमानिया ने वापसी करते हुए 2-2 से बराबरी हासिल कर ली लेकिन निर्णायक मैच में मनिका ने जीत दर्ज करने टीम को जीत दिला दी।

श्रीजा अकुला और अर्चना कामथ ने युगल मैच में एडिना डायकोनू और एलिजाबेटा समारा पर 11-9, 12-10, 11-7 से जीत दर्ज करके मुकाबले की शुरुआत की। मनिका ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली बर्नाडेट जोक्स को 11-5, 11-7, 11-7 से हराया जिससे भारत ने अपने चौथे वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 2-0 की बढ़त हासिल की। प्रतियोगिता में भारत को 11वीं वरीयता दी गई है। दूसरे एकल में पहला गेम जीतने के बाद श्रीजा यूरोपीय चैंपियन समारा से 2-3 (11-8 4-11 11-7 6-11 8-11) से हार गईं। श्रीजा की हार के बाद अर्चना और बर्नाडेट के बीच मुकाबला हुआ। बर्नाडेट ने पहला गेम 11-5 से जीत लिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने दूसरा गेम 11-8 से जीतकर बराबरी हासिल कर ली। बर्नाडेट ने अगले दो गेम 11-7, 11-9 से जीतकर मैच अपने नाम कर लिया और मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मनिका ने एडिना को 3-0 (11-5, 11-9, 11-9) से हराकर भारत को अंतिम आठ में जगह दिलाई। क्वार्टर फाइनल में भारत का मुकाबला अमेरिका या जर्मनी से होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

बेलारूस की सुरक्षा एजेंसियों के 28 प्रतिनिधि प्रतिबंध सूची में

ब्रुसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) ने बेलारूस के सुरक्षा एजेंसियों के 28 प्रतिनिधियों को अपनी प्रतिबंध सूची में शामिल किया है। ईयू की परिषद ने सोमवार को यह जानकारी दी। ईयू ने एक बयान में कहा कि परिषद ने बेलारूस में जारी आंतरिक दमन और मानवाधिकार उल्लंघन के मामले में अतिरिक्त 28 व्यक्तियों पर प्रतिबंधात्मक उपाय लागू करने का निर्णय लिया है।

नोबेल विजेता वैज्ञानिक सुंग-दाओ ली का निधन

ताइपे (ताइवान)। प्रख्यात चीनी-अमेरिकी भौतिक विज्ञानी सुंग-दाओ ली का निधन हो गया है। वह 97 वर्ष के थे। चीन के एक विश्वविद्यालय और अनुसंधान केंद्र ने यह जानकारी दी। ली ने रविवार को सैन फ्रांसिस्को स्थित अपने घर पर अंतिम सांस ली। ली वर्ष 1957 में नोबेल पुरस्कार पाने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के वैज्ञानिक थे।

चीनी एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ को 18 महीने की जेल

बीजिंग। चीन की एक अदालत ने सोमवार को एक स्व- प्रशिक्षित चीनी एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ को 18 महीने कारावास की सजा सुनाई। चिकित्सक द्वारा किये गए उपचार के कारण एक मरीज की मृत्यु हो गई थी। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। चीन के जियांग्सू प्रांत के यंग्जहौ के बाओयिंग काउंटी के एक गांव की रहने वाली चिकित्सक वांग ने वीडियो देखकर एक्यूपंक्चर सीखा और अपने गांव में लोगों का इलाज करना शुरू कर दिया।

उष्णकटिबंधीय तूफान डेब्बी ने प्रचंड रूप धारण किया

टैंपा (अमेरिका)। फ्लोरिडा के समीप पहुंचते ही उष्णकटिबंधीय तूफान डेब्बी ने श्रेणी-1 के तूफान में बदलते हुए प्रचंड रूप धारण कर लिया है। मियामी में राष्ट्रीय तूफान केंद्र के मौसम विज्ञानियों ने रविवार शाम को कहा कि 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। तूफान टैंपा से लगभग 100 मील पश्चिम दक्षिण-पश्चिम में स्थित था और यह 19 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर की ओर बढ़ रहा है।

बांग्लादेश: भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में तोड़फोड़, 4 मंदिरों को क्षति पहुंचाई

प्रधानमंत्री हसीना के इस्तीफे के बाद स्थिति को लेकर हिंदू समुदाय चिंतित

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी में सोमवार को उपद्रवी भीड़ ने एक भारतीय सांस्कृतिक केंद्र में तोड़फोड़ की और देशभर में चार हिंदू मंदिरों को मामूली क्षति पहुंचाई। प्रत्यक्षदर्शियों और समुदाय के नेताओं ने यह जानकारी दी। हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद की नेता काजोल देबनाथ ने कहा कि उन्हें खबर मिली है कि देशभर में कम से कम चार हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने बताया, ये मामूली क्षति है। हालांकि, प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से इस्तीफा देने के बाद उत्पन्न तनावपूर्ण स्थिति को लेकर हिंदू समुदाय के कुछ नेता चिंतित हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बांग्लादेश की राजधानी के धानमंडी इलाके में स्थित इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र (आईजीसीसी) और बंगबंधु स्मारक संग्रहालय को एक उपद्रवी भीड़ ने सोमवार को क्षतिग्रस्त कर दिया। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, सोमवार अपराह्न प्रदर्शनकारियों ने ढाका में कई प्रमुख स्थानों पर आगजनी की, जिसमें धानमंडी 32 स्थित बंगबंधु भवन भी शामिल है, जिसे बंगबंधु स्मारक संग्रहालय के रूप में भी जाना जाता है। यह संग्रहालय हसीना के पिता शेख मुजीबुर रहमान को समर्पित है, जिनकी 1975 में राष्ट्रपति रहने के दौरान हत्या कर दी गई थी। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से इस्तीफा देकर बांग्लादेश छोड़ना पड़ा है।

इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र का मार्च 2010 में औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया था। यह सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक संगोष्ठियों, कार्यशालाओं का आयोजन करने तथा योग, हिंदी भाषा, भारतीय शास्त्रीय संगीत और कथक तथा मणिपुरी जैसे भारतीय नृत्यों के लिए भारतीय गुरुओं, पेशेवरों और प्रशिक्षकों को नियुक्त कर भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देता है।

ढाका में प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की खबर मिलने के बाद जश्न मनाते प्रदर्शनकारी। • एजेंसी

विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर इंटरनेट सेवा बंद

ढाका। बांग्लादेश में सरकार के खिलाफ जारी आंदोलन के मद्देनजर तीन सप्ताह में दूसरी बार इंटरनेट सेवा अस्थायी तौर पर बंद कर दी गयी है। सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच सोमवार को करीब 99 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गये। बीबीसी रिपोर्ट के अनुसार, ढाका और अन्य शहरों में विरोध प्रदर्शन तब शुरू हुआ जब छात्र नेताओं ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग करते हुए सविनय अवज्ञा अभियान शुरू किया। ढाका के प्रवेश द्वार बंद कर दिए गये हैं। शहर भर में पुलिस के साथ-साथ सेना को तैनात किया गया है।

एयर इंडिया ने ढाका के लिए उड़ानें रद्द कीं

नई दिल्ली। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफा देने के बाद एयर इंडिया ने सोमवार को तत्काल प्रभाव से ढाका के लिए अपनी निर्धारित उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने सोमवार को बयान में कहा, हमने तत्काल प्रभाव से ढाका के लिए अपनी निर्धारित उड़ानों का परिचालन रद्द कर दिया है। बयान में कहा गया है, हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और ढाका से आने-जाने के लिए पक्की बुकिंग वाले अपने यात्रियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं।

सभी रेल सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

नई दिल्ली/कोलकाता। भारत और बांग्लादेश के बीच सभी रेल सेवाएं अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई हैं। रेल मंत्रालय के अनुसार, मैत्री एक्सप्रेस, बंधन एक्सप्रेस और मिताली एक्सप्रेस ने इस साल जुलाई के मध्य में आखिरी फेरे लगाए थे और बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के कारण तब से उन्हें रद्द कर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि मैत्री एक्सप्रेस और बंधन एक्सप्रेस दोनों को शुरू में 19 जुलाई, 2024 से छह अगस्त, 2024 तक के लिए रद्द किया गया था। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि बांग्लादेश में मौजूदा स्थिति के कारण रद्दीकरण को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मिताली एक्सप्रेस की सेवा भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई है।

भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार होगा प्रभावित

नई दिल्ली। घरेलू निर्यातकों ने सोमवार को बांग्लादेश में संकट पर चिंता जताते हुए कहा कि पड़ोसी देश के घटनाक्रमों का द्विपक्षीय व्यापार पर असर पड़ेगा। निर्यातकों के अनुसार, बांग्लादेश में विदेशी मुद्रा की कमी के कारण उन्हें पहले ही वहां निर्यात में रुकावटों का सामना करना पड़ रहा है। भारत की सीमा पर बांग्लादेश को निर्यात के लिए पहुंचे जल्दी खराब होने वाले सामानों को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, बांग्लादेश संकट से कुछ व्यवधानों का सामना करना पड़ रहा है।

फिर बेघर हुईं शेख हसीना

ढाका। बांग्लादेश में लगातार चौथी बार और कुल मिलाकर पांचवीं बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुईं शेख हसीना को उनके समर्थक हमेशा एक आयरन लेडी के रूप में सराहते रहे हैं। लेकिन, देश में आरक्षण को लेकर हो रहे हिंसक प्रदर्शनों के कारण अब उनके 15 साल के शासन का नाटकीय ढंग से अंत हो गया है।

- 1971 में पाकिस्तान से स्वतंत्रता मिलने के बाद हसीना के पिता मुजीबुर रहमान देश के राष्ट्रपति और फिर प्रधानमंत्री बने।
- अगस्त 1975 में मुजीबुर रहमान, उनकी पत्नी और तीन बेटों की सैन्य अधिकारियों द्वारा उनके घर में ही हत्या कर दी गयी।
- भारत में छह साल निर्वासन में बिताने के बाद में उन्हें उनके पिता द्वारा स्थापित पार्टी अवामी लीग का नेता चुना गया।
- हसीना 1981 में स्वदेश लौट आईं और सेना द्वारा शासित देश में लोकतंत्र की मुखर आवाज

बनीं, जिसके कारण उन्हें कई बार नजरबंद रखा गया।
- 1991 के आम चुनाव में हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग बहुमत हासिल करने में विफल रही।
- 1996 के आम चुनाव में हसीना प्रधानमंत्री चुनी गईं।
- हसीना को 2001 के चुनाव में सत्ता से बाहर कर दिया गया था, लेकिन 2008 के चुनाव में वह भारी जीत के साथ सत्ता में लौट आईं।
- 2004 में हसीना की हत्या की कोशिश की गई थी, उनकी रैली में एक ग्रेनेड विस्फोट हुआ था।
- 2009 से सामरिक रूप से महत्वपूर्ण इस दक्षिण एशियाई देश की बागडोर संभाल रही थीं।
- जनवरी में हुए 12वें आम चुनाव में लगातार चौथी बार प्रधानमंत्री चुना गया
- 15 सालों में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक का नेतृत्व किया और राष्ट्र के जीवन स्तर में सुधार किया।

तस्लीमा ने हसीना को ही स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया

कोलकाता। बांग्लादेश की प्रसिद्ध लेखिका तस्लीमा नसरीन ने वहां की स्थिति के लिए अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को ही ज़िम्मेदार ठहराया है और कहा कि वह कट्टरपंथियों पर शिकंजा कसने और अपने सहयोगियों को भ्रष्टाचार से रोकने में विफल हो गयी थीं।

चर्चित लज्जा उपन्यास की लेखिका नसरीन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बांग्लादेश में लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था बनी रहनी चाहिए और उसे पाकिस्तान नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा, हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़ना पड़ा, वहां की स्थिति के लिए वह ही जिम्मेदार थी, उन्होंने इस्लामवादियों को बढ़ने के लिये प्रेरित किया। नसरीन ने अपने लोगों को भ्रष्टाचार में शामिल होने की अनुमति दी। अब बांग्लादेश को पाकिस्तान जैसा नहीं बनना चाहिए। सेना को शासन नहीं करना चाहिए। राजनीतिक दलों को लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता लानी चाहिए।

हवाई हमले में हिजबुल्ला के दो लड़ाके मारे गए

बेरूत, एजेंसी

- इजराइल ने लेबनान के दक्षिणपूर्वी गांव हौला को निशाना बनाया

लेबनान के दक्षिणपूर्वी गांव हौला को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हवाई हमले में रविवार दोपहर लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्ला के दो सदस्य मारे गए। लेबनानी सैन्य और चिकित्सा सूत्रों ने यह जानकारी दी। गुमनाम रूप से बात करने वाले सूत्रों ने कहा कि एक इजराइली युद्धक विमान ने हवा से जमीन पर मार करने वाली दो मिसाइलों से हौला में एक घर को निशाना बनाया और उसे नष्ट कर दिया। जिससे घर में मोहम्मद फरहत और अली अमरो की मौत हो गई।

सूत्रों ने कहा कि नागरिक सुरक्षा टीमों ने मलबा हटाने का काम किया। जबकि एक एम्बुलेंस ने दोनों शवों को दक्षिणी लेबनान के नबातीह शहर के एक अस्पताल में पहुंचाया। उन्होंने कहा कि इजराइली ड्रोन और युद्धक विमानों ने रविवार शाम को दक्षिणी लेबनान के चार गांवों और कस्बों पर छह हमले किए और इजरायली तोपखाने ने दक्षिणी लेबनान के आठ सीमावर्ती कस्बों और गांवों पर 30 गोले दागे।

इजराइल पर हमला करने की आशंका : ब्लिंकन

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने ईरान और लेबनानी आंदोलन हिजबुल्ला के सोमवार को इजराइल पर हमला करने की आशंका है। ब्लिंकन ने जी7 विदेश मंत्रियों को यह जानकारी दी है। एक्सियोस पोर्टल की रिपोर्ट के मुताबिक ब्लिंकन ने कहा कि ईरान और हिजबुल्ला जवाबी कार्रवाई करेंगे।

ब्रिटेन का अपने नागरिकों से लेबनान छोड़ने का आह्वान

लंदन। ब्रिटेन ने अपने नागरिकों से लेबनान को तुरंत छोड़ने का आह्वान किया और बेरूत में दूतावास के कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों को वापस बुलाने की घोषणा की है। विदेश विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ब्रिटेन के जो लोग इस समय लेबनान में हैं, वे यथाशीघ्र वहां से निकल जायें।

फिजी के दौरे पर पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू

सुवा (फिजी), एजेंसी

- राष्ट्रपति विलियम मैवालिली कटोनिवेरे के साथ द्विपक्षीय संबंधों को लेकर करेंगी बैठक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में सोमवार को फिजी पहुंचीं। वह फिजी के राष्ट्रपति विलियम मैवालिली कटोनिवेरे और प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका के साथ बैठक करेंगी। मुर्मू फिजी के राष्ट्रपति कटोनिवेरे के निमंत्रण पर 5-7 अगस्त तक यहां रूकेंगी। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इस द्वीपसमूह राष्ट्र की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मू का हवाई अड्डे पर फिजी के उप प्रधानमंत्री विलियम गावोका, फिजी में भारतीय उच्चायुक्त पी एस कार्तिकेयन और फिजी के अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया।

फिजी सरकार के आधिकारिक फेसबुक पेज पर एक पोस्ट में कहा गया, भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू फिजी की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के लिए नाडी पहुंची हैं। उनकी अगवानी उप प्रधानमंत्री विलियम गावोका और भारत में नियुक्त फिजी के उच्चायुक्त जगन्नाथ सामी ने किया। मुर्मू अपनी यात्रा के दौरान, फिजी की संसद को संबोधित करेंगी और इसके सदस्यों से बातचीत करेंगी, जिनमें से कई भारतीय मूल के हैं। नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय के अनुसार, फिजी की अपनी यात्रा के बाद, मुर्मू न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की यात्रा करेंगी।

मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति की छह दिवसीय तीन देशों की यात्रा का उद्देश्य भारत की एक्ट ईस्ट नीति को आगे बढ़ाना है। विदेश मंत्रालय ने फिजी रवाना होने से पहले एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत की एक्ट ईस्ट नीति को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू फिजी, न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते की तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुईं। पहले चरण में राष्ट्रपति फिजी की राजकीय यात्रा करेंगी। यह यात्रा दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और प्रगाढ़ करेगी।

फिजी पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

उ. कोरियाई सैन्य इकाइयों को मिसाइल लांचर प्राप्त

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग सीमावर्ती सैन्य इकाइयों को नई सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलों के 250 लांचर सौंपने के लिए आयोजित समारोह में शामिल हुए। रविवार को आयोजित समारोह से पहले उत्तर कोरियाई नेता ने लांचरों का निरीक्षण किया। सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने कहा, राष्ट्रीय रक्षा क्षमताओं के अनिश्चित विकास के उद्देश्य से इस समारोह का आयोजन किया गया। इसके अलावा, प्रमुख युद्ध सामग्री औद्योगिक प्रतिष्ठानों में निर्मित 250 नए प्रकार के सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल लांचरों को डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया की सीमांत सैन्य इकाइयों को हस्तांतरित किया गया।

ब्रिटेन: होटल की इमारत में लगाई आग

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में अवैध प्रवासियों के प्रवेश के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक अन्य होटल की इमारत में आग लगाने की कोशिश की है। इससे पहले रविवार को प्रदर्शनकारियों ने इंग्लैंड के शहर रॉदरहैम में हॉलिडे इन एक्सप्रेस की इमारत पर हमला किया, जहां प्रवासियों को ठहराया जाता है।

डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक दंगाइयों ने दरवाजे पर आग लगा दी, खिड़कियां तोड़ दीं और पुलिस पर सामान फेंका। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को मैनचेस्टर, लीड्स, बेलफास्ट और अन्य शहरों सहित ब्रिटेन के कई शहरों में सैकड़ों लोगों के विरोध प्रदर्शन शुरू होने की सूचना दी। इंग्लैंड के साउथपोर्ट में चाकू से हमला करने के बाद ब्रिटेन के कई शहरों में अवैध प्रवासियों के घुसने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गये, जिसमें तीन बच्चे मारे गये। साउथपोर्ट में 29 जुलाई को बच्चों के डांस क्लब में चाकू से किए गए हमले में तीन युवतियों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गईं।

इस घटना के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए और पुलिस के साथ झड़पें हुईं, जबकि अपुष्ट रिपोर्टों के अनुसार चाकू मारने वाला व्यक्ति शरणार्थी था। ब्रिटेन की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अति-दक्षिणपंथी इंग्लिश डिफेंस लीग (ईडीएल) पर विरोध प्रदर्शनों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है, जबकि देश के कुछ मीडिया ने रिपोर्ट किया कि दंगों के पीछे रूस का हाथ था। लंदन में रूसी दूतावास ने इन आरोपों को दृढ़ता से खारिज किया है।

प्रधानमंत्री ने धुर दक्षिणपंथियों की गुंडागर्दी करार दिया

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने सोमवार को 10 डाउनिंग स्ट्रीट में वरिष्ठ मंत्रियों और पुलिस प्रमुखों की एक आपात बैठक बुलाई है। यह बैठक देश के कई शहरों में सप्ताहांत में हुई हिंसा के मद्देनजर बुलाई गई है। इस हिंसा को प्रधानमंत्री ने धुर दक्षिणपंथियों की गुंडागर्दी करार दिया और कहा कि उनके खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। स्टॉर्मर ने रविवार के बयान में कहा, मैं धुर दक्षिणपंथियों की गुंडागर्दी की कड़ी निंदा करता हूं। कोई इस मुगालते में न रहे कि उन पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। हिंसा में भाग लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इमरान खान को जेल में घटिया खाना दिया जा रहा है : पीटीआई

लाहौर। इमरान खान की पार्टी ने सोमवार को दावा किया कि पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के आदेश पर पूर्व प्रधानमंत्री को जेल में घटिया खाना दिया जा रहा है और उनकी तत्काल मेडिकल जांच की मांग की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने भी सोमवार को काला दिवस मनाया क्योंकि इमरान खान को राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो द्वारा दर्ज 19 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी का एक साल पूरा हो गया है। खान की पार्टी के वरिष्ठ नेता मूनिस इलाही ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, इमरान खान ने कहा था कि उन्हें जेल में घटिया खाना दिया जा रहा है जिससे वह अस्वस्थ महसूस कर रहे हैं।

बॉलीवुड हलचल

50 वर्ष की हुईं काजोल

मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री काजोल आज 50 वर्ष की हो गयी। 05 अगस्त 1974 को मुंबई में जन्मीं काजोल को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता सोमु मुखर्जी निर्माता जबकि मां तनुजा जानी मानी फिल्म अभिनेत्री थी। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण काजोल अक्सर अपनी मां के साथ शूटिंग देखने जाया करती थी। इस वजह से उनका भी रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगी। काजोल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा संत जोसेफ कान्वेंट पंचगनी से की। इसके बाद उन्होंने बतौर अभिनेत्री अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1992 में प्रदर्शित फिल्म बेखुदी से की। युवा प्रेम कथा पर बनी इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका कमल सदाना ने निभायी लेकिन कमजोर पटकथा और निर्देशन के कारण फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुयी। वर्ष 1993 में काजोल को अब्बास-मुस्तान की फिल्म बाजीगर में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका शाहरूख खान ने निभायी थी। वर्ष 1994 काजोल के सिने कैरियर में अहम वर्ष साबित हुआ।

एक्टर्स हमेशा से ही प्रभावशाली होते हैं : सोनम कपूर

मुंबई। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री और फैशन आईकॉन सोनम कपूर का कहना है कि एक्टर्स हमेशा से ही प्रभावशाली होते हैं। सोनम कपूर, जो एक वैश्विक फैशन आइकन, उद्यमी, बॉलीवुड स्टार और निर्विवाद पॉप कल्चर प्रेरणा हैं, भारत की सांस्कृतिक शक्ति को आकार देने और फैशन की अंतिम आवाज़ बनकर लाखों लोगों को प्रभावित करने में कई भूमिकाएं निभाती हैं। सोनम कपूर निर्विवाद रूप से भारत से फैशन की सबसे प्रभावशाली सेलिब्रिटी हैं, जिन्हें दुनिया के कुछ सबसे बड़े प्रीमियम लक्ज़री ब्रांडों द्वारा चुना गया है। सोनम को फैशन में प्रभावशाली कहे जाने में कोई आपत्ति नहीं है और वास्तव में, इसे एक बड़ा प्रशंसा मानती हैं। सोनम कपूर ने कहा, अभिनेताओं का हमेशा से एक प्रभावशाली व्यक्ति होने का भी काम रहा है, यही कारण है कि वे ब्रांड एंबेसडर और ट्रेंडसेटर होते हैं। वे लोगों के चुनावों को प्रभावित करते हैं, जिसमें क्या पहनना है भी शामिल है। एक कलाकार के रूप में, हम विभिन्न तरीकों से लोगों को प्रभावित कर सकते हैं।

राम पोथिनेनी और संजय दत्त की फिल्म डबल स्मार्ट का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार राम पोथिनेनी और बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल स्मार्ट का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। फिल्म डबल स्मार्ट सुपरहिट फिल्म स्मार्ट शंकर का सीक्वल है। ट्रेलर में राम पोथिनेनी और संजय दत्त का दमदार एक्शन अवतार देखने को मिल रहा है। डबल स्मार्ट का ट्रेलर वहीं से शुरू होता है जहां स्मार्ट शंकर ने राम के चरित्र को हमेशा के लिए उसके मस्तिष्क में एक चिप के साथ छोड़ दिया था जो यादों को स्थानांतरित करने की अनुमति देता है।

खगोल विज्ञान | 13 से 15 वर्ष के बीच होती है यह रोमांचक खगोलीय घटना

अगले वर्ष तक गायब हो जाएंगे शनि ग्रह के छल्ले

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : शनि ग्रह की सुंदरता पर चार चांद लगाने वाले छल्ले अगले वर्ष गायब हो जाएंगे। इस खगोलीय घटना की सच्चाई शनि की कोणीय अवस्था होगी, जिस कारण छल्ले एक पतली सी लाइन में नजर आएंगे। 13 से 15 वर्षों के अंतराल में यह रोमांचक खगोलीय घटना होती है।

ज्योतिष विद्या के मुताबिक शनि भले ही अलग-अलग रूप में प्रभाव छोड़ता हो, लेकिन आधुनिक खगोल विज्ञान का नजरिया दूसरी कहानी बयान करता है। हर ग्रह की अपनी विशेष सुंदरता है। शुक्र ग्रह को निहारना मन में उमंग जगाता है, तो अपनी चमक की अलग छाप छोड़ने वाला बृहस्पति आसमान में तारों के बीच अलग कयामत के साथ नजर आता है। वहीं लालिमा लिए लाल रंग में रंगा लाल ग्रह मंगल की छटा दूर गगन में मनमोहक नजर आती है। इन सबमें जुदा शनि पर निगाह डालें तो यह इस सामान्य तारे की भांति टिमटिमाता नजर आता है। मगर इसके अंदर झांकने से इसकी अविरल सुंदरता कल्पना से परे नजर आती है। चांदी की चमक लिए यह बेहद खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इसके लिए दूरबीन की जरूरत पड़ती है। शनि की सुंदरता का लुत्फ उठाने के लिए कोई एक निश्चित समय नही है। इसकी वजह अपनी चाल के साथ कोण बदलते रहना है। कोण बदलने का समय 15 वर्षों के बीच रहता है। इस अंतराल मे एक समय ऐसा भी आता है, जब शनि के सभी छल्ले नजर आने लगते हैं और फिर एक समय ऐसा आता है, जब सभी छल्ले एक सीध में सीधी लाइन में अंकित हो जाते हैं। एक लाइन में आने का समय अब करीब आने लगा है। अब शनि की कोणीय अवस्था सिकुड़ने लगी है। जिसके चलते छल्ले एक एक कर गायब होने लगेंगे और मार्च 2025 में एक सीध में होंगे, जो पृथ्वी से हमे मात्र एक रेखा में नजर आएंगे। छल्लों का एक-एक कर लुप्त होते देखना अलग रोमांच है।

छल्लों के साथ आकार

नैनीताल : बृहस्पति के बाद शनि हमारे सौर मंडल का दूसरा सबसे बड़ा ग्रह है। शनि की लंबाई 120,500 किमी है। शनि को चारों ओर से घेरे विशाल छल्ले यानी वलय प्रणाली की लंबाई 175,282,000 किमी है। छल्ले बनाने वाली अधिकांश सामग्री धूल से लेकर एक कमरे के आकार तक होती है। जिनकी मोटाई औसतन 30 फीट तक होती है।



शनि के कोण बदलती आकृति।